


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 धोनी और प्रिटोरियस ने मैच छीन लिया : रोहित शर्मा

इमरान खान ने सत्ता से बेदखल करने वालों को भूल सुधारन... 12

वर्ष : 12 | अंक : 342 | नई दिल्ली, शनिवार, 23 अप्रैल, 2022 | वैशाख कृष्ण, सप्तमी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 40.0°C
न्यूनतम तापमान 26.0°C

प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पंजाब और आसपास के क्षेत्र पर बना हुआ है।

**पोल**

**रक्षा उत्पादन एवं ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौते से क्या भारत को फायदा होगा?**

| | |
|---|---|
| हां | 95% |
| नहीं | 03% |
| कह नहीं सकते | 02% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 54,030 |
| चांदी | 67,100 |
| सेंसेक्स | 57,197 |
| निफ्टी | 17,171 |

भारत और ब्रिटेन ने अपनी समग्र रणनीतिक साझीदारी को विस्तार देते हुए रक्षा, ऊर्जा, नवान्वेषण में सहयोग बढ़ाएंगे

# एफटीए को मुकाम पर पहुंचाएंगे भारत-ब्रिटेन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



भारत और ब्रिटेन ने अपनी समग्र रणनीतिक साझीदारी को विस्तार देते हुए रक्षा उत्पादन एवं ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को इस साल के अंत तक मुकाम तक पहुंचाने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने आज यहां हैदराबाद हाउस में करीब दो घंटे तक चली प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले किये। दोनों देशों के बीच परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र और नवान्वेषण के क्षेत्र में दो समझौतों पर भी हस्ताक्षर किये गये।

बाद में दोनों प्रधानमंत्रियों ने प्रेस वक्तव्य में एक दूसरे के साथ अनौपचारिक घनिष्ठ मित्रता का इजहार भी किया। श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में मेहमान प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में जॉनसन भले ही यह उनकी पहली भारत यात्रा है, लेकिन एक पुराने मित्र के रूप में, वे भारत को बहुत अच्छे से जानते हैं, समझते हैं। पिछले कई वर्षों से भारत और ब्रिटेन के संबंधों को मजबूत करने में उनकी बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री की यात्रा की शुरूआत अहमदाबाद में साबरमती आश्रम से होने की सराहना करते हुए कहा कि भारत के आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का यहाँ आना, अपने आप में एक ऐतिहासिक पल है। उन्होंने कहा कि पिछले साल हमने दोनों देशों के बीच समग्र रणनीतिक साझीदारी की स्थापना की थी और इस दशक में अपने संबंधों को दिशा देने के लिए हमने एक महत्वाकांक्षी रोडमैप 2030 भी लॉन्च किया था। आज की हमारी बातचीत में हमने इस रोडमैप में हुई प्रगति की समीक्षा भी किया, और आगामी समय के लिए कुछ लक्ष्य भी तय किए। प्रधानमंत्री ने

● बोरिस जॉनसन बोले- दुनिया की फार्मेसी है भारत, मेरी बांह पर भी लगा यहीं का टीका; पीएम मोदी को बताया 'खास दोस्त'

कहा कि मुक्त व्यापार समझौते के विषय पर दोनों देशों की टीमें काम कर रही हैं। बातचीत में अच्छी प्रगति हो रही है और हमने इस साल के अंत तक एफटीए के समापन की दिशा में पूरा प्रयास करने का निर्णय लिया है। पिछले कुछ महीनों में भारत ने संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए का समापन किया है। उसी गति एवं प्रतिबद्धता के साथ, हम ब्रिटेन के साथ भी एफटीए पर आगे बढ़ना चाहेंगे। मोदी ने कहा कि हमने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की है। रक्षा क्षेत्र में विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, डिजाइन एवं विकास, सभी क्षेत्रों में ब्रिटेन द्वारा आत्मनिर्भर भारत के समर्थन का हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में चल रहे व्यापक सुधार, हमारे अवसंरचना आधुनिकीकरण कार्यक्रम और राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन के बारे में भी हमने चर्चा की। हम ब्रिटिश कंपनियों का भारत में बढ़ते निवेश का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में रहने वाले 16 लाख भारतीय मूल के लोग समाज और अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में सकारात्मक योगदान कर रहे हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। और इस जीवंत सेतु को हम और मजबूत करना चाहते हैं। इस दिशा में प्रधानमंत्री जॉनसन ने निजी रूप से बहुत योगदान किया है जिसके लिए उनका अभिनंदन है। मोदी ने कहा कि हमने ग्लासगो में आयोजित पक्षकारों के सम्मेलन (सीओपी)-26 में लिए गए संकल्पों को पूर्ण करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। आज हमने अपनी जलवायु और ऊर्जा साझीदारी को और अधिक गहन करने का निर्णय लिया। हम ब्रिटेन को भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। और हमारे बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी संवाद की स्थापना का हृदय से स्वागत है।

### समुद्री तूफानों में प्रकाश स्तंभ है भारत-ब्रिटेन की साझेदारी... बोरिस जॉनसन ने समझाया महत्व

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया निरंकुश देशों से बढ़ते खतरों का सामना कर रही है, जो लोकतंत्र को कमतर, मुक्त व्यापार को खत्म करने और सम्प्रभुत्ता को कुचलना चाहते हैं तथा ऐसे में भारत के साथ ब्रिटेन की साझेदारी समुद्री तूफानों में प्रकाश स्तंभ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता से पहले जॉनसन ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच जलवायु परिवर्तन से लेकर ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा तक के मुद्दों पर भागीदारी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश भविष्य की ओर देख रहे हैं।

## राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की रिहाई का रास्ता साफ

रांची, एजेंसी



● झारखंड हाईकोर्ट ने दी जमानत

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद को बड़ी राहत मिली है। बीमारियों और सजा एक साथ झेल रहे लालू प्रसाद को ये राहत झारखंड उच्च न्यायालय से मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने डोरंडा कोषागार मामले में सजा काट रहे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद को जमानत दे दी है। झारखंड उच्च न्यायालय ने लालू को दस लाख रुपयों के निजी मुचलके पर जमानत दी है।

अदालत ने सीबीआई की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि लालू प्रसाद ने डोरंडा कोषागार से अवैध निकासी से जुड़े मामले में आधी सजा पूरी पूरी नहीं की है। अदालत ने आधी सजा पूरा होने और विभिन्न बीमारियों और उम्र को ध्यान में रखते हुए लालू प्रसाद को जमानत दी है। लालू प्रसाद को डोरंडा कोषगार से अवैध निकासी से जुड़े मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिली। इससे पहले चार अन्य मामलों में लालू प्रसाद को जमानत मिल चुकी है। फिलहाल न्यायिक हिरासत में उनका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा है। सजा सुनाए जाने के बाद लालू की रिम्स में तबीयत बिगड़ गई थी जिसके बाद उन्हें दिल्ली ले जाया गया था। तब से न्यायिक हिरासत में उनका वहीं इलाज चल रहा है। इसके अलावा पटना में भी चारा घोटाले का एक मुकदमा विचाराधीन है जिसमें लालू आरोपी हैं। इससे पहले अदालत में शपथ पत्र दायर कर सीबीआई की ओर से कहा गया था कि डोरंडा कोषागार से अवैध निकासी से जुड़े मामले में लालू प्रसाद की आधी सजा अब तक पूरी नहीं हुई हैं, वैसी स्थिति में उन्हें जमानत दिया जाना उचित नहीं होगा। लालू प्रसाद की जमानत याचिका को सुनवाई के लिए हाई कोर्ट के जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अदालत में सूचीबद्ध की गई थी।

## मोदी के दौरे से पहले जम्मू में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

जम्मू, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के दौरे से पहले जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गयी है। इस बीच, उनके आगमन से दो दिन पहले शुक्रवार को जम्मू के सुंजुवान इलाके में सुबह छह घंटे तक चली मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये और सीआईएसएफ का एक जवान शहीद हो गया। मुठभेड़ में छह सुरक्षाकर्मी घायल भी हुए हैं। मोदी पंचायती राज दिवस के मौके पर पल्ली गांव में पंचायत सदस्यों को संबोधित करेंगे।

## संक्षिप्त खबर

### केजरीवाल सरकार ने स्कूलों के लिए जारी की एसओपी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में लगातार कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में राजधानी दिल्ली के स्कूलों में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। यानी केजरीवाल सरकार ने एसओपी जारी की है और इसके तहत ही स्कूलों का संचालन किया जाएगा। एसओपी के अनुसार सभी स्कूलों में क्वारंटाइन रूम उपलब्ध होना चाहिए। इसके साथ ही शिक्षक प्रतिदिन छात्रों और उनके परिवार के सदस्यों में कोविड से संबंधित लक्षणों के बारे में पूछेंगे। कोरोना से संबंधित कोई भी मामला मिलता है तो उसकी रोकथाम के लिए आगे का कदम उठाया जाएगा। दिल्ली में कोरोना के बढ़ते ही मास्क को अनिवार्य कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो में भी मास्क पहनना हुआ अनिवार्य, कितना लगेगा जुर्माना ?

### जहांगीरपुरी केस में ईडी की एंट्री, मुख्य आरोपी अंसार के खिलाफ शुरू की जांच

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी हिंसा के मुख्य आरोपी मोहम्मद अंसार शेख की मुश्किलें आने वाले दिनों में और बढ़ने वाली हैं। अब दिल्ली पुलिस की चिट्ठी के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने भी अंसार की जांच शुरू कर दी है। ईडी यह देख रही है कि कहीं अंसार को हिंसा भड़काने के लिए विदेश से फंडिंग तो नहीं हुई थी। ईडी को दिल्ली पुलिस की तरफ से यह जांच शुरू करने के लिए चिट्ठी मिली थी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने कहा था कि अंसार के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत जांच हो।

### उमर खालिद के अमरावती भाषण को दिल्ली की अदालत ने बताया भड़काऊ

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली दंगों से संबंधित षड्यंत्र मामले के आरोपी उमर खालिद की एक याचिका की शुक्रवार को सुनवाई करते हुए नागरिकता संशोधन कानून (सीएए)विरोधी आंदोलन के दौरान दिये गए उसके भाषण को अप्रिय और उकसाने वाला बताया। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भटनागर की खंडपीठ ने उमर खालिद के 17 मार्च 2020 के भाषण के एक विशेष वाक्य को संज्ञान में लेते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस तरह का भाषण देना दुनिया के किसी भी कोने में स्वीकार्य नहीं होगा। दिल्ली पुलिस ने उमर खालिद(34) को सितंबर 2020 में गिरफ्तार कर उन पर उसे गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) की धाराएं लगाई थीं। पुलिस ने आरोप लगाया कि दिल्ली दंगे एक पूर्व नियोजित, गहरी साजिश का हिस्सा थे जो उमर खालिद और अन्य लोगों द्वारा रची गई थी। उमर खालिद ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसमें उसे जमानत नहीं दी गई थी। निचली अदालत ने पिछले महीने यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया था कि उसके खिलाफ यूएपीए प्रथम दृष्टया सही था।

## सुप्रीम कोर्ट दिल्ली पुलिस के जवाब से असंतुष्ट, नया हलफनामा दायर करने का आदेश

नई दिल्ली, प्रात :किरण संवाददाता



उच्चतम न्यायालय ने कथित धर्म संसद मामले में दिल्ली पुलिस के जवाब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शुक्रवार को नया हलफनामा दायर करने का आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति ए. एस. ओका की खंडपीठ ने सवाल किया कि हलफनामा दाखिल करने वाले संबंधित अधिकारी ने इस मामले में संबंधित अन्य पहलुओं पर विचार किया या फिर बिना सोचे विचारे जांच रिपोर्ट फिर से पेश कर दी। शीर्ष अदालत द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या आप इस (अपने जवाब पर पर) फिर से विचार करना चाहते हैं? दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने जवाब दिया, हमें फिर से देखना होगा और एक नया हलफनामा दाखिल करना होगा। इस पर न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को सोच विचार कर एक 'बेहतर नया हलफनामा' 4 मई तक दायर करने का आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई के लिए नौ मई को करेगी। यह अदालत हालांकि, हिमाचल प्रदेश में इसी प्रकार के कथित धर्म संसद में कथित नफरती भाषणों के खिलाफ दायर याचिका पर 26 अप्रैल को सुनवाई करेगी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने हिमाचल सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा था।

## अब 'नॉलेज बेस्ड पुलिसिंग' का जमाना : शाह

भोपाल, एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस में आधुनिकीकरण की अहमियत पर बल देते हुए दो टूक कहा कि अब अंग्रेजों के जमाने की डंडे वाली पुलिस का जमाना नहीं रहा, अपराध की नई चुनौतियों को देखते हुए अब 'नॉलेज बेस्ड पुलिस' ही जरूरी है। शाह नेयहां 48वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया। इस दो दिवसीय आयोजन के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा और निशीथ प्रामाणिक भी श्री शाह के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने भी शिरकत की। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि भीषण महामारी के दौरान देश भर ने पुलिस का मानवीय चेहरा देखा। इसके पहले पुलिस के कार्य कभी प्रशंसा के पात्र नहीं बने, लेकिन कोरोना काल के बाद पुलिस हर तरफ प्रशंसा का पात्र बनी। श्री शाह ने इस दौरान कोरोना काल में शहीद हुए दो हजार 712 पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने कहा कि ये सभी वे पुलिसकर्मी थे, जो कभी किसी किसी मरीज को खाना पहुंचाते समय, अस्पताल पहुंचाते समय या कभी किसी का अंतिम संस्कार करते हुए कोरोना की चपेट में आ गए।

शाह ने अपने करीब पौन घंटे के संबोधन में लगातार पुलिस के आधुनिक तकनीक से जुड़ने और इसे पुलिस के प्रशिक्षण का हिस्सा बनाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस आधुनिक बन कर ही अपराधियों से दो कदम आगे रह सकती है। मादक पदार्थों, नकली मुद्रा, हवाला और साइबर दुनिया से जुड़े अपराध बिना आधुनिक तकनीक के नहीं सुलझाए जा सकते। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि अब अंग्रेजों के जमाने की डंडे वाली पुलिस का समय चला गया, अब नॉलेज बेस्ड पुलिस की ही आवश्यकता है। पुलिसकर्मियों का आह्वान करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि बीट की पेट्रोलिंग जैसे कदम लोगों के बीच संतोष पैदा करते हैं। पुलिस तंत्र को डॉग स्क्वॉड और खबरी प्रणाली जैसी चीजों को भी पुनर्जीवित करना होगा। पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को सफलता के टिप्स देते हुए श्री शाह ने कहा कि सफलता के लिए 'प्रोसेस' और 'परफेक्शन' अहम हैं, पर अंततः सफलता 'पैशन' से ही आएगी।

## देश में कोरोना के दो हजार से ज्यादा नये मामले आए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

देश में कोरोना वायरस के नए मामलों में एक बार फिर भारी वृद्धि होने लगी है और पिछले 24 घंटों के दौरान में कोरोना के 2,451 नये मामले सामने आए। देश में बुधवार को 18 लाख तीन हजार 558 कोविड टीके लगाये गये। देश में अब तक कोरोना वैक्सीन की 1,87,26,26,515 डोज दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान देश में संक्रमण के 2,451 नये मामले सामने आए। इसके साथ कुल संक्रमितों की तादाद चार करोड़ 30 लाख 52 हजार 425 हो गयी है।

## बदलती परिस्थितियों में अभेद्य प्रौद्योगिकी विकसित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं : राजनाथ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि बदलती विश्व व्यवस्था और परिस्थितियों में देश को निरंतर मजबूत बनाने के लिए अभेद्य प्रौद्योगिकी विकसित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सिंह ने रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार- रक्षा नवाचार संगठन (आईडेक्स-डीआईओ) के डिफकनेक्ट 2.0 कार्यक्रम का शुक्रवार को यहां उद्घाटन करते हुए कहा, यह आयोजन हमारे देश की बढ़ती प्रौद्योगिकी शक्ति की राह में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आज समय और विश्व व्यवस्था जिस तरह बदल रही है हमारे पास इसके सिवाय कोई और विकल्प नहीं है कि हम स्वयं को लगातार मजबूत बनाएं।

उन्होंने कहा कि हर नयी चुनौती पिछली से अधिक जटिल तथा चुनौतिपूर्ण साबित हुई है। अभी कोरोना महामारी का अंत भी नहीं हुआ था कि यूक्रेन संकट खड़ा हो गया। इससे पहले पश्चिम एशिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान की घटनाओं का भी भारत पर असर पड़ा था। उन्होंने कहा कि अनेक ऐसी वैश्विक गतिविधियां हो रही हैं जो हमें प्रभावित कर रही हैं। इस तरह की परिस्थितियों में शांति और स्थिरता के लिए शक्तिशाली होना जरूरी है। रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रभुत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, रक्षा प्रौद्योगिकी की उपयोगिता और उसका किसी अन्य देश के पास न होना दोनों बातें बराबर मायने रखती हैं। यानी रक्षा प्रौद्योगिकी हमारे लिए कितनी उपयोगी हैं, यह तो महत्त्वपूर्ण है ही, साथ में वह दुनिया में अकेले हमारे पास हों, यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है कि हम नयी प्रौद्यागिकी की कल्पना कर उसे हासिल और डिफकनेक्ट 2.0 और आईडेक्स इसके लिए महत्वपूर्ण तथा अनोखा मंच उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि यह मंच रक्षा क्षेत्र के स्टार्टअप इकोसिस्टम में विकास की राह का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा खरीद परिषद ने आईडेक्स स्टार्ट अप्स से 380 करोड़ रुपए के 14 उत्पादों की खरीद को मंजूरी दी है।

**बैठक** सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वित्त समिति की पूर्ण बैठक को कर रही थी संबोधित

## भारत की वृद्धि दर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज बनी रहेगी: वित्त मंत्री

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभरती नयी चुनौतियों को देखते हुए, विश्व अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर में कुछ गिरावट आ सकती है लेकिन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत की आर्थिक वृद्धि की दर सबसे तेज रहेगी।

श्रीमती सीतारमण यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वित्त समिति की पूर्ण बैठक को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने उभरती चुनौतियों की पृष्ठभूमि में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में कुछ गिरावाट आ सकती है।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ताजा अनुमान में 2022-23 में भारत की वृद्धि 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। जो कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची वृद्धि दर है।

उन्होंने कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण बुनियादी सुधार कार्यक्रम जारी रखे हुए हैं। इनका उद्देश्य उत्पादकता और रोजगार को प्रोत्साहित करना है।

● सीतारमण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ताजा अनुमान में 2022-23 में भारत की वृद्धि 8.2 फीसदी रहने का अनुमान

● मुद्रा कोष में कोटा की 16वीं सामान्य समीक्षा को समय से पूरा किए जाने पर दिया बल

गौरतलब है कि मुद्रा कोष ने इसी सप्ताह विश्व अर्थव्यवस्था के परिदृश्य के विषय में जारी अपनी ताजा वर्ल्ड आउटलुक रिपोर्ट में भारत की वृद्धि दर के अनुमान को जनवरी के अपने 9 प्रतिशत के अनुमान की तुलना में घटाकर 8.2 प्रतिशत कर दिया।

श्रीमती सीतारमण ने कोविड महामारी के बाद के दौर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की भूमिका बढ़ाए जाने पर बल दिया। उन्होंने मुद्रा कोष में कोटा की 16वीं सामान्य समीक्षा को समय से पूरा किए जाने पर बल दिया। ताकि उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधित्व में कमी की समस्या का सामाधान किया जा सके।

वित्त मंत्री ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए बहुपक्षीय दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया और कहा कि इसके लिए विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन रोधी परियोजनाओं के लिए धन और सस्ती लागत वाली प्रद्योगिकी उपलब्ध कराए जाना महत्वपूर्ण है।

श्रीमती सीतारमण मुद्रा कोष-विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठकों और जी-20 समूह के देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस समय यहां आई हुई हैं।

## कांग्रेस से नाखुश हार्दिक पटेल

अहमदाबाद, एजेंसी

● बोले- 'हम राम के भक्त', गुजरात बीजेपी अध्यक्ष ने की तारीफ

गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा सियासी झटका लग सकता है। पाटीदार आंदोलन से सियासत में आए गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल खड़े करते हुए बागी तेवर अख्तियार कर लिए हैं। हार्दिक ने खुद को राम भक्त बताया और कहा कि हिंदू होने पर हमें गर्व है, लेकिन बीजेपी में जाने पर अभी अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं।

हार्दिक पटेल ने प्रदेश नेतृत्व को लेकर अपनी बात कांग्रेस हाईकमान के सामने रख दिया है। दिल्ली में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिलकर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि मुझे कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व से दिक्कत है। वे नहीं चाहते कि कोई काम करे और अगर कोई काम करेगा तो उसे करने नहीं देते हैं। इसी के चलते गुजरात में विपक्ष के रूप में लोगों की हम आवाज नहीं उठा पा रहे हैं। वहीं, गुजरात कांग्रेस में वरिष्ठ नेतृत्व ने भी हार्दिक पटेल को सार्वजनिक रूप से न बोलने औरव्यक्तिगत रूप से आंतरिक मामले पर चर्चा करने के लिए चेतावनी दी थी। इसके बावजूद हार्दिक पटेल लगातार प्रदेश नेतृत्व को लेकर बयान दे रहे हैं। ऐसे में साफ है कि गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में वर्चस्व की जंग तेज हो गई है, जो पार्टी के लिए संकट खड़ा कर सकता है। हार्दिक पटेल ने कहा कि विपक्ष को लोगों के मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ लड़ना और संघर्ष करना होगा। अगर हम ऐसा करने में असमर्थ हैं, तो लोग दूसरा विकल्प तलाशेंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात में बीजेपी मजबूत है, क्योंकि उनके पास नेतृत्व और समय रहते ही सही निर्णय लेते हैं। हालांकि, हार्दिक ने कहा कि मेरी बीजेपी में शामिल होने की कोई योजना नहीं है, यह मेरे दिमाग में भी नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेताओं को किसी भी समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी नहीं करनी चाहिए: पवार

पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे किसी भी समुदाय के खिलाफ अपमानजनक बयान नहीं दें। महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक भाषण में पार्टी के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अमोल मितकारी की एक कथित टिप्पणी के संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में पवार ने यह बात कही। मितकारी ने शादियों में हिंदू रीति-रिवाजों का कथित तौर पर उपहास उड़ाने संबंधी एक टिप्पणी की थी। उनकी टिप्पणी हिंदू विवाह के दौरान किये जाने वाले कन्यादान रिवाज से संबंधित थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पवार ने कहा, राजनीतिक नेताओं को, चाहे वे कोई भी दल के हों, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी समुदाय या वर्ग उनके बयानों से निराश या अपमानित नहीं हो। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मितकारी पर एक विशेष समुदाय और हिंदू पुजारियों का उपहास करने का आरोप लगाया है, वहीं राकांपा ने विवादास्पद टिप्पणियों से खुद को दूर रखने की कोशिश की है।

# मारवाड़ कन्या पाठशाला में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित

रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता



**घोषणा**

- विधायक प्रदीप बत्रा ने मंदिर के नवीनीकरण तथा विद्यालय के विकास के लिये भी 5-5 लाख रुपये देने की घोषणा की

श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, लालकुर्ती ने बुधवार को परीक्षाफल जारी कर दिया। इस दौरान विद्यालय की ओर से परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। विधायक प्रदीप बत्रा और विद्यालय प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, विद्यालय अध्यक्ष ललित मोहन अग्रवाल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई दी तथा पुरस्कृत किया। विधायक प्रदीप बत्रा की ओर से विद्यालय परिसर में बने मारवाड़ी मंदिर के नवीनीकरण तथा विद्यालय के विकास के लिये भी 5-5 लाख रुपये की अपनी विधायक निधि से देने की घोषणा की।

विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज का प्रदर्शन सराहनीय है। विद्यालय में हर तरह के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो वास्तव में प्रशंसनीय है। विधायक ने कहा कि वह बच्चों की अच्छी शिक्षा को लेकर आगे भी विद्यालय को सहयोग करते रहेंगे। सक्षम संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मनु भाई पुरोहित ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के मंदिर है, जहां बच्चों का भविष्य तैयार होता है और बच्चे शिक्षा के इस मंदिर से निकलकर देश और समाज के विकास के कार्यो में अपना सहयोग देते हैं। बच्चों को भी अपने माता-पिता और गुरूजनों का सम्मान करना चाहिए और उनकी बताई बातों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि उनका विद्यालय बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ ही संस्कार और अनुशासित शिक्षा भी दे रहा है। यही कारण है कि हमेशा उनके विद्यालय की छात्राओं का रिजल्ट तमाम परीक्षाओं में अच्छा रहा है। विद्यालय के अध्यक्ष ललित मोहन अग्रवाल ने कहा श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हर तरह के परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उनके आगे बढ़ाने में लगा है, जो एक बेहद ही खुशी की बात है। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए अनुशासित रहकर निरंतर मेहनत करने की बात कही! प्रधानाचार्या भारती अग्रवाल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। कहा कि विद्यालय का परीक्षाफल बहुत अच्छा रहा है। प्राथमिक स्तर पर विद्यालय की रेयांश पाल ने 99.33, जूनियर स्तर पर कक्षा 8 की राबिया ने 94 और सीनियर स्तर पर कक्षा 9 की जिया ने 87.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर राम मिश्र, ललित पंत, विद्यालय उपाध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल, सहायक प्रबंधक गौरी शंकर खंडेलवाल, श्री मारवाड़ी सभा के संरक्षक राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, मंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल, संजय कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बिल बाउचर पर हस्ताक्षर कर निकाल ली गई धनराशि

रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता

- आरटीआई में हुआ खुलासा, पूर्व प्रधान ने प्रधान पति, ग्राम विकास अधिकारी पर लगाया गबन का आरोप

बिझौली गांव में विकास कार्यों में बड़े स्तर घोटाले की बू आ रही है। सूचना का अधिकार में फर्जी हस्ताक्षरों से बाउचर बिलों के भुगतान का खुलासा हुआ है। हालांकि शिकायत के बावजूद ब्लॉक अधिकारी मामले को दबाए है। शिकायतकर्ता ने अब मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मामले शामिल दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

मुख्य विकास अधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में नारसन विकास खण्ड के ग्राम बिझौली के पूर्व प्रधान भोजपाल ने बताया कि गांव में हो रहे विकास कार्यों में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हो रही है। मनरेगा कार्यों के नाम पर भी फर्जी बिल बनाकर बड़े स्तर पर सरकारी धन को निकाला जा रहा है। आरटीआई में भी इस बात का खुलासा हो चुका है। भोजपाल के मुताबिक उसने सूचना का अधिकार के तहत विकास कार्यों, इनके भुगतान और ग्राम प्रधान प्रधान जुलेखा की शिक्षा के बारे में जानकारी मांगी थी। इसमें ग्राम प्रधान के निरक्षर होने की जानकारी सामने आई है। शपथ पत्र पर भी ग्राम प्रधान द्वारा अंगुठा लगाया गया है, लेकिन बिल बाउचर पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर है और इसके जरिये 10 हजार रुपये की धनराशि भी निकाल ली गई, जिससे मामले में साफ तौर पर गबन दिखाई देता है। इतना ही नही मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में भी मास्टर रोल पर श्रमिकों का नाम तक नहीं है, लेकिन भुगतान कर दिया गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि 5 से लेकर 12 लाख तक के काम बिना टेंडर के करा दिए गए हैं और इनका भी भुगतान कर दिया गया है, जबकि नियमानुसार कोई भी ग्राम पंचायत 2 लाख 50 हजार रुपये तक के काम ही बिना टेंडर के करा सकती है। शिकायतकर्ता ने कहा कि गबन में प्रधान पति और ग्राम विकास अधिकारी दोनों शामिल हैं। तमाम मामलों की बाबत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से लेकर खण्ड विकास अधिकारी तक को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई आज तक जीरो है। मुख्य विकास अधिकारी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

# रुड़की: तीसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी भीड़

रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता

- नमाज अदा कर मांगी तरक्की की दुआएं

रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे की नमाज नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज अदा करने से पहले उलेमाओं ने रमजान की फजीलत बयान की। जामा मस्जिद में मौलाना निसार अहमद ने अपने बयान में कहा कि अल्लाह ने रमजान के महीने को कई प्रमुख कारणों से दूसरे महीनों की तुलना में बहुत ही अफजल बनाया है। यह वह महीना है, जिसमें कलाम ए पाक अवतरित हुआ।

माहे रमजान में हर नेक काम के बदले अल्लाह ताला उसका सत्रर गुना सवाब बढ़ा देता है। मौलाना अजहर उल हक ने कहा कि रमजान शरीफ में रोजा रखने और इबादत करने का विशेष महत्व है। रमजान में जहां दिनभर रोजा रखा जाता है, वहीं पांच वक्त की नमाज एवं तरावीह की विशेष नमाज भी अदा की जाती है। जुमे की नमाज के बाद नगर की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने देश व प्रदेश में अमन, चैन, खुशहाली के साथ ही कौम की तरक्की की विशेष दुआएं मांगी। नगर निगम द्वारा जामा मस्जिद समेत नगर की सभी मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था कराई गई।

मुफ्ती मोहम्मद सलीम, मौलाना नसीम अहमद कासमी, कारी कलीम अहमद, कारी मोहम्मद एहतेसाम, विधायक हाजी फुरकान अहमद, अफजल मंगलौरी, हाजी राव शेर मोहम्मद, हाजी राव नवबहार अली, हाजी सलीम खान, डॉ. नैयर काजमी, हाजी नौशाद अहमद, जावेद अख्तर एडवोकेट, हाजी लुकमान अहमद कुरैशी, कुंवर जावेद इकबाल, हाजी महबूब कुरैशी, फखरे आलम खान, डॉ. मोहम्मद मतीन, सैयद नफीस उल हसन, इमरान देशभक्त, हाजी गुलफाम अहमद, रईस अहमद, सलीम साबरी, मास्टर शमसुद्दीन आदि ने रमजान उल मुबारक की मुबारकबाद पेश की।

# हर्षोल्लास से मना प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर का वार्षिकोत्सव, यज्ञ, भंडारे का हुआ आयोजन

रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता



प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर महिला सत्संग भवन का वार्षिकोत्सव पुनर्स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। मंदिर कमेटी अध्यक्षा पूनम गर्ग व मंदिर समिति पदाधिकारियों द्वारा ब्राह्मणों से विधिवत पूजन करा कर वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिर सत्संग भवन पुनर्स्थापना दिवस अवसर पर आचार्य केशव स्वाद, नरेश नोटियाल तथा राकेश चमोली द्वारा मंत्रोच्चारण करा हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया।

पूजा अर्चना व हवन यज्ञ के मुख्य यजमान विधायक प्रदीप बत्रा व विशिष्ट यजमान समाजसेवी एडवोकेट नवींन कुमार जैन, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष कल्पना सैनी, मेयर गौरव गोयल, मंदिर कमेटी अध्यक्षा पूनम गर्ग व पार्षद चंद्रप्रकाश बाटा रहे। मंदिर अध्यक्षा पूनम गर्ग व समस्त पदाधिकारीयो ने अतिथि विधायक प्रदीप बत्रा का राम नाम का पटका व मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा समाजसेवी भाजपा नेता एडवोकेट का भी पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों के स्वागत कार्यक्रम उपरांत विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि वह समस्त मंदिर कमेटी को बधाई देते हैं। भगवान राधे कृष्ण सब को इतनी शक्ति प्रदान करे कि प्रत्येक वर्ष बढ़ चढ़ कर ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम को कमेटी करती रहे। कहा कि ऐसे धर्म के कार्यो में वह हमेशा पूर्ण सहयोग के साथ सदा सर्वदा खड़े हैं तथा खड़े रहेगें। उनके विधायक कार्यकाल में पूर्व से अत्यधिक कार्य नगर में कराए गए हैं और भविष्य में भी नगर की शांति व सुरक्षा व्यवस्था हेतु सेवा के लिए त्तपर रहेगें। एडवोकेट नवींन जैन ने कहा कि वह वर्षों से मंदिर समिति के प्रत्येक धर्म कार्यो में सहभागिता कर रहे है तथा भविष्य में भी जो सहयोग मंदिर समिति का होगा करते रहेंगे क्योकि भगवान श्री कृष्ण ने कहा था कर्म ही मानव जीवन का सार है! इस दौरान भक्तों ने नाच, गाकर वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विनोद नामदेव, अनिल वालिया, मुकेश गर्ग, विकास गर्ग, नरेश कुमार, संजय, सचिन कुमार, दिवाकर, राकेश चमोली, शैल गर्ग डमडम, बाला गुप्ता, सुनीता, प्रभा गोयल, सन्तोष गर्ग, सरिता, कमलेश, उमा मित्तल, अंजू कपूर, दीपा जैन आदि अशख़्य भक्तजन मौजूद रहे।

# विधायक हाजी फुरकान ने किया स्वस्थ मेले का उद्घाटन

रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता



इमलिखेड़ा प्राथमिक स्वस्थ केंद्र पर आज आमजन के लिए सभी स्वस्थ सुविधाओं के साथ आयोजित स्वस्थ मेले का उद्घाटन करने पहुंचे विधायक हाजी फुरकान अहमद ने कहा कि डॉक्टर आमजन के जीवन रक्षक के रूप में है।

डॉक्टर भी अपनी जान जोखिम में डालकर समाज की सेवा करते हे करोना काल में एक और इंसान इंसान के करीब आने से डर रहे थे वही उस समय में डॉक्टर अपनी जान जोखिम में डालकर अवाम की खिदमद कर रहे थे और अपनी समाजिक जिम्मेदारी निभा रहे थे। आजकल के लाइफ स्टाईल के साथ अनेको प्रकार के रोग समाज में आ गए हे ऐसे में हमे अपने स्वस्थ को बेहतर रखने के लिए अधिक जरूरत हे और इस मेले का उद्द्श्य आपके स्वस्थ को बेहतर बनाये रखने की कोशिश हे। स्वस्थ क्षेत्र में और काफी कार्य कराये जाने की जरूरत हे क्योकि करोना काल में स्वस्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की कमी और अनन्य जरूरी सुविधाये उपलब्ध नही होने के कारण जनता को काफी परेशानियां आई थी हम सबको मिलकर अपनी समाजिक जिम्मेदारी समझते हुए स्वस्थ क्षेत्र में कार्य करने की जरूरत है। जहाँ भी उनके स्तर से कार्य की जरूरत होगी वहां हर समय जनता और समाज की अच्छाई के लिए कार्य करते रहेंगे करोना काल में भी उन्होने विधानसभा क्षेत्र के स्वस्थ केन्द्रो को एम्बुलेंस, ऑक्सीजन सिलण्डर, और अनन्य उपकरण उपलब्ध कराये थे ताकि जनता को इन केन्दो पर बेहतर सुविधाये मिल सके। उन्हें उम्मीद है आगे भी इसी प्रकार के और आयोजन आमजन के लिए आयोजित किये जाते रहेंगे।

### पुणे की अदालत ने पुलिस से गुर्दा प्रतिरोपण से संबंधित रिपोर्ट मांगी

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे की एक अदालत ने गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की याचिका पर संज्ञान लेते हुए शहर के एक निजी अस्पताल में हाल में गुर्दा प्रतिरोपण प्रक्रिया के दौरान हुई धोखाधड़ी की कथित घटना के बारे में पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। पुलिस ने कहा कि उसने अदालत को रिपोर्ट सौंप दी है। एक महिला ने हाल ही में शहर के एक निजी अस्पताल रूबी हॉल क्लिनिक में गुर्दा प्रतिरोपण के लिये खुद को कथित तौर पर एक मरीज की पत्नी के रूप में पेश किया था। बाद में राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने अंग प्रतिरोपण के लिए अस्पताल के पंजीकरण को निलंबित कर दिया। हालांकि, उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य विभाग के इस आदेश पर रोक लगा दी। क्षेत्रीय अंग प्रतिरोपण प्राधिकार समिति का कामकाज भी अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। यह समिति ऐसे प्रतिरोपण की मंजूरी देने के लिए जिम्मेदार है। कोरेगांव पार्क थाने के निरीक्षक विनायक वेटल ने कहा, एक अदालत ने हमसे गुर्दा प्रतिरोपण प्रक्रिया के दौरान हुई कथित धोखाधड़ी के बारे में रिपोर्ट मांगी है और हमने रिपोर्ट सौंप दी है।

# पार्टी को मजबूत करने के लिए अनुशासन समर्पण और संवाद जरूरी : राजा वडिंग

चंडीगढ़, एजेंसी



पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया और कहा कि पार्टी को मजबूत करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं को अनुशासन, समर्पण और संवाद का पालन करना होगा। अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भारत भूषण आशु के साथ राज्य के कांग्रेस भवन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में यहां एक सादे समारोह में कार्यभार संभाला।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक सोच और विचार है जिसका अंत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए अनुशासन जरूरी है, अगर किसी व्यक्ति या पार्टी में अनुशासन नहीं है तो वह आगे नहीं बढ़ सकती। वडिंग ने कहा, अगर हमें सफलता की ओर बढ़ना है तो हमें अपने जीवन में इन तीनों डी को अपनाना होगा। अमरिंदर सिंह वडिंग ने कहा, अगर मैं अपनी रणनीति खुद बनाता हूं, तो मुझे लगता है कि हम सफलता की ओर नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा, न केवल किसी पार्टी में बल्कि व्यवसाय में भी, यदि आप सहकर्मियों के साथ संवाद करते हैं या टीम वर्क करते हैं, तो आप सफल होंगे। बाद में एक ट्वीट में, वडिंग ने कहा, पार्टी को मजबूत करने के लिए अनुशासन, समर्पण और संवाद मेरा थ्री-डी मंत्र होगा। समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पंजाब कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा, विधायक सुखपाल खैरा, तृप्त राजिंदर बाजवा, सुखजिंदर सिंह रंधावा, सुखबिंदर सरकारिया, सांसद मनीष तिवारी, जसबीर डिंपा और पार्टी के अन्य नेता शामिल थे।

कांग्रेस नेता सिद्धू पार्टी कार्यालय आए लेकिन अन्य नेताओं के साथ मंच साझा नहीं किया। वहीं, पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ भी कहीं नजर नहीं आए। वडिंग ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित पार्टी नेतृत्व को उन्हें पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने के लिए धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि हाल ही में पांच राज्यों में हुए चुनाव में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य कांग्रेस प्रमुखों से इस्तीफा देने को कहा था।

# आईआईटी-मद्रास में 18 और लोग कोविड पॉजिटिव मिले

चेन्नई, एजेंसी

- स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का आह्वान किया

आईआईटी मद्रास में छात्रों और कर्मचारियों सहित अठारह और लोग कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। तमिलनाडु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इसके साथ, पिछले दो दिनों में आईआईटी मद्रास में पॉजिटिव परीक्षण करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है।

तमिलनाडु सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग को वायरस के लिए न्यूनतम 25,000 नमूनों का परीक्षण करने का निर्देश दिया है। वर्तमान में प्रतिदिन 18,000 नमूनों का परीक्षण किया जाता है। दो दिनों में 30 लोगों के पॉजिटिव परीक्षण के मद्देनजर, राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की। राज्य के स्वास्थ्य सचिव राधाकृष्णन ने एक बयान में कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का आह्वान किया है। तमिलनाडु सरकार ने घोषणा की है कि मास्क पहनना अनिवार्य है और मास्क नहीं पहनने वालों को 500 रुपये का जुमार्ना देना होगा।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने कहा, आईआईटी मद्रास में कोविड-19 मामलों में वृद्धि का विस्तार से अध्ययन किया जा रहा है। राज्य का स्वास्थ्य विभाग स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और उसी के संबंध में आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को कोविड-19 मानक प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए और मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है।

# रायसी, बिझोली में मना पृथ्वी दिवस

लक्सर, प्रात: किरण संवाददाता




हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हरिद्वार के भूगोल विभाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्रों को अपने ग्रह पृथ्वी के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ केपी सिंह तथा उपाध्यक्षा डॉ प्रभावती ने किया।

कार्यक्रम मे डॉ स्मृति कुशाल प्रभारी छात्र छात्रा शिकायत निवारण समिति, डॉ सारिका माहेश्वरी, डॉ मंजू, डॉ मुरली सिंह, डॉ सरला भारद्वाज एवं डॉ अतुल कुमार दुबे ने पृथ्वी के अस्तित्व एवं संतुलन को बचाए रखने के लिए स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल में होने वाले असंतुलन अर्थात प्रदूषण से कैसे निजात पाया जाए तथा पृथ्वी की रक्षा कैसे की जाए के विषय बारे में रोचक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र सूर्यप्रताप ने व्याख्यान प्रस्तुत कर छात्रों को जागरूक किया। इस दौरान सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि पृथ्वी ग्रह पर हमारे जीवन का का अस्तित्व निर्भर है इसलिए हमारा व्यक्तिगत उत्तरदायित्व पृथ्वी मां की सुरक्षा करना है।

प्राचार्य डॉ राजेश चन्द्र पालीवाल ने छात्रों को पृथ्वी तथा मानव अस्तित्व के संबंध के विषय मे विस्तार पूर्वक समझाया। इस दौरान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रधानमंत्री पोषण महासप्ताह (कृमि मुक्ति दिवस) के अंतर्गत छात्रों के स्वास्थ्य लाभ के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कीड़े की दवा का वितरण भी किया गया। उप प्राचार्य डॉ अजीत राव तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ दीपिका भट्ट ने छात्रों को शुभकामनाए दी। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में वृक्षारोपण कर प्रथ्वी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य नीरज नैथानी और कार्यक्रम अधिकारी शिक्षक अशोक पाल ने बच्चों का वृक्षों का महत्व बताते हुए विद्यालय परिसर और गांव के आसपास पौधे रोपे। शिक्षक अशोक पाल ने कहा कि प्रथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण बेहद जरुरी है। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए। वृक्षों से ही हमारी प्रथ्वी और उस पर रहने वाले जीवो की सुरक्षा संभव है। वृक्ष पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में सक्षम है। उन्होने छात्रों को जल संरक्षण का भी पाठ पढ़ाया। इस दौरान छात्रों की ओर से गांव में जागरूकता रैली भी निकाली गई! इस अवसर पर डाक्टर कमलकांत बरूआ, इसराना, जतिन शर्मा, अतुल, अमन, नावेद, साक्षी, आर्यन, मानसी, रोहिनी, निकिता, शौकीन अंसारी, अजरूदीन, नदीम, दानिश, फरमान, जुनैद, ज्योति आदि मौजूद रहे।

# झारखंड के लिए शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण विषय: हेमन्त सोरेन

रांची, एजेंसी

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के 62 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित नव सृजन कार्यक्रम के दौरान स्कूल के नवनिर्मित डायमंड जुबली ब्लॉक का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री ने आज स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए और उनकी प्रस्तुति की सराहना की। साथ ही, स्कूल की पुस्तिका इंडेवर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल अपना डायमंड जुबली मना रहा है, साथ ही नए भवन का भी उद्घाटन हुआ है। बच्चों को नया भवन समर्पित हुआ। मैं इस स्कूल में एक पैरेंट्स की भूमिका में भी हूं। यहां की कार्यशैली से मुझे लगाव है। शिक्षा को लेकर मेरी चिंता बनी रहती है। राज्य की जिम्मेवारी हमारे ऊपर है। झारखण्ड के लिए शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण विषयों में एक है। राज्य अगर शिक्षा के क्षेत्र में कहीं विशेष जगह बनाता है तो इसमें ऐसी संस्थाओं का बहुत बड़ा योगदान है। 60 वर्ष से ऊपर के सफर में कई उतार-चढ़ाव भी स्कूल ने देखें हैं। आज भी उसी उत्साह, ताकत और क्षमता के साथ स्कूल दिशा तय कर रहा है। देश में स्कूल की एक अलग पहचान है। चुनौतियों के बावजूद अपने मुकाम तक पहुंचना कठिन होता है। फादर अजीत खेस की भूमिका सिर्फ कैंपस के आसपास नहीं बल्कि उनकी दूरदर्शिता कई मायनों में खास है। स्कूल का प्रयास सदैव आगे बढ़ने का रहा है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने दो वर्ष तक कठिन दौर को देखा है। दो वर्ष की कमी को पूरा करने का प्रयास करेंगे। अभी के समय में गर्मी बेतहाशा बढ़ रही है। ऐसे में स्कूल बसों को एंबुलेंस की तरह रास्ता मिले, ताकि छोटे बच्चों को जल्दी घर पहुंचने में सुविधा हो।

# माफिया राज के खिलाफ लड़ाई में भगवंत मान का साथ दें : सिद्धू

चंडीगढ़, एजेंसी



कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में माफिया राज के कारण पार्टी पंजाब चुनाव हारी है और अब उसे खुद को नये स्वरूप में ढालने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान को छोटा भाई और ईमानदार व्यक्ति बताकर उनकी तारीफ भी की।

सिद्धू ने कहा कि अगर मान माफिया के खिलाफ लड़ते हैं तो उनका समर्थन किया जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न पंजाब विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीतकर आम आदमी पार्टी ने भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार बनायी है। एक कार्यक्रम से इतर सिद्धू ने संवाददाताओं से कहा, वह ईमानदार व्यक्ति हैं। इस कार्यक्रम में अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष का पदभार संभाला। पंजाब चुनाव में पार्टी की हार के बाद सिद्धू ने प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया है। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, कांग्रेस को खुद को नये स्वरूप में ढालना होगा।

उन्होंने कहा, मैंने पहले कुछ नहीं कहा लेकिन सभी को बोलने का अधिकार है और आज मैं कहता हूं कि कांग्रेस पांच साल के माफिया राज के कारण चुनाव हारी है। सिद्धू ने कहा कि वह हमेशा माफिया के खिलाफ लड़ते रहे हैं। हालांकि उन्होंने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन सिद्धू अतीत में बालू खनन, परिवहन और केबल टीवी के क्षेत्र में राज्य में कथित माफिया को लेकर अपनी कांग्रेस नीत सरकार की आलोचना कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मेरी लड़ाई किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं है। यह एक तंत्र के खिलाफ है और कुछ ऐसे लोगों के खिलाफ है जो राज्य को दीमक की तरह चाट रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई पंजाब के अस्तित्व के लिए है किसी पद के लिए नहीं। सिद्धू ने कहा, जब तक राजनीति व्यापार बनी रहेगी उसका सम्मान नहीं होगा। जब पंजाब माफिया मुक्त होगा, तभी राज्य आगे बढ़ेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह भगवंत मान को अपने छोटे भाई की तरह मानते हैं और माफिया के खिलाफ लड़ाई में उनका साथ देंगे। सिद्धू ने कहा, वह ईमानदार व्यक्ति हैं। मैंने उनपर कभी ऊंगली नहीं उठायी है। अगर वह उनके खिलाफ लड़ते हैं तो मेरा समर्थन उनके साथ है और पार्टी की राजनीति से उठकर भी ऐसा करूंगा क्योंकि यह पंजाब के अस्तित्व की लड़ाई है। बाद में एक ट्वीट में उन्होंने कहा, कांग्रेस को सत्ता में वापसी के लिए खुद को नये रूप में ढालना होगा।

### खरगोन हिंसा में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में पांच गिरफ्तार, तीन अन्य फरार

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन शहर में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के दौरान पुलिस ने 28 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य लोग फरार हैं। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सफाई कर्मचारी इब्रेश खान खरगोन में हिंसा का पहला शिकार बना। वह सांप्रदायिक हिंसा के दौरान लापता हो गया था और उसका शव बाद में मिला था। पुलिस ने कहा कि सिर में पत्थरों से गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई है। 10 अप्रैल को रामनवमी के जुलूस के दौरान खरगोन शहर में सांप्रदायिक हिंसा हुई जिसमें आगजनी और पथराव हुआ। इसके बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था। 11 मई को खरगोन के आनंद नगर में एक अज्ञात शव मिला था जिसे पिछले रविवार को खान के परिवार के सदस्यों द्वारा पहचान के बाद सौंप दिया गया था। पुलिस ने कहा था कि शव को आठ दिनों तक इंदौर के एक सरकारी अस्पताल में रखा गया था क्योंकि खरगोन में फ्रीजर की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

# गोवा: विदेशी पर्यटकों का सामान चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

पणजी, एजेंसी

**गिरफ्तारी**

- चोरी की इन घटनाओं ने पर्यटकों के मन में भय पैदा कर दिया था और आसपास के तटीय इलाकों में शांति भंग कर दी थी

गोवा पुलिस ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक से दो लोगों को गिरफ्तार कर चोरों के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक चोरों का यह गिरोह उत्तरी गोवा में विशेष रूप से विदेशी पर्यटकों को अपना निशाना बनाकर उनका कीमती सामान चुराया करता था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी लतीफ खान (28) और के एस अजीज (46) को बृहस्पतिवार को कर्नाटक में गिरफ्तार किया गया। गोवा में पेरनेम पुलिस ने कहा कि पिछले दो महीनों में अश्वेम, मोरजिम, मंड्रेम और अरामबोल सहित अन्य क्षेत्रों में घरों में तोड़-फोड़ और चोरी की कई घटनाएं हुई हैं। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि शिकायतों के अनुसार अज्ञात व्यक्ति विदेशी पर्यटकों को निशाना बनाते थे और उनका लैपटॉप, डिजिटल कैमरा, मोबाइल फोन और नकदी जैसा कीमती सामान चुरा लेते थे। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, चोरी की इन घटनाओं ने पर्यटकों के मन में भय पैदा कर दिया था और आसपास के तटीय इलाकों में शांति भंग कर दी थी। पेरनेम पुलिस लगातार अपराधियों को पकड़ने की कोशिश कर रही थी, हालांकि वे अपना स्थान बदल लेते थे।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी केरल और कर्नाटक का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, प्राप्त सूचना के आधार पर गोवा पुलिस ने कर्नाटक और केरल पुलिस के अधिकारियों की मदद से कर्नाटक से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# विधायकों से अपील है कि भाजपा की इस नाजायज वसूली के खिलाफ लोगों की मदद करें : सौरभ भारद्वाज

## दिल्लीवालों को भाजपा धमकी दे रही है कि पैसे नहीं दिए तो तुम्हारे घर पर बुलडोजर चलवा देंगे: आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता





बीजेपी की बुलडोजर राजनीति का सच सामने आ गया है। दिल्ली की जनता से उगाही करने के लिए बुलडोजर चलाने की धमकियां दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि दिल्लीवालों को भाजपा धमकी दे रही है कि पैसे नहीं दिए तो तुम्हारे घर पर बुलडोजर चलवा देंगे। दिल्ली में कहीं भी अवैध निर्माण होता है तो भाजपा के पार्षद और नेता सबसे पहले पहुंचकर लेंटर पर वर्ग मीटर के हिसाब से पैसा मांगते हैं। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एमसीडी के अंदर भाजपा की सरकार कुछ दिनों की मेहमान है। ऐसे में जाते समय पूरी दिल्ली से पैसा इकट्ठा करने की एक सुनियोजित स्कीम भाजपा ने बनाई है। आम आदमी पार्टी ने फैसला किया है कि भाजपा के नेता जहां पर भी गुंडागर्दी और पैसा मांगते पाए जाएंगे तो आप कार्यकर्ता उनको पकड़ कर पुलिस को सौंपेंगे। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से अपील है कि भाजपा की इस नाजायज वसूली के खिलाफ लोगों की मदद करें।आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा ने धंधा शुरू कर दिया है। दिल्ली के अंदर 15 साल तक करोड़ों रुपए लेकर अवैध निर्माण करवाए। उसी अवैध निर्माण के नाम पर अब फिर वसूली की जा रही है। आम आदमी पार्टी के विधायकों-नेताओं के पास कई सोसायटियों से शिकायत आयी है कि भाजपा के पार्षद लोगों को धमका रहे हैं कि पैसे नहीं दिए तो घरों को बुलडोजर चलवाकर तुड़वा देंगे। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व कालकाजी से विधायक आतिशी ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। आतिशी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हम देख रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में बुलडोजर की राजनीति कर रही है। दिल्ली के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नॉर्थ एमसीडी के मेयर को चिट्ठी लिख कहा कि नॉर्थ एमसीडी के जिन-जिन इलाकों में अवैध निर्माण या अतिक्रमण है, उनपर बुलडोजर चलवाया जाए। नॉर्थ एमसीडी के अधिकारी बुलडोजर लेकर जहांगीरपुरी पहुंचे। उसके बाद आदेश गुप्ता ने साउथ एमसीडी और ईस्ट एमसीडी के मेयर को भी यह चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि बुलडोजर की राजनीति क्या है? क्यों भाजपा के नेता और प्रदेश अध्यक्ष बार-बार बुलडोजर चलाने की बात कर रहे हैं? क्योंकि दिल्ली में रहने वाले हर व्यक्ति को पता है कि पिछले 15 सालों में दिल्ली में जितना भी अवैध निर्माण हुआ है, वह खुद भाजपा ने करवाया है। तो पिछले 15 सालों में अवैध निर्माण करवाकर भाजपा के पार्षदों ने खूब पैसा बनाकर अपनी जेबें भरी हैं। दिल्ली में रहने वाला हर व्यक्ति जानता है कि दिल्ली में कहीं भी अवैध निर्माण होता है तो भाजपा के पार्षद और नेता सबसे पहले पहुंच जाते हैं और लिंटर पर वर्ग मीटर के हिसाब से पैसा मांगते हैं। तो आज भाजपा को क्या हो गया कि वह बुलडोजर चलवाने की बात कर रहे हैं। आतिशी ने कहा कि पिछले दो दिनों में हमें दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से कई शिकायतें आई हैं। जिससे दिल्ली में चल रही बुलडोजर की राजनीति के पीछे क्या छुपा है, उसकी सच्चाई सामने आई है। हमारे कई विधायकों के पास ग्रीन पार्क क्षेत्र, मयूर विहार क्षेत्र, मेरी अपनी विधानसभा कालकाजी के क्षेत्र, शालीमार बाग के क्षेत्र आदि से लोगों ने शिकायते की हैं कि भाजपा के पार्षद उनके घर, उनके इलाकों में आकर उन्हें धमका रहे हैं। और उनसे यह कहकर पैसों की मांग कर रहे हैं कि अगर हमें पैसे नहीं दिए तो हम तुम्हारे घर पर बुलडोजर चलवा देंगे। आप सभी को मालूम होगा कि दिल्ली के हर घर में कुछ न कुछ अवैध निर्माण तो जरूर हुआ होगा। किसी ने छज्जा या बालकनी आगे किया होता है। किसी ने अतिरिक्त कमरा बनवाया होता है। किसी ने छत पर कमरा बनवाया होता है। भाजपा के पार्दष दिल्ली के एक-एक हिस्से में जा रहे हैं और लोगों को बुलडोजर चलवाने की धमरी देकर पैसों की मांग कर रहे हैं। आप नेता ने कहा कि भाजपा के पार्षदों को पता है कि 18 मई 2022 को उनका पार्षदी कार्यकाल खत्म हो जाएगा। भाजपा की 15 सालों से एमसीडी में जो सरकार चलती आई है, 18 मई को उसका समय समाप्त हो जाएगा। यह जो बुलडोजर की राजनीति भाजपा कर रही है, वह आखरी महीने में जेब भरने की राजनीति है, उगाही करने की राजनीति है और भ्रष्टाचार करने की राजनीति है। 15 सालों से अवैध निर्माण कराकर भाजपा के पार्षदों और नेताओं ने अपनी जो जेब भरी है, अब उसी अवैध निर्माण से एक बार फिर वह जेब भरने में लगे हैं।

# दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में फिर चली गोली, दो वकील घायल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में एक बार फिर गोली चली। गेट संख्या-8 पर सिक्योरिटी ऑफिसर और वकीलों के बीच कहासुनी के दौरान सिक्योरिटी ऑफिसर ने गोली चला दी, जिससे दो वकील मामूली रूप से घायल हो गए। घायल वकीलों को अस्पताल ले जाया गया है। वहीं, पुलिस सिक्योरिटी ऑफिसर की राइफल और खाली खोल बरामद कर उससे पूछताछ कर रही है। घटना के बाद से ही वकीलों में रोष है। डीसीपी प्रणव तयाल ने बताया कि 9.40 बजे रोहिणी कोर्ट में गोली चलने की कॉल मिली थी। गोली चलते ही अंदर एवं बाहर दोनों तरफ अफरातफरी मच गई। घटना गेट संख्या-8 के पास संजीव चौधरी और रिशि चोपड़ा नाम के वकीलों का रोहित नाम के एक अन्य व्यक्ति के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा था, बात हाथापाई तक पहुंची। लोग गेट संख्या-8 के अंदर कोर्ट परिसर में एंट्री कर गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इसी दौरान मौके पर मौजूद नगालैंड पुलिस (एनएपी) के एक सिपाही ने झगड़ा कर रहे वकील और अन्य व्यक्तियों को बाहर निकालने की कोशिश की। जिसके बाद वकीलों का सिक्योरिटी ऑफिसर से झगड़ा शुरू हो गया और बात हाथापाई तक पहुंच गई। जिसके बाद सिक्योरिटी ऑफिसर ने जमीन पर गोली चला दी। गोली के छर्रे दोनों वकीलों को लग गए जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों घायल वकीलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली चलाने वाले से उसकी राइफल और खाली खोल बरामद कर लिया है। वहीं, इस घटना के बाद से ही वकीलों में रोष है। उनका कहना है कि जिसे हमारी सुरक्षा के लिए लगाया गया है अगर वही हमारे खतरे का कारण बने तो उन्हें ऐसी सिक्योरिटी नहीं चाहिए। वकीलों ने इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वो धरना और हड़ताल करेंगे। घटना को लेकर पुलिस की जांच लगातार जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### तिहाड़ जेल में 15 कैदियों ने खुद को घायल किया: अधिकारी

नई दिल्ली। दिल्ली की तिहाड़ जेल के 15 कैदियों ने धारदार चम्मच से खुद को घायल कर लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई। घायल कैदियों में से चार को इलाज के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल भेजा गया और बाद में वापस जेल लाया गया। अधिकारियों ने बताया कि 11 अन्य को मामूली चोटें आई हैं और जेल में ही उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि, अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि कैदियों ने खुद को घायल क्यों किया।

### कोरोना का खतरा टलने तक आनलाइन चलें कक्षाएं : हितेश कौशिक

नई दिल्ली। दिल्ली के सभी स्कूलों को खोले रखने का निर्णय बुधवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन संस्थान (डीडीएमए) ने लिया है। इससे अभिभावक असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। क्रांति अगेंस्ट करप्शन व चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट के अध्यक्ष हितेश कौशिक का कहना है इस समय जब कोरोना के मामले दिल्ली में फिर से बढ़ रहे हैं और चौथे चरण के आने का अनुमान है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों को बंद किया जाना चाहिए। बच्चों की पढ़ाई का नुकसान न हो, इसके लिए आनलाइन क्लास शुरू की जानी चाहिए। अब सभी बच्चों व शिक्षकों के पास गैजेट भी है। पिछले दो सालों से आनलाइन क्लास चलने से शिक्षकों व विद्यार्थियों को इसका अनुभव भी हो चुका है। अभिभावक अनुभव भारती के अनुसार सभी बच्चे सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करने में पूरी तरह से सक्षम नहीं हो सकते और न ही सरकार का ऐसा कोई तंत्र है, जिससे निजी स्कूलों से आदेश का सख्ती से पालन कराया जा सके। एक अन्य अभिभावक विक्रम वेद का कहना है कि शिक्षा मंत्री को तत्काल प्रभाव से सभी स्कूलों को बंद कर बच्चों की पढ़ाई एनसीईआरटी की पुस्तकों से आनलाइन माध्यम से जारी रखने का सर्कुलर जारी करना चाहिए।

### दिल्ली में युवक ने मोबाइल के लिए ईंट से वार कर दोस्त को मौत के घाट उतारा

नई दिल्ली। संगम विहार में मोबाइल को लेकर शुरू हुए एक झगड़े में युवक ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। उसने ईंट से दोस्त के सिर पर कई वार कर दिए। दोस्त की हत्या करने के बाद आरोपित फरार हो गया। संगम विहार पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर आरोपित युवक की तलाश शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार शाम तक आरोपित का कोई सुराग हाथ नहीं लगा था। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया गया है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार मूलरूप से शाहजहांपुर, यूपी का रहने वाला रामसेवक (35) गली नंबर-नौ, जी-ब्लाक संगम विहार में किराए पर रहता था। रामसेवक प्राइवेट नौकरी करता था। उसके पास करीब 20 दिनों से उसका दोस्त रहने आया हुआ था। रामसेवक से दोस्त का मोबाइल खो गया था। दोस्त रामसेवक से मोबाइल मांग रहा था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों मंगलवार सुबह से शराब पी रहे थे। रात में इनमें मोबाइल को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े में दोस्त ने रामसेवक के सिर पर ईंट से कई वार कर दिए। रामसेवक की हत्या के बाद आरोपित फरार हो गया।

# जहांगीरपुरी हिंसा : जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर पश्चिमी जिले के जहांगीरपुरी हिंसा का आज छठा दिन है। वहीं, आज जुमे की पहली नमाज को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट पर है। पुलिस ने जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। जिसका एक अस्थायी मॉनिटरिंग सेंटर भी बनाया गया है। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में 16 अप्रैल को हुई हिंसा और अतिक्रमण विरोधी अभियान में बुलडोजर चलाए जाने की कार्रवाई को देखते हुए कड़ी निगरानी के लिए दिल्ली पुलिस ने इलाके में कई सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। पुलिस ने इस इलाके में एक अस्थायी मॉनिटरिंग स्टेशन भी स्थापित किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इलाकों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस टीम ड्रोन का भी इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने बताया कि इस ड्रोन के इस्तेमाल से मध्य जिले के जामा मस्जिद और हौज काजी इलाके को कवर किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि बीते शनिवार शाम को हनुमान जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान भारी उपद्रव हुआ था। दो समुदायों के लोग वहां आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों की तरफ से जमकर पथराव किया गया और गोलियां भी चलाई गई थी। इस घटना में कुल आठ पुलिसकर्मी और एक आम आदमी घायल हुआ था। इन सभी का उपचार बाबू जगजीवन राम अस्पताल में करवाया गया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 147/148/149/186/353/332/333/427/436/307/120बी और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 24 आरोपितों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन नाबालिगों को पकड़ा है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच अपराध शाखा द्वारा की जा रही है।

# छात्रों, कर्मचारियों को बिना थर्मल स्कैनिंग के स्कूल में प्रवेश न करने दिया जाए : दिल्ली सरकार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को स्कूलों के लिए कोविड-19 संबंधी दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि छात्रों तथा कर्मचारियों को बिना थर्मल स्कैनिंग के स्कूल परिसर में प्रवेश करने नहीं दिया जाए। सरकार ने यह भी कहा कि यदि कोई भी कोविड-19 से संक्रमित पाया जाता है तो संस्थान उनके पृथकवास के लिए उचित कदम उठाए। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कुछ दिनों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी गई है। इसी के मद्देनजर सरकार ने दिशा- निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 965 नए मामले आए थे। बुधवार को 1,009, मंगलवार को 632 और सोमवार को कोरोना के 501 मामले आए थे। दिल्ली सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार स्कूलों को सलाह दी गई है कि वे छात्रों को भोजन और स्टेशनरी का सामान साझा करने से बचने को कहें। साथ ही इसमें कहा गया है कि अभिभावकों को सलाह दी जानी चाहिए कि वे बच्चे या परिवार के किसी सदस्य के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने या उनमें कोविड के लक्षण दिखने पर पर उन्हें स्कूल न भेजें। इसमें कहा गया है, यदि किसी छात्र या स्कूल के किसी कर्मचारी में कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षण पाए जाते हैं तो उन्हें सामान्य लोगों से दूर किसी खुले स्थान या पृथकवास में रखा जाए। सरकार ने कहा, शिक्षकों को यह भी निर्देश दिया जाता है कि यदि कक्षा के किसी भी छात्र में कोरोना वायरस के लक्षण पाए जाते हैं तो वे स्कूल के प्रधानाचार्य को इस बात की जानकारी दें। प्रधानाचार्य की ओर से तुरंत इसकी सूचना जोनल व जिला अधिकारियों को दी जानी चाहिए। स्कूल प्रशासन को अधिकार है कि वे अस्थाई रूप से विशिष्ट भाग को बंद कर सकते हैं या उस क्षेत्र कि घेराबंदी की जा सकती है। इसमें कहा गया है कि स्कूल भवनों के सभी प्रवेश और निकास द्वार का उपयोग छात्रों के प्रवेश और निकास के समय भीड़ से बचने के लिए किया जाना चाहिए। दिशा-निर्देश के मुताबिक, कोविड-उपयुक्त व्यवहार को बनाए रखने और भीड़ से बचने के लिए स्वयंसेवकों की मदद ली जा सकती है। किसी भी छात्र और कर्मचारी को थर्मल स्कैनिंग के बिना परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। दिल्ली सरकार ने एसओपी में कहा कि स्कूल के प्रधानाचार्यों को सलाह दी जाती है कि वे माता-पिता के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन समितियों के साथ बैठक करें ताकि कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन की समीक्षा की जा सके और छात्रों और अभिभावकों के बीच अन्य आत्मविश्वास बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की जा सके।

# अम्बेडकर जी के जन्मोत्सव के अवसर पर 200 बच्चों ने दिखाया अपनी कला का ज्ञान



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

14 अप्रैल 2022 दिन वीरवार को बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मोत्सव के अवसर पर विजन पे बैक टू सोसाइटी द्वारा संजय अमर कालोनी तिलक ब्रिज आईटीओ पर एक कला प्रतियोगिता व कक्षा 1 से 8 तक के निर्धन विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्था के सचिव ईश्वर कुमार सदस्य प्रियंका अकोदिया, दिनेश कुमार व कार्यक्रम में मौजूद कॉलोनी के अतिथिगणों द्वारा बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी को पुष्प माला व पुष्प अर्पित कर बाबासाहेब के विचारों से बच्चों को परिचित करवा कला प्रतियोगिता को आरंभ किया गया।

सभी बच्चों ने बड़े ही जोश के साथ अपनी अपनी कला के हुनर को बड़ी ही सुंदर व खूबसूरत कल्पना को ड्राइंग सीट पर उतारा और बेहद खुश हुए।

प्रतियोगिता के अंत में सबसे बेहतर कला बनाने वाले बच्चों को श्री राजेंद्र कुमार, संतोष कुमार व संजय लोचन जी द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा प्रतियोगिता में शामिल सभी 200 बच्चों को स्टेशनरी खाद्य सामग्री वितरित किए गए।

# दिल्ली हिंसा मामला: उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई, दिल्ली पुलिस को नोटिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली हिंसा की साजिश रचने के मामले में आरोपित उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि प्रथम दृष्टया उमर खालिद के भाषण सही नहीं प्रतीत होते हैं। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि उमर खालिद ने अमरावती में जो भाषण दिया उसे जायज नहीं ठहराया जा सकता है। सुनवाई के दौरान उमर खालिद की ओर से पेश वकील त्रिदीप पायस से कोर्ट ने पूछा कि उमर खालिद के खिलाफ आरोप क्या हैं तो उन्होंने कहा कि साजिश रचने का। पायस ने कहा कि उमर खालिद हिंसा के समय दिल्ली में मौजूद भी नहीं था। उमर खालिद के पास से कुछ बरामद भी नहीं किया गया है। पायस ने कहा कि जिस भाषण को आधार बनाया गया है वो चुनावी लोकतंत्र और कानून के शासन पर था। बता दें कि 24 मार्च को कड़कड़डूमा कोर्ट ने उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कड़कड़डूमा कोर्ट में सुनवाई के दौरान पायस ने कहा था कि चार्जशीट में कहा गया है उमर खालिद ने 10 दिसंबर 2019 को प्रदर्शन में हिस्सा लिया लेकिन क्या प्रदर्शन में शामिल होना अपराध है। उन्होंने कहा था कि उमर खालिद के खिलाफ हिंसा के सबूत नहीं हैं। जांच जारी रहना हर प्रश्न का उत्तर नहीं है। उन्होंने कहा था कि चुप्पी की साजिश का आरोप गलत है। अभियोजन के लिए ये काफी आसान है कि जब दो, तीन और दस लोग व्हाट्सऐप पर एक ही भाषा बोलें तो आप कुछ के खिलाफ आरोप लगाएंगे और कुछ के खिलाफ नहीं क्योंकि वो आपकी दलील के मुताबिक है। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली हिंसा के आरोपी उमर खालिद समेत दूसरे आरोपियों की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि इस मामले में टेरर फंडिंग हुई थी। स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्युटर अमित प्रसाद ने कहा कि इस मामले के आरोपी ताहिर हुसैन ने काला धन को सफेद करने का काम दिया। अमित प्रसाद ने कहा था कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली की हिंसा के दौरान 53 लोगों की मौत हुई। इस मामले में 755 एफआईआर दर्ज किए गए हैं। इसमें गोली चलने की 13 घटनाएं घटी। दूसरी वजहों से 6 मौतें दर्ज की गई। इस दौरान 581 एमएलसी दर्ज किए गए। इस हिंसा में 108 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इस हिंसा से जुड़े करीब 24 सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि इस पूरी घटना में किसी भी साजिशकर्ता को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### हिंदू युवा वाहिनी कार्यक्रम पर पुलिस के जवाब पर सुप्रीम कोर्ट ने सफाई मांगी

नई दिल्ली। दिल्ली में 19 दिसंबर, 2021 को हुए हिंदू युवा वाहिनी के कार्यक्रम मामले में पुलिस के जवाब पर सुप्रीम कोर्ट ने सफाई मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नया हलफनामा दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 9 मई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताते हुए पूछा कि यह सब इंस्पेक्टर रैंक के जांच अधिकारी का स्टैंड है या डीसीपी का। दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि 21 दिसंबर, 2021 को दिल्ली में हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यक्रम में सुदर्शन टीवी के एंकर सुरेश चव्हाणके ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ हेट स्पीट नहीं दी थी। दिल्ली पुलिस ने मांग की है कि याचिका खारिज होनी चाहिए। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के डीसीपी इशा पांडेय की ओर से दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि कार्यक्रम के वीडियो को बारीकी से देखने पर ऐसा कहीं नहीं लगा कि कानून का उल्लंघन हुआ है और किसी धर्म के लोगों के खिलाफ माहौल बनाया गया हो। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि अपने हितों के लिए कार्यक्रम करने से किसी को रोका नहीं जा सकता है।

# जहांगीरपुरी हिंसा की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने ईडी को लिखा पत्र

## फाइनेंशियल एंगल से भी जांच करवाने पर जोर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर पश्चिमी जिले के जहांगीरपुरी हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने ईडी से दंगे के पीछे के फाइनेंस एंगल की जांच करवाने पर जोर दिया है। साथ ही उन्होंने अंसार के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज कर जांच करने की भी मांग की। उधर, इस मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने 24 अन्य आरोपितों की भी पहचान कर ली है। जिनकी तलाश में जगह-जगह दबिश दी जा रही है। बीते शनिवार को जहांगीरपुरी इलाके में हुई हिंसा के मामले में अब तक 23 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें मुख्य आरोपित अंसार को बनाया गया है जो इलाके में सट्टे का कारोबार करता था। प्राथमिक जांच में अपराध शाखा को पता चला है कि सट्टे से उसने काफी प्रॉपर्टी बनाई थी। दिल्ली के अलावा पश्चिम बंगाल में भी उसने प्रॉपर्टी खरीदी थी। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस कमिश्नर दंगे के इस मामले में फाइनेंस एंगल की जांच करवाना चाहते हैं।

इसके लिए उन्होंने गुरुवार की शाम ईडी को एक पत्र लिखकर फाइनेंस एंगल की जांच करने के लिए कहा है। पुलिस कमिश्नर की तरफ से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि इस दंगे का मुख्य आरोपित मोहम्मद अंसार सट्टे से काफी पैसा कमाता था। इसके जरिए उसने काफी प्रॉपर्टी बनाई हुई जो न केवल दिल्ली में है बल्कि पश्चिम बंगाल में भी है। ऐसे में दंगे की साजिश को बेनकाब करने के लिए फाइनेंस एंगल की जांच होना बेहद ही आवश्यक है। इसलिए उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय से मांग की है कि वह इस बाबत मामला दर्ज कर अंसार की प्रॉपर्टी को लेकर जांच करे। उधर, मामले की जांच कर रही अपराध शाखा की टीम ने 24 अन्य आरोपितों की पहचान की है, जो इस दंगे में शामिल थे। इनकी पहचान विभिन्न सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो और विभिन्न चैनल से मिले फुटेज के आधार पर की गई है। पुलिस का कहना है कि इसमें दोनों ही समुदायों के लोग शामिल हैं।

**सूचना** भाजपा के नेता, लोगों के पास जा रहे हैं और उनके घरों और दुकानों को तोड़े जाने से रोकने के लिए पैसे देने के लिए कह रहे

# आप सरकार, भाजपा की इस गुंडई की कड़ी निंदा करती है और हम सभी दिल्लीवासियों के साथ खड़े हैं: सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में भाजपा की बढ़ती गुंडागर्दी को देखते हुए अपने सभी विधायकों को आज पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने सभी विधायकों से भाजपा के लोगों द्वारा की जा रही जबरन वसूली के खिलाफ दिल्ली वालों की मदद करने की अपील की है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि भाजपा की बुल्डोजर राजनीति के पीछे असली वजह पैसे की उगाही है। भाजपा वाले, घरों और दुकानों पर जाकर लोगों को धमकी दे रहे है कि अगर इतने पैसे नहीं दोगे तो तुम्हारे घर पर बुल्डोजर चलवा देंगे। एमसीडी से जाते-जाते भाजपा ने तय किया है कि जितना पैसा कमाया जा सकता है, कमा लें। मैंने अपने सभी विधायकों को भाजपा की इस गुंडई के खिलाफ खड़े रहने को कहा है। वहीं, इस संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरी दिल्ली से इस तरह की कई शिकायतें आ रहीं हैं। दिल्ली के लोग खुलेआम इस किस्म की उगाही और गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्या इसलिए एमसीडी के चुनाव टाले हैं? डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि आप सरकार, भाजपा की इस गुंडई की कड़ी निंदा करती है और हम सभी दिल्लीवासियों के साथ खड़े हैं। अगर विधायकों के संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो वसूली करने वाले भाजपा के गुंडों को तुरंत पकड़ कर पुलिस के हवाले करें। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, एमसीडी से जाते-जाते भाजपा ने तय किया है कि जितना पैसा कमाया जा सकता है कमा लें। इसलिए अब दुकान मालिकों-मकान मालिकों को भाजपा के गुंडे तरह-तरह की धमकियां दे रहे है। मैंने अपने विधायकों को पत्र लिखकर भाजपा की इस गुंडई के खिलाफ दिल्ली की जनता के साथ खड़े रहने को कहा है। वहीं, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, पूरी दिल्ली से इस तरह की कई शिकायतें आ रहीं हैं। दिल्ली के लोग खुलेआम इस किस्म की उगाही और गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्या इसलिए एमसीडी के चुनाव टाले हैं? दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आज आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों को पत्र लिखा है। इस पत्र में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा है कि हमारे पास कई लोगों से शिकायतें आ रही हैं कि भारतीय जनता पार्टी के लोग अब दिल्ली में घरों और दुकानों पर जाकर आम लोगों को धमकी दे रहे है कि अगर इतने पैसे नहीं दोगे तो, तुम्हारे घर पर भी बुल्डोजर चलवा देंगे।

### कड़कड़डूमा कोर्ट के सैकड़ों वकील भाजपा में हुए शामिल

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में आज कड़कड़डूमा कोर्ट के सैकड़ों वकीलों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा परिवार में शामिल हुए। प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री हर्ष मल्होत्रा ने सभी को पार्टी में पटका पहनाकर विधिवत पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि जिस तरह से इतनी बड़ी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग भाजपा में शामिल हो रहा है, उससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और भाजपा निरंतर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता रहेगा। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अधिवक्ता प्रकोष्ठ के संयोजक के के त्यागी, प्रदेश महिला मोर्चा की मंत्री श्रीमती अर्चना कंसल, नितिन जैन एवं मनोज कंसल उपस्थित थे। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा के लिए देश पहले और पार्टी बाद में वाली सोच के कारण आज भाजपा में इतनी बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों एवं उनके कुशल नेतृत्व में जिस तरह से देश विकास कर रहा है, वह सराहनीय है।

# कमेटी बनाकर लीपापोती कर रही दिल्ली सरकार : बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने डीटीसी बसों में लगातार आग लगने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जनता के जीवन से खिलवाड़ करके तय उम्र बसें सड़कों पर चला रही है। यही वजह है कि आए दिन डीटीसी बसें आग की भेंट चढ़ रही हैं। पिछले दो महीने में चार बसों में आग लग चुकी है। दिल्ली सरकार अपनी नाकामयाबी छिपाने के लिए कमेटी बनाकर मामले पर लीपापोती करने की कोशिश कर रही है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने विधानसभा में दिए गए जवाब में खुद स्वीकार किया है कि डीटीसी की बसों की उम्र साढ़े 7 लाख किलोमीटर है और 3760 में से अधिकतर बसें यह दूरी तय कर चुकी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में 11 हजार बसें खरीदने का वादा 2020 के चुनावों में किया था लेकिन आठ साल में डीटीसी के बेड़े में सिर्फ दो बिजली से चलने वाली बसें ही शामिल कर पाई है जोकि इसी साल आई हैं। बसें न खरीद पाने के कारण मजबूरी में इन उम्र पूरी कर चुकी बसों को सड़कों पर चलाया जा रहा है और दिल्ली की जनता के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। गनीमत यह है कि अब तक कोई बड़ा अग्निकांड नहीं हुआ लेकिन जितनी तेजी से ये घटनाएं हो रही हैं, उससे किसी बड़ी घटना की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा सकता। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन बसों का सड़कों पर चलना असुरक्षित तो है ही, इससे और भी कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। ये बसें बार-बार सड़कों पर कहीं भी खराब हो जाती हैं जिससे यातायात जाम की समस्या पैदा होती है। पर्याप्त संख्या में बसें न होने के कारण पब्लिक ट्रांसपोर्ट का भट्टा बैठ चुका है जिससे लोगों को अपने वाहनों को सड़कों पर लाना पड़ रहा है। इससे सड़कों पर वाहनों की भीड़ तो बढ़ती ही है, प्रदूषण के कारण दिल्ली की हवा भी जहरीली हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत करने की जरूरत : मांडविया

नई दिल्ली। आयुर्वेद और योग जैसी स्वदेशी चिकित्सा प्रणालियों को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ एकीकृत करना समय की जरूरत है। वहीं, अनुसंधान और नवाचार पर भी अधिक जोर दिया जाना चाहिए। ये बातें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (एनएएमएस) के 62वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्र में कभी भी जनशक्ति या मस्तिष्क शक्ति की कमी नहीं रही। हमें केवल आत्मविश्वासी होना है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वदेशी अनुसंधान को आगे बढ़ाने को लेकर आत्मविश्वास बनाए रखने पर भी जोर दिया। कहा कि हमने न केवल कोरोना का टीका विकसित किया, बल्कि बहुत कम समय में उसका निर्माण और निर्यात भी किया। इस मौके पर उन्होंने एनएएमएस की यात्रा पुस्तक का विमोचन भी किया और शिक्षाविदों व चिकित्सा संघों के अध्यक्षों को सम्मानित किया। एनएएमएस के अध्यक्ष डा. एसके सरीन ने पिछले सालों में अकादमी द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से क्लीनिकल एक्सिलेंस के क्षेत्र में कार्य करने के लिए एक सेंटर और अकादमी के दूसरे फेज का निर्माण शुरू कराने की अपील की। डा. सरीन ने बताया कि पहले अकादमी की काउंसिल की बैठक साल में एक बार होती थी, लेकिन अब हर शनिवार को काउंसिल के सदस्य वचरुअल माध्यम से कार्यो को लेकर चर्चा करते हैं।

### जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में पांच करोड़ लोग हो सकते हैं प्रभावित

नई दिल्ली। धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। बड़े स्तर पर कार्बन उत्सर्जन कम किए बिना इसी सदी के अंत तक ग्लोबल वार्मिंग को दो डिग्री सेल्सियस की तय सीमा पर रोक पाना कठिन ही नहीं असंभव माना जा रहा है। पूरे विश्व में इसके लिए मंथन और प्रयास चल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार धरती की रक्षा के लिए निवेश केवल सरकारों के स्तर पर ही नहीं होना चाहिए, बल्कि निजी क्षेत्र को भी इसमें सहभागिता करनी होगी। भारत भी धरा को बचाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास कर रहा हैः अक्षय ऊर्जा में बड़ी वृद्धि अक्षय ऊर्जा के लिए भारत की क्षमता में पिछले आठ वर्ष में 250 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। भारत आज नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया के शीर्ष पांच देशों में है। सौर ऊर्जा की क्षमता पिछले सात वर्ष में लगभग 15 गुना बढ़ी है। देश में वन भी पिछले कुछ वर्ष में 15 हजार वर्ग किलोमीटर तक बढ़े हैं। देश में बाघों की संख्या दोगुनी हो गई है और तेंदुओं की संख्या में भी लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वायु प्रदूषण थामने को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु योजना पर काम चल रहा है। भारत को जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 10 देशों में शामिल किया गया है। भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की स्थापना के वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है ताकि एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड का विजन तैयार किया जा सके।

### जहांगीरपुरी हिंसाः इंटरनेट कॉलिंग करने वालों पर पुलिस की नजर

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में हुई हिंसा मामले की जांच में जुटी दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा अब साजिश रचने व वारदात को अंजाम के लिए इंटरनेट कॉलिंग करने वाले संदिग्धों का पता लगाने में जुट गई है। इसके लिए पुलिस इंटरनेट प्रॉटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड (आईडीपीआर) के जरिये संदिग्धों का पता लगा रही है। दरअसल जांच में जुटी पुलिस टीम आईपीडीआर की मदद से यह जानकारी जुटाने में लगी कि, जिस दिन हिंसा हुई थी, उस दिन कितने फोन इलाके में लगे मोबाइल टावर से इंटरनेट के जरिए सक्रिय थे। चूंकि जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए कई बार अपराधी या फिर गिरोह के सरगना सामान्य कॉल पर बात न करके, इंटरनेट कॉलिंग करते हैं। इसलिए पुलिस हिंसा वाले दिन का आईपीडीआर निकाल कर पता लगा रही है उस दिन कितनी इंटरनेट कॉलिंग हुई थी और किन नंबरों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा था। जांच टीम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या उस इलाके में हिंसा वाले दिन ज्यादा बाहरी नंबर तो सक्रिय नहीं थे ? ताकि पता चल सके की हर रोज के मुताबिक क्या उस दिन बाहर से आने वाले लोगों बाहरी नंबर से इलाके में होने वाली कॉल की संख्या क्या कितनी थी।

# भारत विरोधी गतिविधियों को ब्रिटेन में नहीं मिलेगी इजाजत

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



- हमारा मकसद भारत की अदालतों में वांछित आर्थिक अपराध के भगोड़ों को देश में वापस लाना है ताकि वे कानून का सामना कर सकें
- वह इस संबंध में भारतीय चिंताओं के प्रति बेहद संवेदनशील हैं

ब्रिटेन ने आज भारत को भरोसा दिलाया कि वह खालिस्तान और भारत से भागे आर्थिक अपराधियों के मुद्दों पर भारत की चिंताओं के प्रति बहुत संवेदनशील है और अपने देश में किसी तरह की भारत विरोधी गतिविधियों को कतई इजाजत नहीं देगा। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने आज यहां ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की भारत यात्रा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक के बारे में एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि भारत ने भारत-ब्रिटेन शिखर बैठक में खालिस्तान का मुद्दा उठाया जिस पर प्रधानमंत्री श्री जॉनसन ने कहा कि ब्रिटेन भारत की चिंताओं को लेकर बहुत संवेदनशील है और ब्रिटेन में इस प्रकार की गतिविधियों को कतई इजाजत नहीं देगा। आर्थिक अपराधियों के बारे में श्री श्रृंगला ने कहा कि हम इस मामले को ब्रिटेन के समक्ष काफी समय से उठाते रहे हैं। हमारा मकसद भारत की अदालतों में वांछित आर्थिक अपराध के भगोड़ों को देश में वापस लाना है ताकि वे कानून का सामना कर सकें। इस मुद्दे को द्विपक्षीय शिखर बैठक में भी उठाया गया। इस पर श्री जानसन ने कहा कि यह मुद्दा उनके लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संकेत दिया कि वह इस संबंध में भारतीय चिंताओं के प्रति बेहद संवेदनशील हैं और वह प्रयास करेंगे कि इस बारे में कुछ कर सकें। बैठक के बारे में विदेश सचिव ने कहा कि भारत ने ब्रिटेन का हिन्द प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पहल में शामिल होने का स्वागत किया और एक खुले, स्वतंत्र एवं सुरक्षित हिन्द प्रशांत क्षेत्र के प्रति समान प्रतिबद्धता के साथ मिल कर काम करने पर सहमत हुए हैं। बैठक में रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा के बारे में पूछे जाने पर श्री श्रृंगला ने कहा कि इसे लेकर ब्रिटेन की ओर से कोई दबाव नहीं था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल युद्धविराम किये जाने और शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत एवं कूटनीति का रास्ता अपनाये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जल्द पूरी करने पर सहमति जतायी और दोनों पक्षों ने ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और रक्षा प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के बारे में भी बात की। श्री मोदी ने ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों को भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित किया।

## अब वर्ष में दो बार की जगह एक ही बार होगी बोर्ड परीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 से टर्म परीक्षाओं को खत्म करने का फैसला किया है। अब इस सत्र से बोर्ड कोरोना से पहले की तरह साल में एक बार होने वाली वार्षिक परीक्षाओं को आयोजित करेगा। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि सीबीएसई ने कोरोना महामारी के कारण सत्र 2021-22 में 10वीं और 12वीं की परीक्षा दो टर्म में लेने का फैसला किया था। लेकिन, मौजूदा स्थितियों को देखते हुए बोर्ड ने पहले की तरह शैक्षणिक सत्र से अंत में एक वार्षिक परीक्षा करने का निर्णय लिया है। वहीं, सीबीएसई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बोर्ड ने पहले की तरह वार्षिक परीक्षाओं को निर्णय सत्र सभी हितधारकों की प्रतिक्रिया लेने के बाद लिया है। ये परीक्षाएं तीन घंटे की होंगी। वहीं, सीबीएसई ने सत्र 2022-23 की परीक्षा को लेकर अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नौवीं से 12वीं तक का विस्तृत पाठ्यक्रम भी जारी किया है। नए पाठ्यक्रम को न ही घटाया है और न ही 50-50 प्रतिशत में बांटा है। उल्लेखनीय है कि बोर्ड ने सत्र 2021-22 में पाठ्यक्रम को टर्म 1 और टर्म 2 में बांटा था। इसमें 50 प्रतिशत पाठ्यक्रम की परीक्षा टर्म 1 में वैकल्पिक माध्यम में हुई थी और बाकी 50 प्रतिशत पाठ्यक्रम की परीक्षा टर्म 2 में सैद्धांतिक माध्यम में होगी।

## नेहरू पार्क के चारों ओर साइकिल ट्रैक बनेगा

नई दिल्ली। लुटियन दिल्ली के नेहरू पार्क के चारों ओर साइकिल ट्रैक तैयार किया जाएगा। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद द्वारा तैयार किए जाने वाले इस साइकिल ट्रैक की लंबाई लगभग तीन किलोमीटर होगी। इसके अलावा, बच्चों के लिए पार्क में बत्तख हाउस तैयार किए जाने पर भी काम किया जा रहा है। प्रमुख पार्कों में नेहरू पार्क शामिल है। आसपास दूतावास क्षेत्र होने के चलते भी इसकी स्थिति महत्वपूर्ण हो जाती है। लगभग 74 एकड़ में फैले पार्क में 126 प्रजातियों के 3700 से अधिक पेड़ लगे हैं। एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि पार्क में आने वाले लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य को देखते हुए साइकिल ट्रैक बनाने की योजना है। जबकि, पार्क में लगभग चार किलोमीटर लंबा जॉगिंग ट्रैक पहले से मौजूद है। साइकिल ट्रैक से पार्क में टहलने के लिए आने वाले लोगों को परेशानी नहीं होगी। पार्क में बच्चों के लिए अलग-अलग मनोरंजक गतिविधियां भी शुरू करने की कवायद की जा रही है। उपाध्याय ने बताया कि बच्चों के सुरक्षा और स्वास्थ्य को देखते हुए कई खेल उपकरण (मल्टी प्लेइंग) के साथ-साथ अलग कोने भी विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा मंकी केबल ब्रिज, फव्वारे, झील में तैरने वाला मंच, अत्याधुनिक फर्नीचर और ओपन जिम आदि भी तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलाई तक इन सभी कार्यों को पूरा कर लिए जाने की संभावना है।

## सेंट स्टीफंस कॉलेज के बाहर छात्रों ने प्रदर्शन किया

नई दिल्ली । सेंट स्टीफंस कॉलेज में दिल्ली विश्वविद्यालय के नीतियों के खिलाफ दाखिला नीति प्रस्तावित होने का विवाद अभी चल रही रहा था कि शुक्रवार को कुछ छात्रों ने कॉलेज के बाहर प्रदर्शन किया। क्रांतिकारी युवा संगठन के छात्रों ने कहा कि सेंट स्टीफंस कॉलेज में दाखिले के लिए इंटरव्यू लेने के भेदभावपूर्ण फैसले के खिलाफ यह प्रदर्शन किया गया है। छात्रों ने प्रिंसिपल का पुतला भी जलाया। ज्ञात हो कि डीयू में इस साल से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) लागू हुआ है। एक छात्र का कहना है कि सेंट स्टीफंस कॉलेज ने प्रवेश के लिए सीयूईटी स्कोर के अलावा एक साक्षात्कार मानदंड या इंटरव्यू वेटेज की घोषणा की है जो भेदभावपूर्ण है। आरोप है कि वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों को कॉलेज में प्रवेश पाने से रोकने के लिए ऐसे मानदंडों का उपयोग किया जाता है। उधर, सेंट स्टीफंस कॉलेज ने अपने यहां साक्षात्कार की पूर्व व्यवस्था लागू करने की बात कही है।

# गाड़ी में पंचर होने का किया इशारा, फिर लैपटाप और जरूरी कागजात लेकर फरार

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




- इस पर प्रमोद के कहने पर ड्राइवर ने गाड़ी साइड में लगाई और दोनों लोग गाड़ी से उतरकर पंचर देखने लगे

ओखला औद्योगिक क्षेत्र में ठक-ठक गैंग के बदमाशों ने कार से लैपटाप और जरूरी कागजात पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि द्वारका के सेक्टर-1ए निवासी प्रमोद कुमार जैना (51) सोमवार को अपने ड्राइवर के साथ ओखला औद्योगिक क्षेत्र से अपने घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान करीब शाम सात बजे जब वे कल्याण विहार की रेड लाइट पर पहुंचे तो पीछे से आए दो बाइकसवार लड़कों ने इशारा करके उन्हें कार पंचर होने की बात कही। इस पर प्रमोद के कहने पर ड्राइवर ने गाड़ी साइड में लगाई और दोनों लोग गाड़ी से उतरकर पंचर देखने लगे। इसी दौरान दोनों बदमाशों ने गाड़ी का दरवाजा खोलकर उसमें रखा बैग लेकर भाग गए। बैग में एक लैपटाप और कई जरूरी कागजात रखे हुए थे। पीड़ित ने आसपास के लोगों से मदद के लिए गुहार लगाई, लेकिन तब तक बाइकसवार आरोपित तेजी से भाग गए। इस पर पीड़ित ने थाने जाकर मामला दर्ज कराया और बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की। वहीं एक अन्य मामले में बाहरी जिला पुलिस के वाहन चोरी निरोधक दस्ते ने चार सौ ग्राम चरस के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान आरव तमांग के रूप में हुई है। यह मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि नशीले पदार्थ की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी आपरेशन अरुण कुमार चौधरी की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया है। टीम में शामिल एएसआइ रणधीर सिंह को जानकारी मिली कि 19 अप्रैल को आरव तमांग कुछ लोगों को चरस की सप्लाई करने के लिए पश्चिम विहार स्थित भेरा एन्क्लेव रोड पर आने वाला है। इसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई। जैसे ही वह आया पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसके पास से चार सौ ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह नेपाल से भारत पैसा कमाने के लिए आया था। उसने पहले नोएडा में चाउमीन बेचना शुरू किया। कोरोना संकट के दौरान वह नेपाल वापस चला गया और दोबारा अगस्त 2021 को दिल्ली आया। वह चाउमीन बेचकर ज्यादा पैसा नहीं कमा पा रहा था, जबकि उसका छोटा भाई पुण्य नशीले पदार्थ की तस्करी कर खूब पैसा कमा रहा था। इसके बाद भाई के साथ वह भी तस्करी करने लगा। अब पुलिस पुण्य की तलाश में दबिश दे रही है।

## फेसबुक पर दोस्ती कर युवक का आपत्तिजनक वीडियो बनाया

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

शाहदरा में एक युवती ने फेसबुक पर युवक से दोस्ती की और वीडियो कॉल के दौरान उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। अब युवती वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर युवक को ब्लैकमेल कर रही है। पीड़ित युवक की शिकायत पर शाहदरा साइबर थाना पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

22 वर्षीय पीड़ित यमुनापार में रहता है। पिछले महीने फेसबुक पर अनजान युवती का दोस्ती के लिए निवेदन आया तो उसने तुरंत स्वीकार कर लिया। चैट के जरिए बातें होने लगीं। युवती वीडियो कॉल करने लगी। एक दिन युवती ने वीडियो कॉल के दौरान युवक से कपड़े उतारने को कहा और उसका वीडियो बना लिया।

बाद में युवती युवक को उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांगने लगी। परेशान युवक ने शाहदरा साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस केस दर्ज कर युवती की फेसबुक आईडी के जरिए उसकी तलाश में जुटी है।

## मालवीय नगर और हौजखास पुलिस कॉलोनी में आ रहा दूषित पानी

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



मालवीय नगर इलाके में पानी और सीवर की लाइनें जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने से यहां के ए ब्लाक, बी, बी-1, एम, मिक्स ब्लाक और 1-16 ब्लाक, 14/15 ब्लाक गुमट के पीछे और हौजखास स्थित पुलिस कालोनी के घरों में दूषित पानी आ रहा है। लोगों के घरों में इतना गंदा पानी पहुंच रहा है कि पीना तो दूर, इससे नहाने व मुंह धोने से भी लोग बीमार पड़ रहे हैं। पानी के साथ कीड़े भी आ रहे हैं। यहां निजी एजेंसी मालवीय नगर वाटर सप्लाई (एमएनडब्ल्यूएस) जलापूर्ति करती है। शिकायत के बावजूद नहीं हो रहा समस्या का समाधान जल बोर्ड व एमएनडब्ल्यूएस से शिकायतें करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस समस्या के समाधान के लिए अब निगम ने पहल की है। निगम के प्राइमरी हेल्थ इंस्पेक्टर (पीएचआइ) घर- घर जाकर पानी की जांच कर रहे हैं। पार्षद बांट रही क्लोरीन की बोतलें मालवीय नगर वार्ड की निगम पार्षद डा. नंदिनी शर्मा ने बताया कि उनके पास भी दूषित जलापूर्ति की शिकायतें आई हैं। इसलिए वह निगम के पीएचआइ साथ जाकर लोगों को बता रही हैं कि दूषित पानी को कैसे साफ करके इस्तेमाल करने लायक बनाया जा सकता है। वह लोगों को क्लोरीन की बोतलें बांट रही हैं। अब तक क्लोरीन की 1500 से ज्यादा बोतलें वह बांट चुकी हैं। डा. नंदिनी व निगम के पीएचआइ लोगों को यह भी बता रहे हैं कि 15 लीटर पानी में चार बूंद क्लोरीन डालने के आधा घंटा बाद पानी इस्तेमाल करने लायक हो जाता है।

## पूसा गोलचक्कर पर सेल्फी प्वॉइंट का उद्घाटन

नई दिल्ली। उत्तरी निगम के आयुक्त संजय गोयल ने शुक्रवार को पूसा गोलचक्कर पर आई लव दिल्ली सेल्फी प्वॉइंट का उद्घाटन किया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद परमजीत सिंह राणा, उपायुक्त करोलबाग क्षेत्र, शशांका आला और दिल्ली स्ट्रीट आर्ट के कलाकार उपस्थित थे। पृथ्वी दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तरी निगम ने करोल बाग क्षेत्र में पूसा चौराहे का जीर्णोद्धार कराया है। इसके साथ ही नेकी की दीवार पर बेकार प्लास्टिक वस्तुओं से थिंक आर्ट बनाया गया है, जिसमें नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए संदेश दिए गए हैं। पूसा चौराहे पर लगे ढालाव को खत्म कर उसके स्थान पर मई 2022 तक एक फिक्स्ड कॉम्पेक्टर स्थापित किया जाएगा, जो राजेंद्र नगर के कचरे को यांत्रिक रूप से संसाधित करेगा। दिल्ली स्ट्रीट आर्ट की ओर से एनपीएल आवासीय परिसर की दीवार पर पृथ्वी के चित्रों को श्रृंखला के रूप में बनाया गया है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाया व्यापक अभियान

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**






दक्षिणी निगम ने विश्व पृथ्वी दिवस पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया और सभी जोन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त घोषित किये गये बाजारों में भी बड़े स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही बाजारों में स्थापित किये गये विकल्प स्टोर का भी प्रचार किया गया, इन विकल्प स्टोर पर कपड़े के थैले उधार लिये जा सकते है। दक्षिणी निगम द्वारा विभिन्न मॉल, मुख्य बाजारो में एलइडी स्क्रीन पर शार्ट फिल्म प्रदर्शित की गयी और नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने के लिये प्रेरित किया गया। बस शेल्टर पर भी विज्ञापनों के द्वारा ऐसे संदेश दिये गये। मध्य जोन में विश्व पृथ्वी दिवस पर ओखला मंडी, सेन्ट्रल मार्किट लाजपत नगर और डिफेंस कॉलोनी में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग के खिलाफ अभियान चलाया गया। साथ ही नागरिकों को कपड़े के थैले वितरित किये गये। इस दौरान उल्लंघनकताओं के खिलाफ 70 चालान किये गये और 90 किलों प्लास्टिक थैलियां जब्त की गयी। जोनल कार्यालय में वाहन मुक्त दिन घोषित किया गया तथा सभी अधिकारी व कर्मचारी सार्वजनिक परिवहन या साईकिल का प्रयोग करके ही कार्यालय पहुंचे। लोधी होटल और मूलचंद अस्पताल को जीरो गार्बेज इंस्टीट्यूट सर्टिफिकेट दिया गया। अंबेडकर स्टेडियम मे स्कूली बच्चों व स्वच्छता सैनिक को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की शपथ दिलवायी गयी। लाजपत नगर में सेल्फी पॉइन्ट बनाया गया और स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया नजफगढ़ जोन में सागरपुर मार्किट, ड़ाबडी फल व सब्जी मार्किट, महावीर एंक्लेव मार्केट में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के लिये जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही सेल्फी पॉइन्ट भी बनाये गये, जहां नागरिकों ने विश्व पृथ्वी दिवस पर तस्वीरें ली। ड़ाबडी फल व सब्जी मार्किट में नागरिकों को कपड़े जूट व कपड़े के थैले भी वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त नागरिकों को शपथ भी दिलवाई गयी कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नही करेंगे। जोन मे सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के दौरान लगभग 5 किलों प्लास्टिक की थैलियां भी जब्त की गयी।

# सार्वजनिक जगहों पर मास्क नहीं पहनने पर 500 रुपये चालान, निजी कार चालकों को मिली राहत

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दिल्ली में कोरोना के बढ़ते ही प्रतिबंध लौट रहे हैं। सरकार ने एलान किया था कि कोरोना के बढ़ने के कारण लोगो को फिर से मास्क लगाना पड़ेगा ताकि संक्रमण को तोड़ा जा सके। इसी कड़ी में डीडीएमए की बैठक के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 500 रुपये चालान का आदेश जारी किया है। इस आदेश में यह कहा गया है कि इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। इस आदेश के साथ ही दिल्लीवासियों को अब पब्लिक प्लेस पर 500 रुपये का चालान हो जाएगा अगर वो मास्क के बिना नजर आएंगे। हालांकि, इस प्राविधान में कार चालकों को एक छूट मिली है कि वह बिना मास्क लगाकर सफर कर सकते हैं। चार पहिया चालकों को इससे छूट देने का निर्णय दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में लिया गया है। बता दें कि 26 फरवरी को दिल्ली में कोरोना के मामले कम होने के बाद मास्क न लगाने पर खत्म कर दिया गया था जुमार्ने का प्रविधान। बता दें कि बुधवार को दिल्ली आपदा प्रबंध प्राधिकरण की बैठक में लिया गया था जिसे अब अमल में लाया जाएगा। इधर स्कूलों में फिजिकल कक्षाएं जारी रखने का फैसला लिया गया है वहीं केस को देखते हुए नई गाइडलाइन जारी की जाएगी। उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में हुई डीडीएमए की इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन सहित कई अन्य विशेषज्ञों के साथ सलाह-मशविरा के बाद ही सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य करने और उल्लंघनकताओं पर 500 रुपये जुमार्ना लगाने का फैसला किया गया था। जानकारी के लिए यह भी बता दें कि एक्सपर्ट का कहना है कि सामाजिक समारोह जिसमें ज्यादा भीड़ हो रही है उस पर भी कड़ी निगाह रखी जा रही है ताकि संक्रमण को किसी भी हाल में रोका जा सके।

**प्रयास** | दक्षता बढ़ाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए दिल्ली सरकार का एक प्रयास : उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

# केजरीवाल जी का मानना, जिन्हें कुदरत ने कम दिया उन्हें सरकार आगे बढ़ कर करे सहयोग: सिसोदिया

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



केजरीवाल सरकार अपने स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को समान और समावेशी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में शुक्रवार को प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत दिल्ली के शिक्षा मंत्री व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में 8वीं से 12वीं तक के सभी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को लैपटॉप-टेबलेट वितरित किये। साथ ही विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को स्पोर्ट्स किट्स व टीचिंग-लर्निंग मटेरियल भी वितरित किए गऐ इस मौके पर बच्चों की भावना की सराहना करते हुए, श्री सिसोदिया ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में सीखने की तत्परता होती हैं लेकिन वे अक्सर जीवन में कई जगह चुनौतियों का सामना करते हैं जो उनके विकास में बाधा डालते हैं। प्रतिभा प्रोत्साहन योजना हमारे स्कूलों में पढ़ रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सपोर्ट करने और उनकी दक्षता बढ़ाने में मदद करने के लिए केजरीवाल सरकार का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास निश्चित रूप से उन्हें बेहतर जीवन जीने में मदद करेगा। सिसोदिया ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चे सीखने के लिए इतना प्रयास करते हैं इसलिए हमारा भी ये कर्तव्य बनता है कि हम उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करें। उन्हें किसी भी कीमत पर खुद को अकेला महसूस नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का मानना है कि अगर प्रकृति ने किसी व्यक्ति को कम दिया है तो उन्हें ज्यादा मुहैया कराना और हर जरूरत में उनका साथ देना सरकार का कर्तव्य है। और हम मुख्यमंत्री जी के इसी विजन का अनुसरण कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इन बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण के साथ-साथ त्यागराज स्टेडियम में एक विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी जिसमें दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के आर्ट, क्राफ्ट, बिजनेस ब्लास्टर्स, प्री-वोकेशनल, वोकेशनल आदि काम को भी प्रदर्शित किया गया। आज 2955 विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किये गए, 1864 बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स जैसे कार्यक्रमो के लिए सामग्री वितरित की गई क्या है केजरीवाल सरकार की प्रतिभा प्रोत्साहन योजना केजरीवाल सरकार की प्रतिभा प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लर्निंग व डेवलपमेंट के बीच के अंतर को खत्म करने के लिए उपयुक्त सहायता, उपकरण और शिक्षण सामग्री देकर उनकी मदद करना है ये योजना 21 श्रेणियों के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को कवर करती है और उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ाने में मदद करती है। प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के माध्यम से स्पेशल एजुकेशन टीचर्स इन बच्चों की सामाजिक और क्रिएटिव सोच को बढ़ने पर भी काम करते हैं।

## प्रदूषित हवा से राहत के आसार नहीं

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

राजधानी को अभी खराब हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शुक्रवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 204 के अंक पर यानी खराब श्रेणी में रहा। सफर का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता इसी के आसपास रहेगी। सीपीसीबी के मुताबिक, एक दिन पहले आई आंधी के चलते प्रदूषण के स्तर में हल्का सुधार हुआ है। गुरुवार को यह सूचकांक 296 के अंक पर था। चौबीस घंटे के भीतर 92 अंकों का सुधार हुआ है। लेकिन, अब भी यह खराब श्रेणी में है। सफर का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के बीच हवा रफ्तार अधिकतम 18 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहेगी।

### यहां की हवा सबसे खराब

- दिलशाद गार्डन 276
- पटपड़गंज 266
- आनंद विहार 266
- एनएसआईटी द्वारका 260
- सोनिया विहार 254


## क्लासिफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
फोन न. 011- 4909 4643
8130691217

(आदेश 05 नियम 1 व 5 सी.पी.सी.)
माननीय पीठासीन अधिकारी श्री इन्द्रपीत सिंह जोश, वाणिज्यिक न्यायालय गौतमबुद्धनगर।
मूलवाद सं– 18 सन 2021
श्री विशाल गुप्ता प्रोपराईटर मै. तायल आईल इन्डस्ट्रीज 307, राम नगर गाजियाबाद उ.प्र. आधार नंबर 9904 8993 6419 मो नं. 9810746888 ईमेल vishal-gupta_1985@rediffmail.com
....वादी
बनाम
1. मै. कोहली जनरल स्टोर द्वारा प्रोपराईटर/पार्टनर/अधिकृत प्रतिनिधि
2. श्री नितिन कोहली प्रोपराईटर/पार्टनर/अधिकृत प्रतिनिध मै. कोहली जनरल स्टोर
वार्ड नंबर 3 पहाडी गली विकासनगर जिला देहरादून (उत्तराखण्ड) मो. नंबर 7060901960 ईमेल gau-tamkohli108@gmail.com
....प्रतिवादीगण
हरगाह प्रार्थी ने आपके नाम एक नालिश बावत वसूलयावी रूपये अंकर 4,33,170/– रूपये मय ब्याज पाने हेतु प्रतिवादीगण के विरूद्ध माननीय न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 09.06.2022 समय 10 बजे दिन के असलातन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात के करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमराई अहम मुतालिका मुकदमा का जबाब दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने दस्तावेज पेश करें। जिस पर आप अपनी जबाबदेही के दस्तखतक करना चाहते हों।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हा. जिरी आप मसमूअ और फैसला होगा।
बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत को आज बतारीख 07.04.2022 जारी किया गया।
आदेशानुसार मुंसरिम
वाणिज्यक न्यायालय, गौतमबुद्धनगर।

**PUBLIC NOTICE**

IT IS TO INFORM THE PUBLIC AT LARGE THAT, MR. NITIN GUPTA S/O MR. DEVENDER GUPTA, R/O HOUSE NO. 4582, NEAR SADAR BAZAR MARKET, DEPUTY GANJ, DELHI-110006. WHO IS THE JOINT OWNER WITH MRS. SAROJ GUPTA OF THE PROPERTY I.E. PROPERTY BEARING NO. 020, AREA MEASURING 300 SQ. METERS, IN BLOCK-B, KENDRIYA SARKARI SEVA SEHKARI BHUMI TATHA GRIH NIRMAN SAMITI LTD., SITUATED AT SECTOR-36, NOIDA DISTT. GAUTAM BUDH NAGAR, U.P; (HEREINAFTER REFERRED TO AS "THE SAID PROPERTY", HAVING PURCHASED THE BY VIRTUE OF TRANSFER DEED DATED 24.09.2020 EXECUTED BY MR. ALOK KUMAR & MR. ATUL KUMAR, (DOC. NO. 6025 DATED 24.09.2020). THE SAID PROPERTY HAS BEEN MORTGAGED BY THE OWNER WITH RBL BANK. SOME PROPERTY PAPERS REGARDING THIS PROPERTY I.E. ORIGINAL ALLOTMENT LETTER AND SHARE CERTIFICATE ISSUED BY KENDRIYA SARKARI SEVA SEHKARI BHUMI TATHA GRIH NIRMAN SAMITI LTD. AND ORIGINAL LEASE DEED DATED 07-02-1986 EXECUTED BY NOIDA IN FAVOUR OF MR. SURENDER VERMA IN RESPECT OF THE SAID PROPERTY, DULY REGD. DOC. NO. 960/61 IN BK-1, VOL. NO. 418/419 AT PGS. 21/1209-1238, DATED 07-02-1986 HAVE BEEN LOST SOMEWHERE BY THE OWNER AND IS NOT TRACEABLE. IF ANYBODY FOUND THE SAME, PLZ RETURN AT THE ADDRESS MENTIONED BELOW AND ANY PERSON HAVING ANY TYPE OF CLAIM/RIGHT/TITLE/INTEREST OVER THE SAID PROPERTY MAY INFORM IN WRITING, AT THE ADDRESS MENTIONED BELOW, ABOUT HIS OBJECTIONS, WITHIN 10 DAYS FROM TODAY, FAILING WHICH IT SHALL BE PRESUMED THAT THE SAID PROPERTY IS FREE FROM ALL TYPE OF ENCUMBRANCES, LIEN ETC.

VIPUL KR. RAHEJA
(D/103IA/2000) ADVOCATE
CHAMBER NO. 55, CIVIL SIDE,
TIS HAZARI COURTS, DELHI"

# करीब छह माह से गंदा व बदबूदार पानी की आपूर्ति होने से दर्जनों कालोनियों के लोग परेशान

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**



जहां एक ओर जिला प्रशासन लोगों को मूलभूत सुविधा देने के बड़े-बड़े वायदे करता है, वहीं दूसरी ओर ओल्ड गुडगावं की करीब आधा दर्जन कालोनियों में पिछले 6 माह से गंदा व बदबूदार पेयजल आपूर्ति होने के कारण क्षेत्रवासियों को मजबूरन बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। वार्ड 17 के नई बस्ती, जैकबपुरा, भीम नगर, सुभाष नगर, रतन गार्डन, राम नगर, धानक मोहल्ला आदि क्षेत्रों के निवासी डा. शिवचरण, दिनेश चांदना, भारत सलूजा,हरीश सलूजा, रमेश प्रजापति, ब्रह्म सिंह, रामवती, रमेश कुमार, गुरविंदर चावला, चंद्रो देवी, जयपाल आदि ने कहा कि उक्त कालोनियों में करीब 2 लाख लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 6 माह से इन क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा आपूर्ति किए जाने वाला पानी गंदा व बदबूदार पानी आता है। बार-बार लोगों को इसके कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में नगर निगम के जेई, एसडीओ, एक्सईएन, नगर निगम के कमिश्नर मुकेश आहूजा, विधायक सुधीर सिंगला से भी कई बार शिकायत की गई है। हर अधिकारी द्वारा शीघ्र ठीक कराने का आश्वासन देकर उन्हें टरका दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्रों में करीब 60 वर्ष पूर्व वाटर सप्लाई की लाईन डाली गई थी। करीब 50 वर्ष पूर्व 10 इंच की सीवर लाईन डाली गई थी। जोकि बहुत पुरानी होने के कारण पाइप लाईन खत्म हो चुकी है। जिसके कारण सीवर का गंदा पानी कई बार पीने के पानी में मिलकर आ जाता है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। 10 दिन पूर्व ओल्ड रेलवे रोड पर उन्होंने क्षेत्र के पार्षद दलीप साहनी के निवास के निकट धरना देकर रोड जाम भी किया था। निगम पार्षद दलीप साहनी द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद उन्होंने अपना धरनासमाप्त कर दिया। आज 10 दिन बीत जाने के बाद भी समाधान नहीं हुआ है। उक्त क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कुछ माह पूर्व दोनों पाइप लाईन को बदलने के लिए साढ़े 4 करोड़ रुपए का टेंडर पास हो गया था, लेकिन नगर निगम द्वारा उस टेंडर को यह कहकर समाप्त कर दिया कि चंडीगढ़ से इस टेंडर को बनाकर पोर्टल पर भेजा जाए। पोर्टल पर आने के बाद टेंडर पास करके कार्य किया जाएगा। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि गुडगांव व चंडीगढ़ के बीच फाइल अटकने के बाद लोगों को समस्या से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

## गुरूग्राम में धूमधाम से मनाया गया वर्ल्ड अर्थ डे

गुरूग्राम। गुरूग्राम के साउथ सिटी स्थित सुगम एनजीओं स्कूल में वर्ल्ड अर्थ डे धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने लघुनाटिकाओं व गीत के माध्यम में लोगो को धरा के सरक्षणं के बारे में जागरूक किया गया। स्कूल के बच्चों ने नाटक में माध्यम से बताया की किस तरह से हम लगातार पेडों की कटाई कर रहे है वह कही ना कही हमारी धरती के लिए भारी खतरा है। इसके साथ ही बढ़ते पोलिथिन के प्रयोग के कारण भी जमीन की सतह पर प्रदूषण फैल रहा है। सुगम एनजीओं की सचालिंका ने बताया की इस कार्यक्र में माध्यम से उनका प्रयास है कि लोग धरती की सतह को स्वच्छ रखें, जब धरती की सतह प्रदूषित होगी तो हमें ना ही साफ पानी मिलेगा और ना ही स्वास्थ्यवर्धक खाने का सामान मिल पाऐगा। इस सब के लिए हमारे समाज को जागरूक होना होगा तभी हमें साफ हवा पानी मिल पाऐगा। इसी को स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपने नाटकों व गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस मौके पर राजीव शर्मा, बाटा की और से रश्मि, महिमा, जयश्री, राजीव, जयंत, सुगमंला शर्मा, योगेश शर्मा सहित स्कूली बच्चों के परिजन व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### आतंकवादियों की नहीं होती न कोई जाति, न धर्म

# खालिस्तान न कभी बना है, न कभी बनेगा और न ही कभी बनने देंगे : एमएस बिट्टा

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**



खालिस्तान न कभी बना है, न कभी बनेगा और न ही कभी बनने दिया जाएगा। देश ने एक लंबे समय तक आतंकवाद का दंश सहा है। आतंकवादियों की कोई जाति या धर्म नहीं होती। पूरा विश्व आतंकवाद की समस्या से जूझता आ रहा है। केंद्र सरकार ने आतंकवाद को समूल नष्ट करने का बीडा उठाया हुआ है। खालिस्तान की मांग कर रहे गुरपतवंत सिंह पन्नू का कोई अस्तित्व नहीं है। सरकार की ढुलमुल नीति के चलते ही पन्नू जैसे आतंकवादी समय-समय पर देशवासियों को धमकियां देते रहे हैं। इन धमकियों से देशवासी डरने वाले नहीं हैं। आतंकवाद के मुद्दे पर सभी राजनैतिक दलों की बैठकें होनी चाहिए। इन बैठकों में हरियाणा, हिमाचल, पंजाब व अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी शामिल होने चाहिए और बैठक में पन्नू जैसे आतंकवादियों द्वारा दी जाने वाली धमकियों पर विचार कर केंद्र सरकार से बात करनी चाहिए कि विदेशों में बसे इन आतंकवादियों को भारत वापिस लाया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही भी की जाए। उक्त बात ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन एमएस बिट्टा ने शुक्रवार को सिविल लाईन क्षेत्र स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में फ्रंट के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन शर्मा द्वारा आयोजित प्रैसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पन्नू जैसे आतंकवादी पाकिस्तान की आईएसआई के एजेंट हैं। जो समय-समय पर पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के लोगों को धमकियां देने का काम करते रहे हैं। इन प्रदेशवासियों ने काफी लंबे समय तक आतंकवाद का दंश झेला है। हजारों की संख्या में अपने प्राणों का बलिदान भी दिया है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय सदैव देश के प्रति वफादार रहा है। समुदाय के धर्म गुरुओं ने देश की आन-बान-शान के लिए अपना व अपने परिजनों का सर्वोच्च बलिदान भी दिया है जो किसी से छिपा नहीं है। सिखों की वफादारी पर किसी भी तरह का संदेश नहीं किया जा सकता। गुरु तेगबहादुर के 400वें प्रकाशोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में गत दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सिख समुदाय के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। सिख व हिंदू समुदाय ने किसका क्या बिगाड़ा है। ये स्वयंभू आतंकवादी पंजाब को भारत से तोडकर अलग खालिस्तानी देश बनाना चाहते हैं, उनकी ये इच्छा कभी भी पूरी नहीं होगी। सिख समुदाय अपने प्राणों का बलिदान देकर भी उनकी इस इच्छा को पूरा नहीं होने देगा। हरियाणा में आगामी 29 अप्रैल को खालिस्तानी ध्वज फहराने का पन्नू का सपना कभी भी पूरा नहीं होगा। प्रैसवार्ता में फ्रंट के महासचिव विनोद भारद्वाज, नवीन शर्मा सहित पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे।

# अतिरिक्त निगमायुक्त ने मानसून की तैयारियों को लेकर की बैठक



**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**

नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त जयदीप कुमार ने शुक्रवार को इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा निर्देश दिए कि मानसून आने से पूर्व जलभराव से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करें, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। सैक्टर-42 स्थित निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित सहायक अभियंताओं को अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि जलभराव की संभावित जगहों पर पर्याप्त मशीनरी, पम्प एवं मैनपावर का प्रबंध समय पर करना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही विभिन्न नालों, ड्रेनेज व सीवरेज की सफाई मानसून से पूर्व ही पूरी कर लें। सहायक अभियंताओं ने बताया कि इस बारे में सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि इस बार मानसून में कहीं पर भी जलभराव नहीं होना चाहिए। बैठक में सहायक अभियंता संजोग शर्मा, दिनेश यादव, नरेन्द्र पंवार, दलीप यादव, हितेश दहिया, कृष्ण कुमार व मिलन यादव उपस्थित थे।

# सुधा सोसायटी ने कार्यक्रम का आयोजन कर दिया पृथ्वी संरक्षण का संदेश



**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**

सामाजिक संस्था सुधा सोसायटी फाउण्डेशन द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर धरती के संरक्षण और सुधार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में आरडब्ल्यूए साउथ सिटी फेस 2 के प्रधान नीरज यादव शामिल हुए। संस्था की अध्यक्ष रुचि सक्सेना ने बताया कि हमारे शास्त्रों में उल्लेख है कि धरती हमें जीवनोपयोगी वस्तुएं अन्न, फल फूल, पेड़ पौधे, वनस्पतियां, खनिज पदार्थ प्राप्त होती है। धर्म शास्त्रो मेंपृथ्वी से सर्वप्रथम क्षमा प्रार्थना करना सिखाया गया है। हमें धरती को संरक्षित रखने के लिए प्रयास करने चाहिए। पृथ्वी को बचाने के लिए पौधारोपण भी करना चाहिए, ताकि पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। जीकेभटनागर ने कहा कि पृथ्वी हमसे कभी भी नहीं लेती है हालांकि, पृथ्वी पर स्वस्थ जीवन की निरंतरता को बनाए रखने के लिए आमजन को प्रयास करने चाहिए।

इस अवसर पर अमिताभ खरे, पूजा भारद्वाज, अंजलि, दक्षता, मिनाज अली आदि शामिल रहे। ऊर्जा समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने बताया कि इस बार पृथ्वी दिवस 2022 का विषय ह्यहमारे ग्रह में निवेश करेंह्ल ह्यइन्वेस्ट इन अवसर प्लानेटह्ल घोषित किया गया है। इस वर्ष का पृथ्वी दिवस का विषय लोगों को एक साथ आने और जैव विविधता और ग्रह की रक्षा के लिए उपाय करने की आवश्यकता पर जोर देता है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय प्रगति की उस अद्भुत सफलता के बावजूद, हम खुद को एक और भी गंभीर, वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों, जैव विविधता के नुकसान, जलवायु परिवर्तन से लेकर प्लास्टिक प्रदूषण तक का सामना करते हुए पाते हैं। ऐसी स्थिति में पृथ्वी की गुणवत्ता, उर्वरकता और महत्ता को बनाए रखने के लिए हमें पर्यावरण और पृथ्वी को सुरक्षित रखने की जरूरत है।

## चालक की हत्या कर गाड़ी, नगदी व मोबाइल लूटने के मामले में दो गिरफ्तार

होडल। मुंडकटी थाना पुलिस ने गाडी चालक की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर गाडी, मोबाइल फोन व नगदी लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मामले में लिप्त तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों हत्यारों को अदालत में पेश करके आठ दिन की रिमांड पर ले लिया है। पुलिस पकड़े गए हत्यारों से वारदात में इस्तेमाल रस्सी, लूटी गई गाडी व नगदी बरामद करेगी। पुलिस को बदमाशों से अन्य वारदातों को खुलासा होने की उम्मीद है। होडल डीएसपी सज्जन व मुंडकटी थाना प्रभारी वेदपाल ङ्कषसह ने जानकारी में बताया कि 22 मार्च को गुडगांवा इफको चौक से तीन लोगों ने आगरा जाने के लिए सैलेरियों गाडी किराए पर की थी। उसके बाद जैसे ही गाडी नेशनल हाइवे गांव तुमसरा के निकट टोल पर पहुंची वैसे ही गाडी में सवार लोगों ने चालक गांव मीठापुर दिल्ली निवासी सुनील कुमार की पीछे से रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी थी और उसके शव को गांव डाढका रोड पर डालकर गाडी, मोबाइल व नगदी लूटकर ले गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सुनील कुमार के शव को कब्जे में लेकर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी थी।

# महाविद्यालय में रोजगार मेले का हुआ आयोजन



**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**

सैक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सैल के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 3 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्लेसमेंट सैल के प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि इस मेले में महाविद्यालय के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिनिधियों ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। 130 छात्रों ने साझात्कार दिया। प्रचार्य सत्यमन्यु यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान कराते हैं। छात्रों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ता। उन्होंने भविष्य में इस प्रकार के रोजगार मेले आयोजित कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर संजय कत्याल, मुकेश कुमारी, डा. कौशल, अजय, मोनिका, शीला, शुभ्रा जैन, शैली सोनी, प्रिया शर्मा आदि शामिल रहे।

# मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सेक्टर 38 के लोग जीवन जीने को मजबूर

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**





प्रदेश सरकार को सर्वाधिक रेवेन्यू देने वाले गुरुग्राम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, वहीं इन समस्याओं के कारण क्षेत्र की जनता परेशान है। सैक्टर 38 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, समाजसेवी लोकेश आहूजा आदि ने कहा कि सैक्टर 38 क्षेत्र के घरों में पेयजल आपूर्ति सुचारु रुप से नहीं की जा रही है। रात-दिन जनता पेयजल के इंतजार में बैठी रहती है। मजबूरन टैंकर खरीदकर घरों में पानी की पूर्ति करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 10 पार्क विकसित हैं, बाकी 13 पार्कों की एक करोड़ 16 लाख रुपए ग्रांट पिछले 2 साल से एमसीजी में लंबित है। पार्कों में समय पर सफाई न होने से पेड़ों के सूखे पत्ते पार्क में जमा हो गए हैं। जगह-जगह से टाईल्स आदि हटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सैक्टर की अधिकांश सडकें जर्जर अवस्था में हैं। सडकों पर पानी जमा रहता है। बच्चे, बुजुर्ग आदि गिरकर चोटिल हो चुके हैं। अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीवर लाईन जगह-जगह से जाम है। सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सडकों पर जमा रहता है। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में यह समस्या उठाई गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। क्षेत्रवासी समस्याओं के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। बरसाती पानी की निकासी के कोई प्रबंध नहीं है। ममता, अनिल कुमार गिरधर, श्रीपाल सिंह हंस, कुसुमलता, मंजू देवी, शिविर कुमार झा आदि ने बताया कि जीएमडीए द्वारा पानी की समस्या के अल्पकालीन समाधान के लिए एक और पानी का कनेक्शन स्वीकृत कराया है। एमसीजी को पानी के कनेक्शन के लिए 21 मार्च को पानी सिक्योरिटी मनी जमा करानी थी, जो 21 अप्रैल तक एमसीजी की ओर से एक माह पूरा होने पर भी जमा नहीं कराई गई है और न ही पानी के नए कनेक्शन के लिए पाइप लाईन के लिए कोई अनुमान पत्र बनाया गया है। उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों से आग्रह किया है कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# जीएसटी नंबर लेने में व्यापारियों को हो रही है परेशानी : पंकज

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**

जीएसटी में आये दिन समस्याए बढ़ती ही जा रही है, सरकार इसे आसान करने की बजाए उलझाती जा रही है। एमएसएमई वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष व कर सलाहकार पंकज वर्मा ने बताया कि उनके सामने अभी हाल ही में गुरुग्राम का मामला सामने आया है जिसमे एक युवा महिला जिसने जीएसटी नंबर का आवेदन दिया और उसके आवेदन पर ये आपत्ति का नोटिस भेज दिया गया जिसमें उन्हें बताया कि यह क्षेत्र मेरे एरिया में नही पड़ता। उन्होंने बताया कि जीएसटी आवेदन के समय राज्य सरकार का क्षेत्र अथवा वार्ड चुनने के लिए कही भी गाइड लाइन नही दी हुई है जबकि केंद्र का वार्ड-रेंज चुनने के लिए गाइड लाइन दी हुई है। ऐसे में क्षेत्र चुनने में व्यापारी की कोई गलती नही है इसलिये जीएसटी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि इस आवेदन को सही वार्ड में आंतरिक तोर पर स्थानांतरित करे, ना कि व्यापारी को विभाग के चक्कर लगाने पर मजबूर किया जाए। ये सिर्फ हरियाणा की खट्टर सरकार की गुड गवर्नेस का एक नमूना है जिसमे व्यापारी को परेशान किया जा रहा है और उससे बार बार किसी ना किसी तरह अधिकतर जीएसटी आवेदनों को आपत्तियां लगाकर रिजेक्ट किया जा रहा है। संविधान में आर्टिकल 19 में व्यापार करने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से आग्रह किया कि जीएसटी आवेदन करते ही, तुरंत व्यापारी को जीएसटी नंबर मिलना चाहिए बाकी जो भी आपत्तियां है, उसका निपटारा बाद में किया जाए सके, क्योंकि अब विभाग के पास व्यापारी का पैन, आधार, बैंक डेटा, पता, मोबाइल नंबर व ईमेल पता आ चुका है। इसलिये ये सब सूचना प्राप्त होने के बाद, व्यापारी को अन्य दातावेजो व अन्य कारणों से जीएसटी नंबर देने से वंचित रखना देश ,प्रदेश व नागरिक के विकास में रोड़ा है।

# विधायक सुधीर सिंगला ने शिवाजी पार्क में शुरू किया सड़क निर्माण कार्य

### एक करोड़ रुपये में बनेगा शिवाजी पार्क की आरएमसी सड़कें

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**



गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को शिवाजी पार्क कालोनी में आरएमसी सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इससे पूर्व उनका क्षेत्र के लोगों ने भव्य स्वागत किया। लोगों ने इस कार्य की शुरूआत के लिए विधायक का धन्यवाद भी किया। विधायक ने कहा कि शिवाजी पार्क कालोनी में सड़कों के निर्माण की जरूरत की सूचना के सथ ही उन्होंने इस पर काम शुरू कर दिया था।

यहां करीब एक करोड़ रुपये खर्च करके आरएमसी मेन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में सुविधाएं देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। बिजली, पानी, सड़कें आदमी की मूलभूत जरूरतें हैं। इनकी ना तो कमी होनी चाहिए और ना ही किल्लत। हर स्तर पर सरकार काम कर रही है। शहर में जरूरत अनुसार इन विषयों पर काम हो रहे हैं। श्री सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के विकास में केंद्र और राज्य सरकार का अहम योगदान है।

यहां कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम युद्ध स्तर पर जारी है। इन कार्यों के पूरा होने पर गुरुग्राम की कई समस्याएं खत्म होंगी। पुराने शहर में यातायात जाम की समस्या भी इन प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद सुधर जाएगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के हर प्रतिनिधि को अपने-अपने क्षेत्र में समस्याओं का आंकलन करके उनमें सुधार कराना चाहिए। हम सब जनता के चुने हुए हैं। जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरना हम सबका धर्म है। राजनीति सेवा का माध्यम है। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद नीरज यादव, बलबीर यादव, हर्षू शर्मा, अनुपम शर्मा, हुकम सिंह, अत्तर सिंह, दिनेश यादव व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 3 दिवसीय 69वें वार्षिकोत्सव का भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ



**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**

श्रीसनातन धर्मसभा (रजि०) श्रीकृष्ण मंदिर भीम नगर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पटौदी हरि मंदिर आश्रम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज की अध्यक्षता में 3 दिवसीय 69वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिला श्रद्धालु कलश के साथ शामिल हुई। श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान पवन पाहूजा बंटी व महासचिव किशोरीलाल डूडेजा ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित भव्य कलश यात्रा बैंड-बाजों के साथ पूरे भीम नगर क्षेत्र में निकाली गई। भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया और शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर मंदिर परिसर में ही संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में नगर निगम वार्ड 15 की पार्षद सीमा पाहूजा मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई। सीमा पाहूजा ने मंदिर सभा द्वारा आयोजित किए जा रहे समारोह की सराहना की और मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग करने के लिए सभी से आग्रह किया। उन्होंने बताया कि 3 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान भजन, सत्संग, हवन आदि का आयोजन किया जाएगा। आज शनिवार को एक शाम बांके बिहारी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्व विख्यात भजन सम्राज्ञी पूजा सखी भजनों की प्रस्तुति देंगी।

# सफल उद्यमियों की सफलता की कहानियों को अलग-अलग प्लेटफार्म का इस्तेमाल करते हुए आमजन से करें साझा

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**



अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि संबंधित अधिकारी स्वंयसहायता समूहों(एसएचजी) की सफलता की कहानी आमजन के बीच अलग-अलग प्लैटफार्म का इस्तेमाल करते हुए उनके बीच पहुंचाने का प्रयास करें। ऐसा करने से लोगों को प्रेरणा मिलेगी और वे जिला प्रशासन द्वारा करवाए जा रहे निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ते हुए इनका लाभ उठा सकेंगे। वे आज अपने कार्यालय में रूडसेट संस्थान की जिला स्तरीय परामर्श समिति की 128वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत आमजन को मार्किट की डिमांड के अनुरूप प्रशिक्षण कोर्सिज करवाए जाते हैं, ऐसे में जरूरी है कि लोगों तक ना केवल इन कोर्सिज के बारे में जानकारी पहुंचाई जाए बल्कि जो लोग ये कोर्स करके इन क्षेत्रों में सफल उद्यमी बनकर उभरे हैं उनकी सफलता की कहानी भी लोगों से सांझा की जाए। इतना ही नहीं , इन कोर्सिज को करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को बैंको द्वारा अलग-अलग योजनाओं के तहत दिए जाने वाले ऋणों से भी जोड़ा जाए ताकि वे आजीविका के साधन जुटा सकें। उन्होंने रूडसेट संस्थान के निदेशक संजय ढींगड़ा से कहा कि वे एसएचजी समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की मार्किटिंग के लिए भी रूपरेखा करें। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से दीप्ति ढीढसा ने बताया कि गत दिनों आयोजित सरस मेले में भी सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों को सम्मानित करने से लेकर खाने-पीने की व्यवस्था तक सभी सामान एसएचजी समूहों द्वारा तैयार किया गया था ताकि उन द्वारा तैयार उत्पादों को मंच मिल सके। संजय ढींगड़ा ने बताया कि रूडसेट संस्थान द्वारा स्वयंसेवी समूहों के प्रतिनिधियों को शॉर्ट टर्म कोर्सिज करवाए जा रहे हैं ताकि वे अन्य महिलाओं को भी अपने समूह से जोड़ते हुए प्रशिक्षण दें। रूडसेट संस्थान द्वारा ऐसे समूहों को ऋण आदि उपलब्ध करवाने में भी सहयोग दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नोएडा हार्ट में आयोजित किए जा रहे सरस मेले में रूडसेट के प्रशिक्षार्णियों द्वारा 5 स्टॉल लगाई गई जिसे लोगों द्वारा अत्यधिक पसंद किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक प्रहलाद रॉय गोदारा, एनआरएलएम से दिप्ती ढींढसा, केनरा बैंक से पी सी गोदारा, नाबार्ड से विनय कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे।

# टी आई रेडक्रास ने कारावास में किया एचआईवी जांच कार्यक्रम



**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**

सी.जी.एम ललिता पटवर्धन के सौजन्य एवं डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर केशव शर्मा के प्रावधान द्वारा जिला कारावास गुरुग्राम में प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिविल हॉस्पिटल आई.सी.टी.सी विभाग से सीनियर काउंसलर शिखा गर्ग, ए .आर.टी. विभाग से काउंसलर अमित कुमार मानसिक स्वास्थ्य विभाग से काउंसलर लता, टी .बी. विभाग से नवीन और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम टीङ्क आई ङ्क प्रोजेक्ट से प्रोजेक्ट मैनेजर रजनी कटारिया इस कार्यक्रम में गए। टी आई प्रोजेक्ट डायरेक्टर कम सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी विकास कुमार ने कहा कि टीआई टीम स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर इन दिन प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम कर रही है और आगे भी इसी प्रकार करती रहेगी। इनके द्वारा एच.आई वी., टी .बी व मानसिक स्वास्थ्य पर काउंसलिंग की गई और कोविड-19 विषय पर सभी को जागरूक भी किया गया। इसके पश्चात एच.आई.वी.की टेस्टिंग की गई। डीएलएसए और सिविल हॉस्पिटल के सहयोग इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी से क्लर्क मीनू भारद्वाज का इस प्रोग्राम में पूरा सहयोग रहा।

## बुलडोजरी बाबाओं के बोल

कथित कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सनातनी श्रोताओं का आह्वान कर रहे थे-हिंदुओ! एक हो जाओ। हाथों में हथियार थाम लो। कोई तुम्हारे घर पर पत्थर मारे, तो तुम बुलडोजर चलवा दो। जेसीबी का बंदोबस्त करो और उन पर जेसीबी भी चलवा दो। हिंदुओं पर हमला करने वालों को मिट्टी में मिला दो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह धर्मगुरू बाबा नहीं, ढाबा हैं, बुलडोजर हैं। लोग कह रहे हैं कि बाबा को गिरफ्तार करो। हां, मुझे पकड़ कर जेल में डाल कर दिखाओ। कथित कथावाचक एक भारी भीड़ का उद्बोधन कर रहे थे। सनातनी हिंदुओं को जागृत नहीं, उकसा-सुलगा रहे थे। यह भी अपराध है। मप्र सरकार के पांच कैबिनेट मंत्री उनके पांवों में बैठे कथावाचन सुन रहे थे और राजनीतिक तौर पर उपकृत हो रहे थे, क्योंकि वोट बैंक पुख्ता होता लग रहा था। कथित बाबा अपनी बात कहते, फिर ताली बजाते, हुलहुला कर खुद की ही पीठ ठोंकने लगते। हमें कथावाचक के स्थान पर बाबा विदूषक प्रतीत हो रहे थे। बहरहाल यह उनकी अपनी शैली हो सकती थी। वह आत्ममुग्ध होकर ही हिंदुओं से कोई विचार बांटना चाहते थे! इसी तरह यति नरसिंहानंद, अन्नपूर्णा सरीखे कुछ धर्मगुरुओं ने भविष्यवाणी की है कि 2029 में देश का प्रधानमंत्री मुसलमान होगा। हिंदू अल्पमत में आ रहे होंगे। तब बचे-खुचे हिंदुओं को एहसास होगा कि मुसलमान की हुकूमत कैसी होती है? लिहाजा अभी से हर हिंदू को कमोबेश चार बच्चे पैदा करने चाहिए। दो घर-परिवार के लिए और दो राष्ट्र-सेवा के लिए। साध्वी ऋतंभरा ने भी कई बार ऐसे ही आह्वान किए हैं। सांसद साक्षी महाराज भी अधिक बच्चे पैदा करने की बात लगातार कहते रहे हैं। आरएसएस प्रचारक भी ऐसा ही प्रचार करते रहे हैं। देश में जनसंख्या-विस्फोट और संतुलन तथा राष्ट्रीय संसाधनों की चिंता किसी को भी नहीं है। बहरहाल ऐसे भगवाधारी चेहरों की लंबी फेहरिस्त है। उन्हें जेल में भी डाला गया है, लेकिन कानूनी धाराएं इतनी कमजोर होती हैं कि वे जमानत पर रिहा हो जाते हैं। जिन बुलडोजरी बाबाओं की शरण में मंत्री, पुलिस अफसर और उद्योगपति नतमस्तक हों, उन भगवाधारियों को गिरफ्तार कौन कर सकता है? मौजूदा नफरती हिंसा और सांप्रदायिक विभाजन के दौर में भी हमारा कानून और संविधान अनुमति देते हैं कि कोई कुछ भी बोले? हिंदुओं को भड़काए और उकसाए? बुलडोजर के अवतारी बन जाएं? क्या ऐसे कथावाचक और कथित संतों को, हिंदू धर्म की परिभाषा में, धर्मगुरू माना जा सकता है? कमोबेश हम तो ऐसे अराजक तत्त्वों को धर्मगुरू का ओहदा देकर अपने धर्म और सनातनी संस्कृति को कलंकित करने को बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी दंगों के संदर्भ में पांच गंभीर आरोपितों पर रासुका थोपा गया है। यूएपीए की धाराएं भी चस्पा की जा सकती हैं। क्या उन्हें आतंकवादी करार दिया जा सकता है? अंतिम फैसला तो अदालत ही करेगी, लेकिन हिंदुओं के ऐसे स्वयंभू सरआम जहर उगल रहे हैं। जाहिर है कि हिंदू और मुसलमान के बीच नफरत, हिंसा, हथियारबाजी, साजिशों के हालात पुख्ता होंगे और शांति, समन्वय, सौहार्द, भाईचारा, सद्भाव आदि के संस्कार लुप्त होते जाएंगे। शांति और कामि र वही नहीं हैं, जिनके हाथों में पत्थर, लाठी, डंडा, तमंचा, कट्टा, बंदूक आदि हथियार मिले हैं। प्रथमदृष्ट्या ही सत्य नहीं माना जा सकता। ऐसे कथित संत और कथावाचक भी बराबर के जिम्मेदार हैं। कानून उस पक्ष को भी देखे। बुनियादी सवाल यह होना चाहिए कि दंगे क्यों भड़क उठते हैं? दो पुराने पड़ोसियों के दरमियान, हिंदू-मुस्लिम हो अथवा किसी अन्य समुदाय का, अचानक तलवारें क्यों तन जाती हैं? एक-दूसरे के खून के प्यासे क्यों हो जाते हैं? इन मनःस्थितियों पर अध्ययन किए जाते रहे हैं। उनके निष्कर्ष इंसानियत और अमन-चैन के पक्ष में रहे हैं। करीब 75-80 फीसदी आबादी को नफरती हिंसा से कोई सरोकार नहीं रहा है। दोनों पक्षों की ओर एक मुट्ठी भर जमात रही है, जो भड़काती, उकसाती, सुलगाती और मार-काट को तैयार करती है। यह भारत सरकार और उसकी एजेंसियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि अपराधी को यथाशीघ्र उचित दंड दिया जाए। चूंकि सवाल वोट बैंक की राजनीति का है, लिहाजा आधी-अधूरी कार्रवाई की जाती है। सांप्रदायिक विभाजन की दरारें कुछ वक्त के लिए भरी जाती हैं। फिर मौका मिलते ही राक्षस प्रकट हो जाता है। हम भारत सरकार के सूत्रधारों को उनका दायित्व याद दिला सकते हैं, लेकिन निर्णय उनकी मानसिकता का लेना है। सोचने वाली बात यह है कि आखिर हिंदुओं और मुसलमानों, जो अब तक साथ-साथ रहे हैं, में तलवारें क्यों तन रही हैं। इस मसले को शांत किया जाना चाहिए।

## मोटे नहीं, पौष्टिक हैं ये अनाज

कुलभूषण उपमन्यु

हमारे देश में अनाजों की विविधता की संस्कृति रही है। चावल, गेहूं के अतिरिक्त ज्वार, बाजरा, कोदरा (रागी), कंगनी, चीणा, स्वांक (झंगोरा) आदि कई अनाज उगाए जाते थे और उनके पोषक तत्त्वों के ज्ञान के आधार पर उनका मौसम या तासीर के हिसाब से भोजन में उपयोग किया जाता था। किंतु हरित क्रांति के दौर में न जाने कहां से यह भ्रमपूर्ण विचार फैल गया कि गेहूं-चावल ही उत्कृष्ट अन्न हैं और बाकी को मोटे अनाज कह कर हीन दृष्टि से देखा जाने लगा। कुछ लोग तो अज्ञानवश ये सोचने लग पड़े कि ये मोटे अन्न गरीबों का खाना हैं। अतः इन अनाजों का न केवल अनदेखी हुई, बल्कि इन्हें हिकारत की दृष्टि से देखा जाने लगा। किंतु एक जानकार वर्ग इनके संरक्षण और गुणवत्ता के ज्ञान का रक्षक बना रहा और आज फिर से इन अनाजों के प्रति चेतना फैलना शुरू हुई है। इन अनाजों को रासायनिक खादों और दवाइयों की भी जरूरत नहीं पड़ती क्योंकि इनमें कीड़ा नहीं लगता, और ये कम उपजाऊ जमीनों में भी बढ़िया पैदावार देते हैं। ये पौष्टिक भोजन और चारा देते हैं। यदि इनके मुकाबले में गेहूं-चावल के पोषक तत्त्वों को देखें तो ये 4-5 गुणा ज्यादा पौष्टिक पाए जाते हैं। प्रति सौ ग्राम कोदरा-रागी में धातुएं : कोदरा-2.7 ग्रा., कंगनी-3.3 ग्रा., स्वांक-झंगोरा- 4.4 ग्रा., चावल-0.7 ग्रा., गेहूं-1.5 ग्रा., आयरन : कोदरा-3.9 मि. ग्रा., कंगनी-2.8 मि. ग्रा., झंगोरा-15.2 मि. ग्रा., गेहूं-5.3 मि. ग्रा., चावल-0.7 मि. ग्रा., कैल्शियम : कोदरा-रागी- 344 मि. ग्रा., कंगनी 31 मि. ग्रा., झंगोरा-11 मि. ग्रा., गेहूं-10 मि. ग्रा., चावल-41 मि. ग्रा., रामदाना-स्यु- 159 मि. ग्रा., फाइबर : कोदरा- 3.6 ग्रा., कंगनी- 8 ग्रा., स्वांक-झंगोरा- 10.1 ग्रा., गेहूं-1.2 ग्रा., चावल-0.2 ग्रा., जौ-15.6 ग्रा. इस तरह हम पाते हैं कि जरूरी पौष्टिक तत्त्वों के मामले में इन अनाजों की अनदेखी करके हम अपने ही स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हमें इन पौष्टिक तत्त्वों की कमी होने की सूरत में बनावटी दवाइयों के रूप में इन पौष्टिक तत्त्वों को डाक्टर के कहने पर खाना पड़ता है। गेहूं-चावल की खेती में तो रासायनिक दवाइयों की भरमार हो रही है। ये मोटे अनाज तो बिना दवाइयों और रासायनिक खादों के ही हो जाते हैं। इस लिए ये रासायनिक जहरों द्वारा मानव शरीर को हो रहे नुकसान के खतरे से भी खाली हैं। रासायनिक खेती के चलते पंजाब की बठिंडा पट्टी तो कैंसर पट्टी के नाम से मशहूर हो गई है, क्योंकि इस क्षेत्र में हर घर में कोई न कोई कैंसर रोग से पीड़ित मिल जाएगा। खेती विरासत मिशन जैसी संस्थाएं इन क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती को वैज्ञानिक तरीके से करने का प्रचार कर रही हैं। उन्हें समाज से भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। हम जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रवेश कर चुके हैं। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ इसमें वर्षा भी अनिश्चित हो जाएगी। इससे सामना करना भी पड़ रहा है। यह क्रम बढ़ता जाएगा। इससे खेती के लिए पानी का संकट भी बढ़ता जाएगा, क्योंकि बारिशों के दिन कम हो जाएंगे और बौछार बढ़ जाएगी। भारत में पहले ही 80 फीसदी बारिश मॉनसून के तीन महीनों में ही हो जाती है। शेष वर्ष पानी की कमी बनी रहती है, जिसके चलते अंतरराज्यीय टकराव और अंतर-व्यावसायिक टकराव भी बढ़ते जाएंगे। उद्योगों और घरेलू प्रयोग के लिए भी पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। खेती में जिन फसलों को बढ़ा रहे हैं, वे सब ज्यादा पानी की मांग करती हैं। जबकि ये पौष्टिक अनाज थोड़े पानी में भी अच्छी फसल दे जाते हैं। गन्ने को इन पौष्टिक अनाजों के मुकाबले 5 गुणा और धान को तीन गुणा पानी चाहिए। जैसे यह कुछ महीने ही हमारे देश में पानी की बहुतायत होती है, वैसे ही क्षेत्रवार भी हमें काफी असमानता झेलनी पड़ती है। सतही जल के 71 फीसदी जल संसाधन 36 फीसदी क्षेत्र को ही उपलब्ध हैं और 64 फीसदी क्षेत्र 29 फीसदी साधनों पर निर्भर है। देश में 56.7 फीसदी क्षेत्र वर्षा आधारित खेती पर निर्भर है। इसलिए बहुत तेज गति से भूजल दोहन बढ़ा है। भारतवर्ष दुनिया का सबसे बड़ा भूजल उपयोगकर्ता बन गया है। 75.80 फीसदी सिंचाई भूजल से हो रही है। इससे भूजल स्तर भी तेजी से घट रहा है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में भूजल स्तर 2002-8 के आकलन के मुताबिक प्रतिवर्ष 33 सेंटीमीटर की दर से घट रहा है। अब तक यह दर और भी बढ़ चुकी होगी। इसी कारण देश के 33 फीसदी जिले भूजल की दृष्टि से असुरक्षित घोषित हो चुके हैं। दुनिया की 16 फीसदी आबादी हमारे देश में बसती है और सतही जल के 4 फीसदी संसाधन ही हमारे पास हैं। प्रति व्यक्ति, प्रति वर्ष जल उपलब्धता 1170 घन मीटर ही है, जबकि 1700 घन मीटर से कम जल उपलब्धता जल संकट माना जाता है।

# वीरता और शौर्य के पर्याय वीर कुंवरसिंह

**स्वंत्रता संग्राम की एक लंबी कड़ी है, लेकिन इस कड़ी की बुनियाद किसी ने डाली, तभी वह परवान चढ़ता गया। अलग-अलग तौर-तरीके, विचार, ठिकाना के बावजूद एकमात्र उद्देश्य था, देश को विदेशी दासता से मुक्त कराना। स्वतंत्रता संग्राम की आग सालों तक धधकती रही और इस आग में ना जाने कितने शूर वीरों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। आज हम एक ऐसे ही योद्धा को याद करते हैं,जिन्होंने उस उम्र में अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए, जिस उम्र में लोग लाठी के सहारे भी सही से नहीं चल पाते। इसमें वीर कुंवर सिंह का नाम अग्रणी है। उनकी वीरता और शौर्य को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने उनके बारे में लिखा है, कि उस बूढ़े ने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध अद्भुत वीरता और आन-बान के साथ लड़ाई लड़ी। यह गनीमत थी कि युद्ध के समय कुंवर सिंह की उम्र अस्सी के करीब थी। अगर वह जवान होते तो शायद अंग्रेजों को 1857 में ही भारत छोड़ना पड़ता।**





**डॉ. संजय मयूख**
**लेखक भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा राष्ट्रीय मीडिया के सह प्रभारी और बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं**


हम आज स्वतंत्र देश में सांस ले रहे हैं। लेकिन, यह स्वतंत्रता हमें आसानी से नहीं मिली थी। इसके लिए हमें वर्षो तक तप,संघर्ष और बलिदान देना पड़ा था। हमारे पूर्वजों की कुबार्नी ली गई थी। स्वंत्रता संग्राम की एक लंबी कड़ी है, लेकिन इस कड़ी की बुनियाद किसी ने डाली तभी वह परवान चढ़ता गया। अलग-अलग तौर-तरीके, विचार, ठिकाना के बावजूद एकमात्र उद्देश्य था, देश को विदेशी दासता से मुक्त कराना। स्वतंत्रता संग्राम की आग सालों तक धधकती रही और इस आग में ना जाने कितने शूर वीरों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। आज हम एक ऐसे ही योद्धा को याद करते हैं,जिन्होंने उस उम्र में अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए, जिस उम्र में लोग लाठी के सहारे भी सही से नहीं चल पाते। इसमें वीर कुंवर सिंह का नाम अग्रणी है। उनकी वीरता और शौर्य को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने उनके बारे में लिखा है, कि ह्यउस बूढ़े ने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध अद्भुत वीरता और आन-बान के साथ लड़ाई लड़ी। यह गनीमत थी कि युद्ध के समय कुंवर सिंह की उम्र अस्सी के करीब थी। अगर वह जवान होते तो शायद अंग्रेजों को 1857 में ही भारत छोड़ना पड़ता। विदेशी शासन से मुक्ति के लिए लगातार संघर्ष में पहला संग्राम 1857 में हुआ था। बुद्ध और महावीर की साधना की भूमि बिहार, जो शांति की धरती थी, वह 1857 के संग्राम के साथ ही क्रांति की भी धरती बन गई। भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक रहे जगदीशपुर के बाबू वीर कुंवर सिंह को एक अद्वितीय वीरतापूर्ण व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने 80 वर्ष की आयु में भी लड़ने तथा जीत हासिल करने का कीर्तिमान बनाकर युवा पीढ़ियों को एक संदेश दे गए कि मन में जुनून हो तो उम्र कभी बाधा नहीं बनती है।

अपनी ढलती उम्र और बिगड़ते स्वास्थ्य के बावजूद कभी भी अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेकते हुए डटकर सामना करनेवाले वीर कुंवर सिंह वीरता और शौर्य के पर्याय बनकर भारत के इतिहास में अमिट छाप छोड़ चुके हैं। बिहार के शाहाबाद (भोजपुर) जिले के जगदीशपुर गांव में 13 नवंबर 1777 को जन्म लेनेवाले वीर कुंवर सिंह के पिता बाबू साहबजादा सिंह प्रसिद्ध शासक भोज के वंशजों में से थे। उनके माताजी का नाम पंचरत्न कुंवर था। उनके छोटे भाई अमर सिंह, दयालु सिंह और राजपति सिंह एवं इसी खानदान के बाबू उदवंत सिंह, उमराव सिंह तथा गजराज सिंह नामी जागीरदार रहे तथा अपनी आजादी कायम रखने के लिए हमेशा लड़ाई लड़ते रहे। साल 1848-49 में जब अंग्रेजी शासकों ने विलय नीति अपनाई, जिसके बाद भारत के बड़े-बड़े शासकों के अंदर रोष और डर जाग गया। वीर कुंवर सिंह को अंग्रेजों की ये बात रास ना आई और वह उनके खिलाफ उठ खड़े हुए। इस दौरान वीर कुंवर सिंह ने अपने साहस, पराक्रम और कुशल सैन्य शक्ति का उद्धहरण पेश करते हुए सेनाओं का नेतृत्व किया और ब्रिटिश सरकार को घुटनों पर ला दिया। उन्होंने अपने पराक्रम से आरा शहर, जगदीशपुर तथा आजमगढ़ आजाद कराया। ये कुंवर सिंह ही थे जिनके कारण अंग्रेजी हुकूमत के बीच 81 दिनों तक आजाद रहा था। बाबू कुंवर सिंह शाहाबाद की कीमती और अतिविशाल जागीरों के मालिक थे। सहृदय और लोकप्रिय कुंवर सिंह को लोग बहुत चाहते थे। यही कारण था कि वे अपने गांववासियों में लोकप्रिय थे। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बाबू कुंवर सिंह की भूमिका काफी महत्वपूर्ण थी। उस समय मंगल पाण्डे की बहादुरी ने सारे देश को अंग्रेजों के खिलाफ खड़ा किया तो बाबू कुंवर सिंह ने भारतीय सैनिकों का नेतृत्व करते हुए स्वतंत्रता संग्राम को तेज धार दिया। उन्होंने 27 अप्रैल 1857 को दानापुर के सिपाहियों, भोजपुरी जवानों और अन्य साथियों के साथ मिलकर आरा नगर पर कब्जा कर लिया। इस तरह कुंवर सिंह का अभियान आरा में जेल तोड़ कर कैदियों की मुक्ति तथा खजाने पर कब्जे से प्रारंभ हुआ। कुंवर सिंह रुके नहीं और उनका अभियान जारी रहा। उन्होंने एक मोर्चा बीबीगंज में भी खोला, जहां दो अगस्त 1857 को अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए। जब अंग्रेजी फौज ने आरा पर हमला करने की कोशिश की तो बीबीगंज और बिहिया के जंगलों में घमासान लड़ाई हुई। बहादुर स्वतंत्रता सेनानी जगदीशपुर की ओर बढ़ गए। अंग्रेजों ने जगदीशपुर पर भयंकर गोलाबारी की। क्रूरता की हद तो यह थी कि घायलों को भी फांसी पर लटका दिया। महल और दुर्ग को खंडहर में तब्दील कर दिया गया। परेशानी के बावजूद कुंवर सिंह में अंग्रेजी हुकुमत को खत्म करने का जज्बा ज्यों का त्यों बना हुआ था।

सितंबर 1857 में वे रीवा की ओर निकल गए। वहां उनकी मुलाकत नाना साहब से हुई और वे एक और जंग करने के लिए बांदा से कालपी पहुंचे, लेकिन लेकिन सर कॉलिन के हाथों तात्या की हार के बाद कुंवर सिंह कालपी नहीं गए और लखनऊ आए। इस बीच बाबू कुंवर सिंह रामगढ़ के बहादुर सिपाहियों के साथ बांदा, रीवां, आजमगढ़, बनारस, बलिया, गाजीपुर एवं गोरखपुर में वीरता के डंका बजाते रहे। इस बीच कुंवर सिंह बिहार की ओर लौटने लगे। जब वे जगदीशपुर जाने के लिए गंगा पार कर रहे थे तभी उनकी बांह में एक अंग्रेजों की गोली आकर लगी। उन्होंने अपनी तलवार से कलाई काटकर गंगा नदी में प्रवाहित कर दी। इन्होंने 23 अप्रैल 1858 में जगदीशपुर के पास अंतिम लड़ाई लड़ी। अंग्रेजी सेना को पराजित करके ईस्ट इंडिया कंपनी के भाड़े के सैनिकों को पूरी तरह खदेड़ दिया। उस दिन बुरी तरह घायल होने पर भी इस बहादुर ने जगदीशपुर किले से गोरे पिस्सुओं का ह्ययूनियन जैकह्न नामका झंडा उतारकर ही दम लिया। अपनी सेना के साथ जंगलों की ओर चले गए और अंग्रेजी सेना को पराजित करके 23 अप्रैल, 1858 को जगदीशपुर पहुंचे। वह बुरी तरह से घायल हो गए थे। 1857 की क्रान्ति के महान नायक ने अदम्य वीरता का प्रदर्शन करते हुए 26 अप्रैल 1858 को वीरगति प्राप्त की। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली भाजपा सरकार ने आजादी के अमृत वर्ष में सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद रखने के लिए अभियान चलाया है। इसी कड़ी में 23 अप्रैल को बिहार के जगदीशपुर में विजयोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। इसमें 75 हजार ध्वज लगाए जाएंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होनेवाले इस आयोजन को लेकर एक अजब उत्साह है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से मोदी सरकार नई पीढ़ी को अपने बुलंद विरासत से परिचित कराना चाहती है।

# शरीफ कितने रहेंगे भारत के साथ शरीफ

**वरना पाकिस्तानी सेना के साए में रहने वाली वहां की सरकारों के लिए भारत से संबंधों को मधुर तथा मजबूत बनाने के बारे में सोचने से पहले रावलपिंडी के आर्मी हाउस से हरी झंडी लेनी पड़ती है। अब दोनों देशों को बिना देर किए कम से कम आपसी व्यापार तथा सरहद के आरपार रहने वाली जनता को एक-दूसरे से मिलने जुलने की इजाजत देने में देरी नहीं करनी चाहिए। शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार में भारत से पाकिस्तान जाकर बस गए मुसलमानों के हितों के लिए लड़ने वाली राजनीतिक पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मुवमेंट (एमक्यूएम) भी है। इसके नेता अल्ताफ हुसैन की यही मुख्य मांग रही कि मुहाजिर परिवारों को अपने बच्चों के निकाह उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली वगैरह के परिवारों में करने की इजाजत मिले। यह सच है कि दोनों मुल्कों के रिश्तों में तल्खी रहने के कारण बंटवारे के वक्त बंटे परिवार हमेशा के लिए एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं।**





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत के साथ दोस्ती तथा सौहार्दपूर्ण संबंधों की इच्छा जताई है। यह सुखद है। वर्ना पाकिस्तानी सेना के साए में रहने वाली वहां की सरकारों के लिए भारत से संबंधों को मधुर तथा मजबूत बनाने के बारे में सोचने से पहले रावलपिंडी के आर्मी हाउस से हरी झंडी लेनी पड़ती है। अब दोनों देशों को बिना देर किए कम से कम आपसी व्यापार तथा सरहद के आरपार रहने वाली जनता को एक-दूसरे से मिलने जुलने की इजाजत देने में देरी नहीं करनी चाहिए। शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार में भारत से पाकिस्तान जाकर बस गए मुसलमानों के हितों के लिए लड़ने वाली राजनीतिक पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मुवमेंट (एमक्यूएम) भी है। इसके नेता अल्ताफ हुसैन की यही मुख्य मांग रही कि मुहाजिर परिवारों को अपने बच्चों के निकाह उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली वगैरह के परिवारों में करने की इजाजत मिले। यह सच है कि दोनों मुल्कों के रिश्तों में तल्खी रहने के कारण बंटवारे के वक्त बंटे परिवार हमेशा के लिए एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। खैर, शरीफ तथा भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के बीच हाल के दिनों में हुए संदेशों के आदान-प्रदान से यह उम्मीद बंधी है कि सरहद के आर-पार रहने वाले परिवार फिर से करीब आएंगे। ये आपस में निकाह करके खिश्तों की डोर को बांधे हुए थे। कुछ दशक पहले तकहर साल सैकड़ों निकाह होते थे, जब दूल्हा पाकिस्तानी होता था और दुल्हन हिन्दुस्तानी। इसी तरह से सैकड़ों शादियों में दुल्हन पाकिस्तानी होती थी और दूल्हा हिन्दुस्तानी। नवाब मंसूर अली खान पटौदी के रिश्त के भाई तथा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान ने चंदेक साल पहले अपने पुत्र के लिए भोपाल की कन्या को अपनी बहू बनाया था। उनके फैसले पर पाकिस्तान में कट्टरपंथियों ने शहरयार पर हल्ला बोलते हुए कहा था ह्लशर्म की बात है कि शहरयार खान को अपनी बहू भारत में ही मिली।ह्व जवाब में शहरयार खान ने कहा, ह्लभोपाल मेरा शहर है। मैं वहां से बहू नहीं लाऊंगा तो कहां से लाऊंगा। आप पाकिस्तान के चोटी के अखबारों में छपे वैवाहिक विज्ञापनों को देख लीजिए। आपको समझ आ जाएगा कि वहां पर मुहाजिर किस तरह से पुरखों की जड़ों से जुड़े हुए हैं। आपको तमाम विज्ञापनों में ये लिखा मिल जाएगा, वर (वधू) यूपी से हों या यूपी से संबंध रखते हैं। यूपी का मतलब ही मुहाजिर से है। उधर यूपी में वे सब लोग शामिल हो जाते हैं,जो भारत से जाकर बसे थे।

**तिजारती रिश्ते शुरू हों**

भारत की यह भी चाहत है कि कश्मीर मसला हल होने से पहले ही दोनों पड़ोसी मुल्क अपने व्यापारिक संबंधों को एक्टिव कर लें । चूंकि शाहबाज शरीफ और उनकी पार्टी के नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का संबंध एक बिजनेस करने वाले परिवार से है, इसलिए वे भारत की चाहत का सम्मान करेंगे। जानने वाले जानते हैं कि शरीफ परिवार की स्टील कंपनी ह्यइत्तेफाकह्न का भारत की चोटी की स्टील कंपनी जिंदल साउथ वेस्ट (जेएसडब्ल्यू) से कारोबारी संबंध है। जेएसडब्ल्यू के चेयरमेन सज्जन जिंदल के शरीफ परिवार से निजी संबंध हैं। इस बात को कभी शरीफ परिवार ने छिपाया नहीं है।

**शरीफ सीखें चीन से**

पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री तथा सरकार को भारत-चीन संबंधों से सीखना होगा। भारत-चीन के बीच जवाहर लाल नेहरु के जमाने से ही जटिल सीमा विवाद है, पर इसके साथ दोनों देशों के बीच तिजारती रिश्ते भी लगातार मजबूत हो रहे हैं। फिलहाल दोनों देशों का दिवपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर के करीब पहुंच रहा है। साफ है कि भारत-चीन आपसी व्यापार बढ़ता ही रहेगा। तो चीनी उत्पादों का बहिष्कार करने के नारों को कोई बहुत ज्यादा असर नहीं हुआ। हकीकत यह है कि भारत चीन से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों तथा मोबाइल फोन कंपोनेंट्स का बहुत बड़े स्तर पर आयात करता है। हमारी फार्मा कंपनियों की भी चीन पर निर्भरता तो खासी अधिक है। इस निर्भरता को हम कुछ महीनों में या नारेबाजी मात्र से तो खत्म नहीं कर सकते। जब तक हम खुद आत्म निर्भर नहीं हो जाते तब तक तो हमें चीन से विभिन्न उत्पादों का आयात करना होगा। बहरहाल, अब भारत-पाकिस्तान के आपसी व्यापार की हालत को जान लेते हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) मानता है कि अगर दोनों देशों की सरकारों की तरफ से आपसी व्यापार को गति देने की पहल हो तो 2.7 अरब ड़ॉलर का आंकड़ा 10 अरब ड़ॉलर तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान की धूल में जाती अर्थव्यवस्था को पंख लगाने की शाहबाज शरीफ को कसकर कोशिशें करनी होगी। फिलहाल उनका देश अर्थव्यवस्था भारी संकट में है। पाकिस्तानी रुपया डॉलर के मुकाबले बेहद कमजोर हो चुका है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो रहा है। इमरान खान प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़ने से पहले पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ा गए हैं। वे कहते रहे कि अमेरिका उन्हें हटाना चाहता है। इस कारण अमेरिका पाकिस्तान से नाराज है। हालांकि अमेरिका ने पाकिस्तान को बार-बार संकट से निकाला है। पाकिस्तान की धूर्त और भ्रष्ट सेना को भी यह समझना होगा कि भारत के साथ शांति के रास्ते पर चलकर ही उनका मुल्क विकास कर सकेगा। उसका एक पक्ष व्यापारिक संबंध मजबूत करना भी है। पाकिस्तानी सेना ने देश की प्राथमिकताएं बदली हैं। पाकिस्तान में शिक्षा बजट से सात गुना अधिक है रक्षा बजट। इस सोच के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर चुकी है।

शरीफ को लेकर की जा रही इन तमाम उम्मीद भरी बातों के बीच अभी उन्हें साबित करना होगा कि वे सच में अपने मुल्क का भला चाहते हुए अपनी एक असल में शरीफ प्रधानमंत्री की इमेज को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं। शाहबाज शरीफ के साथ एक बड़ी चुनौती यह भी रहेगी कि पाकिस्तान का सबसे बड़ा सूबा पंजाब घनघोर रूप से भारत विरोधी रहा है। क्या वह अब बदलेगा यह भी देखना होगा। इसके लिए शाहबाज शरीफ को पंजाब में भारतीय विरोधी मनाहौल को खत्म करना होगा। यह संभव है क्योंकि उनका और उनकी पार्टी का पंजाब में गजब का असर है।

# अतीत, वर्तमान और भविष्य

पीके खुराना

कभी हम सोने की चिड़िया के नाम से जाने जाते थे। पुरानी पीढ़ी के बहुत से लोग आज भी उस शानदार अतीत पर गर्व करते हुए जी रहे हैं। एक जमाना था जब सादगी हमारी संस्कृति में थी, दिखावा कम था और थोड़े में गुजारा करने की आदत थी। धीरे-धीरे जमाना बदला, आधुनिकता की दौड़ में हम पश्चिमी संस्कृति को अपनाते चले गए और हम समाजवादी अर्थव्यवस्था से बदलकर पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के हामी होते चले गए। कृषि प्रधान युग में जमीन का बहुत महत्त्व था और ज्यादा उपज के लिए ज्यादा जमीन की दरकार थी। तब श्रम-शक्ति का जमाना था, फिर कारखाने आए, बड़ी-बड़ी मशीनें आईं, उनका विरोध होता रहा, पर जमाना बदलता रहा और एक-एक मशीन ने कई-कई आदमियों का काम करना शुरू कर दिया। विज्ञान ने कुछ और प्रगति की और कंप्यूटर जी आ टपके। कंप्यूटर ने दुनिया को बदला। फिर जब इंटरनेट की शुरूआत हुई तो मानो चमत्कार ही हो गया। शून्य का आविष्कार, पहिए का आविष्कार, टेलिफोन और बिजली के बल्ब का आविष्कार आदि विज्ञान के विकास के विभिन्न मोड़ बने, पर आज वे छोटी बातें नजर आती हैं। इंटरनेट के बाद सोशल मीडिया ने एक बार फिर हमारे जीने के अंदाज को बदला है। पुराने जमाने में कई खूबियां थीं, पर कुछ खामियां भी थीं। नए जमाने में भी खूबियां और खामियां दोनों ही हैं। हमें सिर्फ यह याद रखना चाहिए कि पुराने जमाने को पुराना कहा ही इसलिए जाता है क्योंकि वह पुराना था, अतीत है, बीत चुका है। वर्तमान हर क्षण नया है, नवीन है। पुराने जमाने की सभी बातें नए जमाने पर लागू नहीं हो सकतीं। हम समय की सूइयों को वापस नहीं ले जा सकते। बदलते समय के साथ कुछ चीजें भी बदल ही जाती हैं। हमें इस बदलाव को समझना होगा, अपनाना होगा और इससे लाभ उठाना होगा, अन्यथा हम भी पुराने पड़ जाएंगे। हम अतीत से सीख सकते हैं, अतीत पर गर्व कर सकते हैं, पर यदि हमारा वर्तमान गौरवशाली न हो तो हम अतीत पर गर्व करते नहीं रह सकते। अतीत बीत चुका है, अतः हमारा अतीत हमारा भविष्य नहीं हो सकता। इसी प्रकार हम क्या कर सकते हैं, इससे किसी को मतलब नहीं है क्योंकि हम जो कर चुके हैं, वह हमारी पहचान है, हमारी क्षमता का पैमाना है। हमारी असली पहचान हमारी उपलब्धियों और हमारे वर्तमान से है। इसलिए प्रगति का तार्किक तरीका यही है कि हम अपने अतीत से सीखें, उस सीख का वर्तमान में प्रयोग करें और भविष्य को सुधारने के लिए उचित कदम उठाएं। ऐसा हर मोर्चे पर करना होगा। हम जानते हैं कि हमारे संविधान निमार्ताओं ने एक समाजवादी देश की कल्पना की थी जहां गरीबों को भी उन्नति के समान अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने सरकार का पूंजीवादी ढांचा नहीं अपनाया था। उसी का परिणाम था कि देश में लाइसेंस राज आरंभ हुआ। धीरे-धीरे जब लाइसेंस राज की खामियां उजागर हुईं और अर्थव्यवस्था डगमगाने लगी तो मजबूरन देश को पूंजीवाद की राह पर चलना पड़ा। स्वर्गीय प्रधानमंत्री नरसिंह राव की सरकार ने उदारवाद की शुरूआत की और देश में विकास की एक नई लहर चली। पीवी नरसिंह राव की सरकार में वित्त मंत्री रहे डा. मनमोहन सिंह को उदारवाद के प्रणेता के रूप में याद किया जाता है। प्रधानमंत्री बनने के बाद डा. मनमोहन सिंह ने कई अन्य उदारवादी कदम उठाए और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया, सबसिडी पर अंकुश लगाए। मैंने सदैव इस बात की हिमायत की है कि उद्योग-व्यापार आदि में सरकार की भूमिका न्यूनतम होनी चाहिए। हम राशन में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) का हश्र भी देख चुके हैं और मेरा सदैव यह मत रहा है कि इस भ्रष्टाचारी प्रणाली को बदला जाना आवश्यक है। मोदी सरकार ने हर सरकारी सुविधा को आधार कार्ड से जोड़कर इसे एक नया आयाम दिया है जिससे सरकारी सुविधाओं के उपभोग से संबंधित भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। समस्या यह है कि सबसिडी के मामलों में हम अक्सर भावुकता से सोचते हैं और दिल के फैसले को दिमाग पर हावी होने देते हैं। इससे भी ज्यादा संवेदनशील मुद्दा आरक्षण का है। आरक्षण एक मीठा जहर है जिसने दलित समाज को बैसाखियों का आदी बना दिया है और दलित वोटों के लालच में राजनीतिज्ञों ने समाज में घृणा के बीज बो दिए हैं। पश्चिमी कार्य-संस्कृति (वर्क कल्चर) ने हमें निरपेक्ष रहकर चीजों और घटनाओं का विश्लेषण करना सिखाया है। आज हमें यह सोचना होगा कि क्या हम अनुदान की प्रथा को ज्यादा तर्कसंगत बना सकते हैं, क्या हम दया के पात्र बने रह कर आरक्षण की बैसाखियों पर चलना चाहते हैं, क्या हम भ्रष्टाचार और अकुशलता को बर्दाश्त करने के आदी बने रहना चाहते हैं या उनकी तुरंत शिकायत करके देश को बदलना चाहते हैं, क्या हम पुराने तर्कों और वहमों में फंसे रहकर कुछ कर्मकांड करते रहना चाहते हैं या उनका वैज्ञानिक विश्लेषण करके अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना चाहते हैं? क्या हमारे पास अपने जीवन को कुछ और बढ़िया बनाने का कोई विचार है या हम एक ढर्रे पर जीना चाहते हैं? क्या हम अपने आसपास के लोगों को जागरूक बनाकर समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं या फिर हमें क्या?

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने की कर्मचारीगणों के साथ गोष्ठी आयोजित



बिजनौर। शुक्रवार को डॉ0 धर्मवीर सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन सभागार में क्राईमब्रान्च, पेन्शन सेल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय पेशी के कर्मचारीगणों के साथ गोष्ठी कर उनके कार्य की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### कॉलेज टॉप करने छात्रा को पुरुस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया



नगीना। हिन्दू इंटर कॉलेज की गृह परीक्षाओं में कॉलेज टॉप करने वाली कक्षा 11 की कला संकाय की छात्रा विधिका विश्नोई को प्रधानाचार्य यशवीर सिंह ने पुरुस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया। विधिका विश्नोई ने कॉलेज में कक्षा 11 के सभी चारों वर्गों विज्ञान, वाणिज्य, कला व व्यावसायिक शिक्षा संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये हैं। विधिका विश्नोई मोहल्ला विश्नोई सराय निवासी पवन विश्नोई की बेटी है। इस अवसर पर कक्षा अध्यापक धीरेन्द्र कुमार तिवारी व अन्य अध्यापक सुनील कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत कुमार त्यागी, राधेश्याम, धीरज कुमार सिंह, आदर्श कुमार कटियार आदि अध्यापको ने सभी बच्चों को बधाई दी और अगली कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### भीषण गर्मी के प्रकोप से सड़कें व गलियां हुईं सुनसान



नगीना। नगर में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से रोजेदारों को गर्मी व भूख प्यास की शिद्दत सता रही है। तापमान के बढ़ने से गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। गुरूवार को नगर व आसपास के क्षेत्रों में आसमान पर बादलों के छाने से सूरज के ताप में कुछ कमी आई। जबकि दोपहर तक हवाओं में गर्मी का अहसास रहा लेकिन शाम तक ऐसा लगने लगा कि शायद आंधी आ जाये आसमान पर धुन्ध के साथ ठंडी हवाओं के चलने से रोजेदारों को काफी राहत महसूस हुई। रमजान के 19 वा रोजा आ गया। लेकिन अप्रैल माह में लगातार गर्मी के बढ़ने और वर्षा के न होने से लोगों को गर्मी का शिद्दत से अहसास हो रहा है। जिसके कारण पानी की जरूरत इंसानों के साथ साथ जानवरों को भी पड़ रही है। पानी के लिये खासकर आवारा पशु और बेजबान परिंदों को पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ऐसे में बादलों के आने व ठंडी हवाओं के चलने से रोजेदारों के साथ साथ हर शय यहां तक जानवरों ने भी गर्मी से राहत महसूस की है। सभी की जुबानों पर बस बारिश होने की दुआएं है।

# सीएम का पांच वर्ष का रोड मैप तैयार

## दो दिन फील्ड में रहें मंत्री और उनके फीड बैक पर तय होगी कार्ययोजना

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में बड़ा लक्ष्य तय कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस लक्ष्य प्राप्त करने के लिए टीम वर्क के साथ आगे बढ़ेंगे। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार अपनी लोक कल्याण को रणनीति बनाकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब फील्ड पर जाकर विकास कार्य की हकीकत जानने को अपनी वरीयता पर रखा है। प्रदेश सरकार के सभी मंत्री हर शनिवार और रविवार को अपने-अपने क्षेत्र या फिर प्रदेश में किसी भी जगह पर जाकर कार्य देखेंगे। इसके बाद सोमवार या मंगलवार को उनके फीड बैक पर आगे की कार्य योजना तय की जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सभी मंत्रियों से कहा कि हमको अपने-अपने विभागों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीम वर्क के साथ हमें आगे बढना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों से कहा कि वह शनिवार और रविवार को फिल्ड में रहें। धरातल पर लोगों की समस्याओं को समझें और सुझाव दें। उनके फीड बैक पर सोमवार या मंगलवार को आगे की कार्य योजना तय की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सरकार गठन के एक माह के भीतर सभी मंत्रियों और विभागों के प्रमुख अधिकारियों (टीम यूपी) के साथ पांच वर्ष का रोड मैप तैयार कर लिया है। उनकी टीम यूपी लोक कल्याण के संकल्प के साथ रणनीति बनाकर आगे बढ़ रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 25 मार्च को शपथ ग्रहण के बाद सभी विभागों से सौ दिन, छह माह, दो वर्ष और पांच वर्ष की कार्य योजना मांगा था। इसके बाद सभी विभागों को दस सेक्टरों में बांटा गया और 13 से 21 अप्रैल के बीच सुबह और शाम अलग-अलग सेक्टरों का प्रजेंटेशन हुआ। सभी प्रजेंटेशन में बीते पांच वर्ष के कार्य और अगले पांच वर्ष की तैयारियों को रखा गया था।

प्रजेंटेशन के बाद मंत्रियों के सुझावों को भी लिया गया और उस पर अमल करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपराध, भ्रष्टाचार और माफियागिरी पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से कहा कि आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि हमें पांच वर्ष पहले प्रदेश किस हालत में मिला था और आज क्या स्थिति है। इसके साथ ही हमें देश में उत्तर प्रदेश को नंबर एक बनाने के लिए क्या करना है। अब आपको शासन की सभी योजनाओं की जानकारी हो गई है। इसके आधार पर एक्शन प्लान बनाकर विभागीय बैठक भी करें। अधिक से अधिक तकनीकी का उपयोग और रोजगार पर फोकस : सीएम योगी आदित्यनाथ का लोक कल्याण के साथ तकनीकी और रोजगार पर फोकस है। उन्होंने अधिक से अधिक लेटेस्ट तकनीक के उपयोग पर जोर दिया है, ताकि पूरी व्यवस्था पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त हो। उन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दिलाने के लिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार से लेकर विभागों को भी इस दिशा में कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

### आयोजित जलसे में मौलाना शहवार हुसैन का खिताब

अमरोहा। शिया धर्मगुरु मौलाना डा. शहवार हुसैन ने कहा कि हजरत अली की बहादुरी पर रसूले खुदा ही नहीं बल्कि पूरे मजहब-ए-इस्लाम को नाज है। दुनिया में आप जैसा बहादुर अब कोई दूसरा पैदा नहीं होगा।शहर के मोहल्ला हक्कानी स्थित लाइब्रेरी में गुरुवार शाम दामाद-ए-रसूल हजरत अली की शहादत पर जलसा आयोजित किया गया। मौलाना डा.शहवार हुसैन ने हजरत अली की शहादत का वाक्या बयान किया। उन्होंने फरमाया कि रमजान की 19 वी तारीख को कूफे की मस्जिद में नमाज की अदायगी के दौरान इब्ने मुल्जिम ने सजदे की हालत में मौला अली पर जहर भरी तलवार से वार कर दिया था। दो दिन बाद 21 रमजान को आपकी शहादत हो गई थी। कहा कि रसूले खुदा ने खुद फरमाया है कि अली तुम्हारी मोहब्बत ही ईमान है। आप इल्म का समंदर थे। बहादुरी में आप जैसी कोई दूसरी मिसाल न है और न ही कयामत तक होगी। मौलाना ने बताया कि हजरत अली की पैदाइश काबे में और शहादत मस्जिदे कूफा में हुई। मौला अली की शहादत का वाक्या सुनकर जलसे में मौजूद लोगों की आंखे नम हो गईं। इस दौरान डा.शाने हैदर बेबाक, गुफरान मेहंदी नजमी, नौशा अमरोहवी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने फोर्स के साथ बाजार में पैदल घूमे एसपी



अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

एसपी विनीत जायसवाल ने गुरुवार देर शाम में शहर की सड़कों पर कदमताल कर त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। व्यापारियों से मुलाकात कर दुकानों में सीसीटीवी लगाने की बात कही। अधीनस्थ अधिकारियों को शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्लान तैयार करने और भीड़भाड़ के मद्देनजर बाजार में महिला पुलिसकर्मियों की गश्त बढ़ाने की हिदायत दी।गुरुवार देर शाम एसपी विनीत जायसवाल ने हवा का रुख भांपने के लिए फिर से शहर की तरफ रूख किया। सीओ सिटी विजय कुमार राणा और प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार के साथ पुलिस बल लेकर बाजार में पैदल गश्त पर निकले। बाजार में घूमते हुए व्यापारियों से बातचीत कर उनसे समस्याओं की बावत जानकारी ली। ज्वैलर्स की कई दुकानों पर सीसीटीवी की फुटेज को चैक किया। सुरक्षा के लिहाज से सभी व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर कैमरे लगाने की बात कही। जाम का मुद्दा सामने आने पर एसपी ने अधीनस्थ अधिकारियों को नो एंट्री को प्रभावी बनाने की ताकीद की, कहा कि व्यापारियों और ट्रांसपोटर्स से बात कर समस्या का समाधान निकाला जाए। संदिग्धों और अराजक तत्वों पर नजर रखकर किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि पर सूचना पुलिस स्तर पर देने की बात कही। बाजार में ईद की तैयारियों को लेकर चल रही भीड़भाड़ के मद्देनजर महिला पुलिसकर्मी की गश्त बढाने का निर्देश दिया।

### नेमपाल के कातिलों का पता नहीं लगा सकी पुलिस

आदमपुर। थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल मार्ग किनारे युवक की गर्दन रेतकर हत्या के मामले में पुलिस अभी तक कातिलों का पता नहीं लगा सकी है। हत्या के कारणों का भी कोई पता नहीं लगा है।गांव निवासी चौकीदार रविवार सुबह रास्ते से होकर गुजर रहा था। उसने देखा कि रास्ते किनारे बरसीम के खेत में युवक का शव पड़ा हुआ है। चौकीदार ने पुलिस को खबर की। गांव में भी मामले की जानकारी दी। तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष आदमपुर कृपाल सिंह के बाद सीओ सतीशचंद्र पांडे ने मौका मुआयना किया। शव करीब 40 वर्षीय युवक का था। हत्या गर्दन रेतकर की गई। मौके पर पड़े खून से अनुमान लगाया जा रहा है कि कहीं से लाकर यहां युवक की हत्या करने के बाद हत्यारे कार आदि किसी वाहन से फरार हो गए। जेब में मिले ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर शव की शिनाख्त नेमपाल सिंह पुत्र शैतान सिंह निवासी जरीफनगर बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके परिजनों को खबर दी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस 6 दिन बाद भी मर्डर के बारे में कोई जानकारी नहीं जुटा सकी है। कातिल भी अभी फरार हैं। थाना अध्यक्ष कृपाल सिंह का कहना है कि कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। मर्डर का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## ट्रक ने बाइक सवार चाची-भतीजे को कुचला, मौके पर मौत

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

देहात थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक सवार चाची-भतीजे को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक परिवार में दो मौतों से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रक और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। यह हादसा गुरुवार की रात अमरोहा कांठ रोड स्थित मिलक छावी स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। देहात थाना क्षेत्र के सिरसा खुमार में मोहम्मद हनीफ का परिवार रहता है। मोहम्मद हनीफ पाकबड़ा में दर्जी है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा पांच बच्चे हैं। तीसरे नंबर का 18 वर्षीय बेटा मोहम्मद हुसैन मदरसे में तालीम हासिल करता था। मोहम्मद हनीफ का छोटा भाई दिलशाद निजी बस चलता है। वह गुरुवार को शादी की बुकिंग पर बस लेकर कांठ गया था। जहां उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। तभी उनके फूफा दिलशाद को अपने घर ले आये और चिकित्सक से उपचार शुरू करा दिया। दिलशाद की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही मोहम्मद हनीफ का बेटा मोहम्मद हुसैन और उसकी चाची खातून जहां बाइक पर सवार होकर कांठ जा रहे थे। दोनों एक बाइक पर सवार थे। जैसे ही उनकी बाइक मिलक छावी स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों चाची-भतीजे की मौके पर मौत हो गई। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने बताया कि ट्रक और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। मोहम्मद हनीफ की तहरीर पर ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मैस्को पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने मनाया पृथ्वी दिवस

### प्रकृति को नष्ट न करें, उसके संरक्षण में दें योगदान:डॉ. अशहर तौसीफ

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



मेस्को पब्लिक स्कूल में कक्षा केजी-नर्सरी के छात्रों द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया।जिसमें सभी बच्चों ने सहभागिता की और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से पृथ्वी के प्रति अपने प्रेम में जागरूकता के बारे में बताने का प्रयास किया। हर साल 22 अप्रैल का दिन वर्ल्ड अर्थ डे के रूप में मनाया जाता है धरती को हमारी मां माना जाता है आज के समय धरती कई तरह के चैलेंज का सामना कर रही है हम हर दिन ग्लोबल वार्मिंग प्रदूषण आदि परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

डेवलपमेंट के लिए इंसानों ने पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचाया है।ऐसे में पर्यावरण एक्सपर्ट्स का मानना है।कि अगर जल्द ही धरती को सुरक्षित करने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए गए तो खामियाजा इंसान को ही भुगतना होगा वर्ल्ड अर्थ डे दुनिया के 192 देशों में मनाया जाता है। पहली बार वर्ल्ड अर्थ डे को साल 1970 में मनाना शुरू किया गया साल 1960 के दशक में दुनिया भर में विकास के कार्य के नाम पर अंधाधुंध जंगल की कटाई की जा रही थी इससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा था इस कटाई को रोकने और लोगों को पर्यावरण के लिए जागरूक बनाने के लिए अमेरिकी सीनेटर ने साल 1969 में सितंबर महीने में वाशिंगटन में एक सम्मेलन की घोषणा की इस सम्मेलन में कई स्कूल कॉलेज के बच्चे भी शामिल हुए इसके बाद से ही साल 1970 से इस खास दिन को पूरी दुनिया में वर्ल्ड अर्थ डे के रूप में मनाने लगी है विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कविता क्राफ्ट जैसी गतिविधियों द्वारा इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया गतिविधि इंचार्ज अध्यापिका कुमारी निधि छाबड़ा श्रीमती इंदु सक्सेना कुमारी इशिका के दिशा निर्देशन में सभी गतिविधियों को पूरा कराया गया इन सभी गतिविधियों में प्रमुख रूप से सहयोग करने वाले बच्चों में कक्षा एलकेजी से रयान, अमीना जैदी और यूकेजी से सैयद साइन जैदी, उम्मे कुलसुम, यशना भुट्टन और हिफसा रहे बच्चों ने गजब का प्रदर्शन करके सभी साथी बच्चों को प्रोत्साहित किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ अशहर तौसीफ तथा प्रधानाचार्य महोदय श्रीमती पूजा भुट्टन ने इस अवसर पर अपने विचार प्रकट किए वर्ल्ड अर्थ डे यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे यह कारण है कि लोग पर्यावरण के महत्व को समझें और धरती बचाने के लिए जरूरी कदम उठाए।

उन्होंने आगे बताया कि प्रकृति को नष्ट न करें, उसके संरक्षण में योगदान दें।और अपने आसपास लोगों को जागरूक करें कि प्रदूषण नहीं फैलाएं, जल का महत्व समझें। वॉटर हार्वेस्टिंग को समझें और उसका प्रयोग करें।इस दिन को इंटरनेशनल मदर अर्थ डे के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय वह स्थल होता है, जहां देश के भविष्य का निर्माण होता है। छात्रों के बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास करना भी विद्यालयों का ही उत्तरदायित्व होता है।

## एसपी ने किया नवनिर्मित पुलिस चौकी वीर सावरकर का उद्घाटन



रेहड़, प्रात: किरण संवाददाता

रेहड़ थाना क्षेत्र में यूपी उत्तराखंड बोर्डर सीमा पर स्थित रायपुरी में एसपी डॉ0 धर्मवीर सिंह, एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह, सीओ सुनीता दहिया तथा रेहड़ थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार भाटी ने नवनिर्मित पुलिस चैकी वीर सावरकर का उद्घाटन किया। रेहड़ थाना क्षेत्र में गांव रायपुरी के समीप यूपी उत्तराखंड जसपुर बोर्डर सीमा पर वीर सावरकर के नाम से चैकी का निर्माण किया गया है। गुरूवार की देर शाम एसपी डॉ धर्मवीर सिंह ने चैकी का उद् घाटन किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर चैकी की खासी अहमियत है। यह चैकी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सीमा पर पर होने के कारण जनता को इसका बहुत लाभ होगा साथ ही अपराधिक मामलों में भी कमी आएगी और दोनों प्रदेशों की सीमा पर अपराधियों पर भी नजर रखने में सहायता मिलेगी साथ ही क्षेत्रीय लोगों को इसका काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों से कहा कि चैकी पर अपनी शिकायत लेकर आने वाले की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान मास्टर पूरन सिंह ने किया। इस दौरान एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह, सीओ सुनीता दहिया, कोतवाल जसपुर धीरेन्द्र सिंह, कोतवाल अफजलगढ़ मनोज कुमार सिंह, एसओ रेहड़ रविन्द्र कुमार भाटी, ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली, तथा पूर्व प्रधान इस्लामुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

मंडावली। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुस्सेपुर में ग्राम प्रधान दिलीप कुमार के सहयोग से पंचायत घर में नेत्रा आई केयर संस्था सेंट मैरी नजीबाबाद हॉस्पिटल द्वारा ग्रामीणों के नेत्रों की जांच कर नेत्र संबंधी बीमारियों की निशुल्क दवाइयां एवं जांच सुविधा एवं चिकित्सा सलाह दी गई इस अवसर पर निशुल्क शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह ने किया नेत्र संस्था का ग्राम वासियों से दी जा रही निशुल्क सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में डॉ राम अवतार सिंह, सोनी, अनुभव, ग्राम प्रधान दिलीप कुमार, जोगराज सिंह, भाजपा नेता अरविंद विश्वकर्मा, डॉ रितेश सेन, वरिष्ठ पत्रकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा, जोगराज सिंह, अमीचंद बौद्ध, धीर सिंह, चंद्र प्रकाश सैनी, सुमित गुर्जर जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा युवा मोर्चा, संजीव गुर्जर संदीप कुमारफरीद अहमद, सदस्य क्षेत्र पंचायत मुजाहिद मंसूरी, छतरपाल सिंह गुर्जर, आदि उपस्थित रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नमो फाउंडेशन की ओर से स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

मंडावली, प्रात: किरण संवाददाता




विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नमो फाउंडेशन की ओर से मंडावली क्षेत्र के ग्राम लहाक खुर्द मे इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल मे ग्राम प्रधान राकेश प्रजापति की अध्यक्षता मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव को पालीथीन मुक्त कर,वृक्षारोपण करके पर्यावरण की दृष्टि से एक आदर्श बनाना रहा। नमो फाउंडेशन के कार्यकर्ता प्रत्येक शुक्रवार को गांव मे लगने वाली पीठ मे जाकर वहां लोगों को पालीथीन से स्वास्थ को होने वाले नुकसान के बारे मे जानकारी देकर जागृत करने का कार्य करेंगे तथा पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए वृक्षों की महत्ता के विषय मे जागृत करने का काम करेंगे।ग्राम प्रधान राकेश प्रजापति व स्कूल के प्रधान अध्यापक दिलशाद अहमद ने इस कार्य मे संपूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर नमो फाउंडेशन की ओर से सुशील राजपूत ने पालीथीन से पृथ्वी को होने वाली हानि के विषय मे विस्तृत रूप से जानकारी दी उन्होंने कहा कि काम मे आने के बाद पालीथीन को फेंके नही बल्कि उसे प्लास्टिक की बोतल मे बंद करके उस की ईको ब्रिक बना लें। पवन शर्मा ने फौज की सर्विस के दौरान राजस्थान मे किए गए वृक्षारोपण के विषय मे जानकारी दी। रविंद्र काकरान ने बताया कि जिस प्रकार वृक्ष, पशु,पक्षी अपनी संपूर्णता को प्रदान करते हैं उसी प्रकार मनुष्य को भी अपनी सम्पूर्णता प्रदान करनी चाहिए। दिनेश खन्ना ने बच्चों के साथ कविता गाकर उन्हे प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका आरती शर्मा ने अपने जन्म दिन पर वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे स्कूल स्टाफ की ओर से नमो फाउंडेशन को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम मे नमो फाउंडेशन की ओर से सुशील राजपूत, दिनेश खन्ना, पूर्व सैनिक रविंद्र काकरान, पवन शर्मा के अलावा ग्राम प्रधान राकेश प्रजापति सहित स्कूल के प्रधान अध्यापक दिलशाद अहमद, आरती शर्मा,सुजाता रानी,अश्वनी राजपूत, महिपाल सिंह, राम सिंह ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन पूर्व नौसैनिक रविंद्र काकरान ने किया।

### पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

नगीना। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के आदेश पर चेकिंग अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला व थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मुरारी दोहरे के कुशल पर्यवेक्षण में चेकिंग के उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह कांस्टेबल प्रवेंद्र कुमार द्वारा नहटौर पुलिया के पास से मुखविर की सूचना के जिला बदर शानू पुत्र नसीर ग्राम हकीकतपुर गंगवाली गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया उक्त जिला बदर अभियुक्त दिनांक 25 -3 -2022 से अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन )द्वारा वाद संख्या डी 20211316000911 शानू को जिला बदर किया गया था नोटिस की तामील 4 अप्रैल 22 को कराई थी तथा हिदायत देकर जनपद बिजनौर की सीमाओं से बाहर छोड़ा गया था। शानू ने उक्त अधिनियम का उल्लंघन करने पर सानू को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## मिशन नारी शक्ति फेस थर्ड अभियान कार्यक्रमों का आयोजन किया

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता



एसपी डॉ0 धर्मवीर सिंह के निर्देश पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला सब इंस्पेक्टर काजल तेवतिया ने नगर में स्थित फैज-ए-आम पब्लिक स्कूल में मिशन नारी शक्ति फेस थर्ड अभियान कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में बताया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा पुलिस हैल्पलाइन नम्बर 1090, 1076, 112, 108, 102, 181 चला रखे हैं महिला शोषण के खिलाफ उक्त नंबरों पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अगर कहीं पड़ोस या रिश्तेदारी में भी किसी महिला का शोषण हो रहा है तो उसकी मदद के लिए तत्काल इसकी सूचना हैल्पलाइन नम्बर पर दें। शुक्रवार को नगर में स्थित फैज-ए-आम पब्लिक स्कूल में कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला सब इंस्पेक्टर काजल तेवतिया ने छात्राओं को सुरक्षा सहित साइबर क्राइम के संबंधित जानकारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अगर छात्राओं को कोई परेशान करता है तो इसकी जानकारी अपने अभिभावकों और पुलिस को तुरंत दे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए शासन ने अनेक सुविधाएं प्रदान की है। इसका महिलाओं एवं छात्राओं को आवश्यकता पड़ने पर इस्तेमाल करना चाहिए इस मौके पर प्रधानाचार्य मुगीज अहमद, मुमताज परवीन, अनम परवीन, इलमा परवीन, अनम सिद्दीकी, फैजान अंसारी, एंटी रोमियो टीम से महिला कांस्टेबल वीरबाला, सुनीता, मिनाक्षी, कांस्टेबल राहुल चैधरी तथा कांस्टेबल सनोज चैहान आदि मौजूद रहे।

### रोजा इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन



मंडावली। कर व्यापारी सैफुल अंसारी के द्वारा अपने निवास स्थान पर एक रोजा इफ्तार का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दू मुस्लिम के लोगो ने शिरकत की और अपने क्षेत्र की हिन्दू मुस्लिम एकता को कायम रख अमन चैन की दुआ भी की। सैफूल अंसारी ने बताया की रोजा इफ्तार के आयोजन करने का मकसद यही है सभी मिलजुल कर रहे हमारे क्षेत्र की जो गंगा जमुना तहजीब की जी मिशाल है कायम रहे और इस कार्यक्रम मै शामिल सभी लोगो ने इस मिशाल की कायम रखा ।एक दूसरे धर्म के आयोजनों, त्योहारों में शामिल होकर उसकी मिठास और बढ़ जाती है । रोजा इफ्तार में अल्तमस अंसारी ,जहीर आलम ,आयाज अंसारी ,व्यापार मंडल अध्यक्ष सतीश गहलोत ,डॉक्टर राजेंद्र सिंह ,ग्राम प्रधान पति माजिद हुसैन,साबू ,साहबुदीन ठेकेदार ,सुभम ,नीरज सिंह, इमरान आदि ने हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल बन क्षेत्र व देश के अमन चैन और भाईचारा बना रहे इसके लिए दुआ की।

## तीन मासूम बच्चों को हासिल करने के लिए भटक रही मां



मंडावर, प्रात: किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाने में प्राथना पत्र देकर अपने तीन बच्चों को अपनी सुपुर्दगी में दिलाने की मांग की है। मंडावर क्षेत्र के गांव हुसैनपर निवासी एक महिला ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी 12 वर्ष पूर्व थाना मंडावली क्षेत्र के गांव रामपुर चाठा निवासी सतेंद्र पुत्र साधु राम के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद प्रार्थिनी ने एक पुत्र व दो पुत्रियों को जन्म दिया था। प्राथनी ने बताया कि उसका पति नशे का आदि था। तो आए दिन मारपीट करता था। जिससे तंग आकर प्राथिनी अपने मायके में आकर रहने लगी थी। पिछले वर्ष लोकड़ान के दौरान उसका ससुर तीनों बच्चों को अपने साथ ले गया था। बच्चों को ले जाने के बाद उसके ससुर ने तीनों बच्चों को देहरादून स्थित एक अनाथ आश्रम में भेज दिया था। प्रार्थिनी को पता चलने पर प्रार्थिनी ने पुलिस अधीक्षक देहरादून को प्रार्थना पत्र देकर बच्चों की बरामदगी की मांग की थी। जिसके बाद महिला का ससुर बच्चो को लेकर अपने घर आ गए थे। जिसके बाद से प्रार्थिनी महिला ने अपने ससुर से अपने बच्चो को अपने साथ रखने की मांग की थी। लेकिन महिला का ससुर बच्चो से बात भी नहीं करवा रहा है। महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर अपने बच्चो की बरामदगी की मांग की है।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं को करें क्रियान्वित

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले में मत्स्य सम्पदा योजना को विकसित करने और उससे किसानों एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों के आर्थिक विकास की अपार सम्भावनाएं हैं, जिससे न केवल किसान बंधुओं की आय में भारी वृद्धि होगी वहीं दूसरी ओर आम आदमी को भी भरपूर रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप में इस प्रकार से क्रियान्वियन करें की जिले में मत्स्य व्यवसाय को उद्योग के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर का वातावरण मच्छली पालन, हैचरी, नर्सरी आदि के लिए अनुकूल होने के कारण यहां मत्स्य से संबंधित कारोबार को उद्योग के रूप मे विकसित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को अनुदान पर अनेक सुविधाएं एवं अवसर प्रदान कराए जा रहे हैं, परन्तु उनको सही दिशा और मार्गदर्शन के अभाव के कारण मत्स्य के व्यवसाय को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा मत्स्य के व्यवसाय को विकसित करने और उसे कृषकों की आय में अपेक्षित वृद्धि करने तथा आमजन को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निजी भूमि पर तालाबों का निर्माण, निजी भूमि पर रियरिगं तालाबों का निर्माण, वृहद्व मत्स्य आहार मिल निर्माण, बायोफलाक तालाब निर्माण, मत्स्स मुद्रा बाजार निर्माणध्एक्यूरिम निर्माण, मत्स्य बीज हैचरी निर्माण, लघु मत्स्य आहार मिल निर्माण सहित अन्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि उक्त योजनाओं को सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वियन किया जाए तो बिजनौर में मत्स्य उद्योग स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला अग्रिणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईद व जुमा अलविदा को लेकर डीएम-एसपी ने की उलेमा से वार्ता

संभल। आगामी पर्व ईद एवं जुमा अलविदा को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों एवं उलेमा इकराम से पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने वार्ता करते हुए भाईचारे व अमन शांति के साथ मनाने की अपील की। शुक्रवार को चन्दौसी मार्ग स्थित पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में डीएम मनीष बंसल एवं एसपी चक्रेश मिश्र ने सम्भल सरायतरीन व आसपास के क्षेत्रो के जिम्मेदार मुस्लिम समुदाय के लोगों एवं उलेमा इकराम से भेंट की ओर आगामी जुमा अलविदा का पर्व तथा ईद का पर्व शांति व भाईचारे के साथ मनाये जाने की अपील की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी कमलेश अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार जायसवाल, सीओ जितेन्द्र कुमार, एसडीएम अभिनव गोपाल, शहर इमाम मौलाना आफताब हुसैन वारसी, मौलाना मौहम्मद मियां, हाजी एहतेशाम, चौ0 शरफ अली खां, वाहिद हुसैन बब्लू, शाकिर अली आदि मौजूद रहे।

### रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में भारी भीड़ रही

नजीबाबाद। रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में भारी भीड़ देखने को मिली। नमाज के चलते मस्जिदों के आस-पास सुरक्षा व साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह दुरूस्त रही तथा नमाजियों ने नमाज पढ़कर देश में अमनो अमान की दुआ मांगी। रमाजान माह के तीसरे जुमें पर मस्जिदें खचाखच भरी नजर आई। उलेमाओं ने कहा कि रमजान में फर्ज नमाजों का सवाब बडा दिया जाता है। रमजान माह में आप सल्ल. कसरत से इबादत किये करते थे। उलेमाओं ने अपने माल की जकात अदा करने पड़ौसियों और रिश्तेदारो का खास ख्याल रखने पर जोर देते हुए कहा कि जकात अदा करने से माल साफ और पाक होता है। नमाज के बाद मुल्क में अमनो अमान के लिए दुआ कराई गई। उलेमाओं ने कहा कि रमाजन का महीना वह अजीम महीना होता है जिसमें अल्लाह की रहमतें मूसलाधार बारिश की बरसती है। जामा मस्जिद में मौलाना मौ. ईसा, मस्जिद मकबरा में मुफ्ती गुफरान, मस्जिद पीरजी मजीदगंज में हाफिज खालिद, मस्जिद सय्यदो वाली जाब्तागंज में मुफ्ती उवैस शिबली, मस्जिद मनिहारान में कारी शहाबुददीन, मस्जिद स्टेशन वाली में मुफ्ती इसरार, मस्जिद कोल्हू वाली में मौलाना इम्तियाज, मस्जिद मुन्नीधुनी में मौलाना अबरार ने जुमे की नमाज आदि कराई।

### समारोह से वीडियोग्राफी कर घर लौट रहे युवक की बाइक फिसली

नजीबाबाद। समारोह से वीडियो ग्राफी कर घर लौट रहे युवक की जलालाबाद ओवरब्रिज पर बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार युवक बाइक से गिर गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। तहसील के गांव भदोला निवासी दो युवक अंकित और नितिन शादी की वीडियोग्राफी करके बिजनौर दिशा से वापस अपने गांव आ रहे थे जलालाबाद टंकी के निकट बाइक एक गाड़ी के साइड लेने के चक्कर में फिसल गई जिससे पीछे बैठा भदोला निवासी प्रेम सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अंकित सड़क पर नीचे गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। नितिन को नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसे बिजनौर रेफर किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। परिवार वालों ने बताया कि दोनों एक ही गांव के रहने वाले है और वह बिजनौर के एक गांव में शादी की वीडियो बनाने के लिए गए थे। परिवार वालों ने बताया अंकित और नितिन की शादी 2 वर्ष पूर्व हुई थी। अंकित की एक छोटी सी पुत्री है और अंकित विकलांग भी बताया जा रहा है।

### गुरू तेग बहादुर के 400 वें प्रकाशोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए

नजीबाबाद। गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा नजीबाबाद में गुरू तेग बहादुर की 400 वें प्रकाशोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। जिसमें हजूरी रागी जत्था नवदीप सिंह ने गुरबाणी का शबद कीर्तन किया और शबद का गायन में गुरू तेग बहादर सिमरय घरि नौ निधि आवे धाय गायन का संगतों ने पूरा आनंद लिया। गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा नजीबाबाद की ओर से गुरू तेग बहादुर सिंह प्रकाशोत्सव पर गुरूद्वारे में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ज्ञानी उपकार सिंह, गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान मनमोहन सिंह, मंत्री गुरमीत सिंह, धवन के नेतृत्व में आयोजित शबद कीर्तन में गुरू तेग बहादुर सिंह के त्याग और बलिदान को नमन किया गया।

## पवासा विकासखंड में लगे स्वास्थ्य मेले में केवल स्वास्थ्य कर्मचारी ही नजर आए जनता रही नदारद




**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**

जनपद में सभी विकास खंडों पर आयुष्मान भारत स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अधिकांश सभी प्रकार की जांचें निशुल्क की जा रही हैं। सरकार हर संभव यह प्रयास कर रही है कि देश में स्वास्थ्य संबंधित किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो समय-समय पर टीकाकरण कराना स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान कराना स्वास्थ्य मेलों का आयोजन कराना सरकार की प्राथमिकता रही है। परंतु सरकार के मंसूबों पर यहां आकर पानी फिर जाता है। मामला विकासखंड पवासा के सीएचसी का है जहां पर 22 अप्रैल शुक्रवार के लिए स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया सभी तरह के स्टाल लगे हुए थे काफी मात्रा में सीएचसी स्टाफ वहां मौजूद था। परंतु देखने की बात यह है कि जिसके लिए इस मेला का आयोजन किया गया वही बहा से नदारद रहे।

सरकार को गुमराह कर रहा है स्वास्थ्य विभाग। क्योंकि जब स्वास्थ्य मेले का समारोह करना था तो विकासखंड के गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम जाति और उनके लिए जानकारी प्रदान करती की 22 अप्रैल दिन शुक्रवार के लिए पवासा विकासखंड के प्रांगण में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें हर प्रकार की बीमारियों की निशुल्क जांच की जाएगी तथा उनसे संबंधित दवाइयां भी निशुल्क मिलेंगी आप सभी को स्वास्थ्य मेले में पहुंचना है।

परंतु ऐसा नहीं हुआ स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही महज दिखावा के लिए स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जब इस संबंध में वहां बैठे डॉक्टर एम ओ महबूब हसन जोकि पवासा सीएचसी में तैनात हैं उन्होंने बताया कि मेले का इंचार्ज मैं नहीं हूं मेरे लिए जनता का आने या ना आने का कुछ पता नहीं। आप मेला प्रभारी से बात कीजिए जब मेला प्रभारी से संपर्क साधा गया तो वह पल्ला झाड़ते हुए नजर आए। स्वास्थ्य विभाग सरकार के आदेशों की सरेआम उड़ा रहा है धज्जियां। इससे पहले सीएचसी बहजोई मैं लगे स्वास्थ्य मेले मैं भी जनता नदारद रही। वहां आए राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह ने सीएमओ से साफ लफ्जो में कहा कि यह विभाग की लापरवाही के चलते यहां पर जनता दिखाई नहीं दे रही है। अगर जनता को सूचित किया जाता तो वह इस मेले का भरपूर फायदा उठाती परंतु आप लोगों ने ऐसा नहीं किया।

## खालसा कॉलेज में एनसीसी का प्रशिक्षण एवं निरीक्षण कार्य सम्पन्न हुआ



**लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता**

खालसा इंटर कॉलेज में 3 यूपी नेवल विंग का प्रशिक्षण व निरीक्षण कार्य सम्पन्न हुआ। एनसीसी कमान अधिकारी कैप्टन नवेंदु सक्सेना एवं मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर कन्हैया कुमार ने कॉलेज के 3 यूपी नेवल विंग के 38 केडेट्स को प्रशिक्षित किया। श्री सक्सेना ने नेवी विंग्स के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेवी विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिजिकल एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर अपना योगदान देती है। उन्होंने मिलिट्री, डिप्लोमेटिक एवं अन्य क्षेत्रों में इंडियन नेवी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कमांडिंग ऑफिसर एवं मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर ने केडेट्स को प्रशिक्षण देने से पूर्व एनसीसी रूम, स्टोर रूम एवं वर्दी वितरण का निरीक्षण किया एवं केडेट्स से कॉलेज में एनसीसी नेवल विंग की गतिविधियों के बारे में पूछताछ की। उन्होंने केडेट्स से उनकी रुचि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की एवं नेवी को केरियर के रूप में चुनने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने केडेट्स से कमांडिंग ऑफिसर ने कॉलेज में एनसीसी की समस्त गतिविधियों में सहयोग के लिए प्रधानाचार्य एवं एनसीसी सेकंड ऑफिसर स. वीरेन्द्र सिंह की सराहना की। एनसीसी कार्यशाला में कुल 38 केडेट्स सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण का आगाज कमांडिंग ऑफिसर को गार्ड ऑफ ऑनर व पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

## सफाई व्यवस्था के लिए खुला कंट्रोल रूम, करें शिकायत

**जोया, प्रात: किरण संवाददाता**

नगर पंचायत जोया मे 24 घंटे सफाई व्यवस्था संबंधित शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यहां दर्ज कराई जाने वाली सफाई व्यवस्था संबंधित शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जाएगा। नगर पंचायत कार्यालय में शासन के निदेर्शानुसार जन समस्याओं एवं सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई। अधिशासी अधिकारी नामिता चौधरी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एवं आम जनमानस से प्राप्त सफाई संबंधी शिकायतों का निस्तारण करने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका प्रभारी विपिन कुमार (9012382165) एवं मौ नोमान 7669047548) को नामित किया गया। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्य करेगा। प्रभारी लिपिक ने सभी सफाई नायकों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत को सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत दो जोन में बांटा गया है। जिसमें सभी जोन के अलग-अगल प्रभारी संजय प्रभारी सफाई नायक (9568048058), अमर सिंह प्रभारी सफाई नायक (8630577465) को प्रथम जोन और विजय सफाई नायक प्रभारी सफाई नायक (8057592431), सोनू (8445365648) को नामित किए गए हैं। शासन के निर्देश के बाद नगर पंचायत ने शहर की सड़कों से गलियों तक सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी है। प्रभारी लिपिक सफाई कर्मचारियों की वार्डवार ड्यूटी लगाकर सड़कों, गलियों, नालों व नालियों की तली झाड़ सफाई सुनिश्चित करेंगे। शासन के निर्देश के बाद हरकत में आई नगर पंचायत का कूड़े के उठान व निस्तारण पर भी विशेष जोर रहेगा। सभी सफाई निरीक्षक व सफाई नायक सुबह पांच से शाम पांच बजे तक वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। ईओ नामिता चौधरी ने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। सुबह पांच से शाम आठ बजे तक सफाई व्यवस्था का वह खुद निरीक्षण करेंगे। शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पृथ्वी दिवस पर स्कूली बच्चों ने पृथ्वी को हरा-भरा रखने का लिया संकल्प




**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**

संभल नगर के गॉड्स ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं ने पृथ्वी को सदैव हरा भरा रखने का संकल्प लिया। इसके बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के प्रांगण में छात्र छात्राओं ने अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। गॉड्स ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंध निदेशक फरहत खान ने वर्तमान समय मे वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चो को बढ़ते प्रदूषण और उससे बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने छात्र छात्राओं को सदैव पृथ्वी को हरा भरा और सुंदर बनाए रखने की शपथ दिलाई। अतिथि के रूप में उपस्थित एमजीएम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद नदीम और डॉ हुमा फातिमा ने बच्चों के वृक्षारोपण के कार्यक्रम के अवसर पर छात्र छात्राओं का अपने सम्बोधन से उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छोटी कक्षा के बच्चों ने पेड़ पौधों से बने सुंदर आलेखन एवं पत्तों से सजी मनमोहक कलाकृतियां बनाई। जुनियर कक्षा के छात्र छात्राओं ने स्कूल प्रांगण में अपने हाथों से पौधों लगाए जिसमे स्कूल के अध्यापकों ने भी सहयोग किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, समन खान, वजाहत हुसैन, बुशरा परवीन, मोहम्मद असद, जमजमा रिजवान, उशबा रिजवान, मोहम्मद हबीब, सिदरा रशीद, सलमान खान, समन इकबाल, अजरा हाशमी, सानिया जहरा, एमन सारिया आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन वजाहत हुसैन ने किया।

## मजहब के हुकुमों को ध्यान में रख कर करें काम: मुफ्ती अली हसन

### बीस रोजा कुरान मुकम्मल होने पर मुल्क में अमनों अमान की दुआ कराई

**स्योहारा, प्रात: किरण संवाददाता**



रमजान के मुबारक महीने में बसपा नेता के आवास पर बीस रोजा शबीना पूरा होने पर आलिमों ने मुल्क में अमनों अमान की दुआ कराई। उन्होंनें कहा कि हम लोगों को मजहब के हुकुमों को ध्यान में रख कर कोई भी काम करना चाहिए और जिस बात या चीज को इस्लाम में मना किया गया है उन बातों से बचना चाहिए। उलेमाओं ने मुसलमानों से कहा कि रमजान का मुबारक महीना चल रहा है हम लोगों को पांच वक्त की नमाज और कुरान की खूब तिलावत करनी चाहिए और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए।

मौहल्ला मुस्लिम चैधरियान निवासी बसपा नेता आदिल चैधरी के आवास पर बीस रोजा शबीने में कुरान ए करीम सुनाकर मुकम्मल किया। इस मौके पर उलेमाओं द्वारा अकबर आदिल को दुआओं से नवाजा गया और उसको शाबाशी दी गई। इस मौके मुफ्ती अली हसन साहब ने कहा कि हम लोगों को इस्लाम के मुताबिक अभी जिंदगी गुजारनी चाहिए और रमजान उल मुबारक का तीसरा अशरा शुरू हो रहा है हमें उसमें अल्लाह की इबादत करनी चाहिए और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम लोगों को अपनी आंख रखो सब आने के लिए अपने गुनाहों की अल्लाह से रो रो कर माफी मांगनी चाहिए रमजान मुबारक के महीने में अल्लाह अपने बंदों की दुआओं को कबूल करता है और रमजान मुबारक के महीने में अल्लाह की रहमत बरसाता है यह हमारी खुशनसीबी होगी कि हम अल्लाह को राजी कर ले और अपने गुनाहों की अल्लाह से माफी मांग ले। इस मौके पर मुफ्ती अकीलुर्रहमान, मौलाना शाहिद, बसपा पूर्व प्रत्याशी विधानसभा ठाकुरद्वारा हाजी इलियास चैधरी, चैधरी फहीमुर्रहमान, मेजर रईस चैधरी, आमिर चैधरी, अरशद चैधरी, लड्डन लारा, डा.तालिब चैधरी, गौहर इल्यास, हाजी गफ्फार चैधरी, खलीक चैधरी, नादिर त्यागी, असजद चैधरी, राशिद पीटर, खालिद चैधरी, आरिफ गांधी, अशरफ चैधरी, वलीउर्रहमान, नासिर चैधरी, बब्बू चैधरी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ मुनादी कर घर पर नोटिस चस्पा किया



**नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता**

दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुनादी करा उसके घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है। नोटिस के माध्यम से अभियुक्त को यह भी चेतावनी दी गई कि अगर वह न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। साहनपुर चैकी इंचार्ज संदीप पंवार के नेतृत्व में गठित टीम सुभाषनगर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र महिपाल के घर पहुंची जहां पर माइक से ऐलान करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को 18 मई तक कोर्ट में हाजिर होने के लिए कहा है और ऐसा न करने पर पुलिस द्वारा अभियुक्त के घर की कुर्की कर दी जाएगी। कालोनी में ढोल नगाड़ों के साथ पहुंची पुलिस को देख स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह गौड़ ने बताया कि करीब 2 माह पहले बलात्कार और एसटी एक्त में अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी समय से अभियुक्त फरार चल रहा है। जबकि कोर्ट में 18 मई की तारीख लगी हुई है। कोर्ट में हाजिर ना होने पर अभियुक्त को पुलिस द्वारा धारा 82 की कार्रवाई अमल में लाएं जाने हेतु सचेत किया गया है।

## पशु-पक्षियों को मारकर घर, वस्त्र अलंकार साज-सज्जा में प्रयोग न करें: डॉक्टर शुक्ला



**बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता**

प्रयागराज में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान के सदस्यों ने यह करबद्ध निवेदन किया कि हम अपने ड्राइंग रूम में पंक्षियों को मारकर उनके पंखों को सजावट का सामान बनाते हैं और रखते हैं हम वस्त्रों में कई प्रकार के पंक्षी के पंखो को सजाते हैं। हम अलंकार में भी इन पंखों का उपयोग करते हैं जिसे देखकर बहुत ही दुख और कष्ट होता है। हमें उनका संरक्षण करना चाहिए अगर वन उपवन में अपने आप पंख मिल जाए स्वाभाविक रूप से तो हम इस्तेमाल कर ले परंतु मार कर हम उन्हें सजावट की वस्तु ना बनाएं खासतौर सुंदर-सुंदर रंगीन पंख वाले जो पक्षी होते हैं उनका हम उनके पंखों का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। सभी जीव को इस धरती पर जीने का एक समान अधिकार है। इसलिए आप सभी से आग्रह है सुंदर-सुंदर प्यारे-प्यारे पंक्षी को मार कर हम उनके पंखों का उपयोग अपने ड्राइंग रूम में परिधान में अलंकार में उपयोग ना करें ना ही खरीदें। बाजार से खरीदना नही चाहिए। हमें प्रकृति का संरक्षण करना है मैं सभी से आग्रह करती हूं कि हमें पशु पक्षी का ध्यान रखना होगा। अपने शौक के लिए पशु पक्षी को मारना नहीं चाहिए। इस जागरूकता अभियान में श्रीमती सोनम पांडे गिरजा अग्रवाल अनुपमा सिन्हा विनीता नारायण नीलू सिंह श्रुति मेहता आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुधीर कुमार शुक्ला ने की कार्यक्रम में धन्यवाद दिया अनुश्री शुक्ला ने चित्रांग शुक्ला उपस्थित रहें विश्वधरती दिवस पर सब ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी संकल्प किया कि हमको जल, वायु, पेड़, पौधे, पशु, पक्षी सबका संरक्षण करना है।

## जितना हो सके गरीबों की करें इमदाद : मुफ्ती मु0 रियाजुल हक

**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**



मुकद्दस रमजान के तीसरे जुमे को चिलचिलाती गर्मी, धूप के बावजूद रोजेदारो मे काफी उत्साह दिखाई दिया। उपनगरी सरायतरीन दरबार स्थित जामा मस्जिद मे रोजेदारों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। शाही इमाम मुफ्ती मु०रियाजुल हक ने रमजान के तीसरे अशरे की फजीलत बयान करते हुए कहा कि मुकद्दस रमजान के मुबारक महीने में तीसरा अशरा बहुत अहम होता है। इसमें इबादत और एतेकाफ में बैठने से जहां लोगों के गुनाह माफ होते हैं, वहीं अल्लाह ताला इबादत करने वालों को जन्नत बख्शीश करते हैं इस अशरे में लाखों करोड़ों लोगों को जहन्नुम से निकालकर अल्लाह जन्नत में दाखिल फरमाते हैं और इसी अशरे में एतकाफ भी किया जाता है। जो गुनाहों के माफ होने का एक बड़ा जरिया है और इसी अशरे में 21, 23, 25, 27 व 29 इन्ही पाँच ताख रातो मे से कोई एक रात शबेकद्र की कहलाती है। जिसमें इबादत करने से हजारों साल इबादत करने का शबाब मिलता है और इसी आखिरी अशरे में जकात और फितरा का एहतमाम किया जाता है। तमाम मुसलमान अपने माल से जकात और फितरा निकालकर गरीबों को देते हैं, जिससे अल्लाह रब्बुल इज्जत राजी होते हैं और उनके गुनाहों को माफ करते हैं। अल्लाह ताला हमें इस अशरे की कद्रदानी नसीब फरमाए। खुदा की इबादत करते हुए गरीबों का भी खास ख्याल रखना चाहिए जितना हो सके गरीबों को इमदाद दें। रोजेदारों ने नमाज अदा करने के बाद मुल्क और कौम की तरक्की खुशहाली व सलामती की दुआ की।

### नरपिशाचों ने दहेज की खातिर फिर एक विवाहिता की हत्या की

नगीना। थाना अंतर्गत ग्राम मझेड़ा शकरु में दहेज की खातिर एक विवाहिता की हत्या कर दी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर पंचायत उमरी कला मुरादाबाद निवासी नसीमुद्दीन पुत्र नजर हुसैन ने थाना नगीना को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री शाहरीन की शादी पांच वर्ष पूर्व शादाब पुत्र मुख्तार निवासी ग्राम मेमदाबाद थाना शेरकोट के साथ हुई थी। उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के बाद से ही शादाब शाहरीन को दहेज के लिये परेशान किया करता था। जिसमें उसका भाई एजाज और उसकी सास भी उसका साथ देते थे। सब मिल कर शाहरीन को दहेज के लिये प्रताड़ित किया करते थे। 21 अप्रैल 2022 को समय लगभग एक बजे रात को शादाब ने नसीमुद्दीन को मोबाइल से सूचना दी कि आपकी लड़की शाहरीन की मौत हो गई है। सूचना पर परिजन तुरन्त ग्राम मंझेडा शकरु पहुँचे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत छोया, ब्लॉक गजरौला(अमरोहा)**

पत्रांक- मी.मो./2022-23 दिनांक- 21.04.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग व मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायतों में कायाकल्प कराये जाने वाले निर्माण कार्यों जैसे पंचायत भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक शौचालय, इंटरलॉकिंग टाइल्स, सी.सी. रोड, नाली-खड़ंजे, पशु सेड, शोकपीठ, एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट आदि निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री हेतु किये जाने वाले कार्यों के लिए वाणिज्य करध् आयकर में पंजीकृत फर्मों द्वारा कार्य स्थल पर निम्न सामग्री हेतु किये जाने वाले कार्यों के लिए वाणिज्य करध् आयकर में पंजीकृत फर्मों द्वारा कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता विज्ञापन प्रकाशित होने की दिनांक से 10 दिन के अन्दर कार्यालय कार्य दिवस में अपराहन 02:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा अगले कार्य दिवस सुबह 11: 00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा फर्म के लैटर पैड पर होगी, स्वीकृत निविदादाता द्वारा आपूर्ति अद्योमानक किये जाने अथवा नियत अवधि के भीतर पूर्ण न किये जाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त भी की जा सकेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट-एम 150 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | ईंट-एम 250 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 3. | ब्रिक ब्लास्ट-22 एमएम से 46 एमएम | प्रति घनमीटर | |
| 4. | सीमेंट बैग | प्रति बैग | |
| 5. | बजरफुट/मोरंग | प्रति घनमीटर | |
| 6. | बारीक रेता | प्रति घनमीटर | |
| 7. | स्टोन ब्लास्ट-20 एमएम से 40 एमएम | प्रति घनमीटर | |
| 8. | सरिया / टोर माईल्डस | प्रति कुन्तल | |
| 9. | चाईना टाईल्स/मकराना मार्बल्स | प्रति वर्गमीटर/वर्ग फुट | |
| 10. | सी०सी० इन्टरलॉकिंग टाईल्स | प्रति हजार | |
| 11. | हयूम पाइप/ पी०वी०सी० पाइप 25 एमएम से 600 एमएम | प्रति रनिंग मीटर | |
| 12. | सोलर लाईट/ एल०ई०डी० स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 13. | कूड़ेदान / सफाई किट / ठेली आदि सामग्री | प्रति नग | |
| 14. | विद्युत उपकरण / विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 15. | इंडिया मार्का-2 उपकरण | प्रति नग | |
| 16. | सेनेट्री उपकरण | प्रति नग | |
| 17. | रूरल पैन / पाईप्स | प्रति नग/मीटर | |
| 18. | ऐंगल / स्टील | प्रति कुन्तल | |
| 19. | लकड़ी के दरवाजे/ कामर्शिलय टिम्बर/ प्लाई | मी० वर्ग फुट | |
| 20. | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 21. | फर्स टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 22. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 23. | लोहे जाल | प्रति कुन्टल | |
| 24. | मिट्टी दूरी सहित | प्रति वर्ग मीटर | |
| 25. | लोकल रेत | प्रति घन मीटर | |
| 26. | वाल पेन्टिंग | प्रति घन मीटर | |
| 27. | दीवार पुताई/समोशन 2 कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 28. | इन्डिया मार्का हैन्ड पम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 29. | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 30. | बिजली उपकरण | प्रति किलो ग्रा० | |
| 31. | लोहे की फैनसिंग तार | प्रति किलो ग्रा० | |
| 32. | आयरन एंगिल | प्रति किलो ग्रा० | |
| 33. | फर्नीचर / बैन्च | प्रति नग | |
| 34. | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 35. | आर०सी०सी० पिलर | नग / बैग | |
| 36. | वारवेट वायर | प्रति मीटर | |

**नियम व शर्तें**- 01. ग्राम पंचायत द्वारा एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइंट सामान्य तौर पर आवश्यकतानुसार 18 वॉट/24 वाट/35 वॉट/45 वॉट की आपूर्ति कर सम्बन्धित स्थान पर स्थापित करायी जायेंगी। 02. आपूर्ति की जाने वाली एल0ई0डी0 लाईट का स्पेसिफिकेशन उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 03.01.2021 में निहित मापदण्डों के अनुसार अनुमन्य होगा। 03. एल0ई0डी0 लाइंट को सम्बन्धित खम्भों पर फिक्स किये जाने हेतु कद्वस्त्री के माध्यम से इसे वर्तमान पोल पर स्थापित करना होगा। 04. एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का क्रय/आपूर्ति शासनादेशानुसार केवल एनर्जी एफिशिएंशी सर्विसेज लिमिटेड (एएरछ) के रजिस्ट्रड वेण्डर से ही नियमानुसार किया जायेगा। 05. केवल उसी फर्म/संस्था द्वारा निविदा उपलब्ध करायी जायेगी जिनके द्वारा एनर्जी एफिशिएंशी सर्विसेज लिमिटेड (एएरछ) के रजिस्ट्रड वेण्डर से निजी संस्थानों/सरकारी विभाग स्तर पर की गयी हो। निविदा के साथ उसका साक्ष्य भी उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। 06. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित होगी। 07.आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान/सचिव के आदेश पर की जायेगी। 08. सामग्री की मात्रा घटायी या बढाई जा सकती है। 09. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्देशित स्थल पर करनी होगी। 10. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रु. के स्टाम्प पर बान्ड भरना होगा तदोपरान्त आपूर्ति करनी होगी। 11. आपूर्तिकर्ता का विक्रय कर विभाग में जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। तथा आयकरदाता हो इस आशय की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। 12. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. की स्वीकृत दरों से अधिक न हो। 13. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 14. सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरुप न होने की दशा में नियमानुसार भुगतान धनराशि में कटौती कर ली जायेगी। 15. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा। 16. आपूर्तिकर्ता को कुल कीमत का 5 प्रतिशत धनराशि सिक्योरिटी के रुप में जमा करनी होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत छोया

सचिव
ग्राम पंचायत छोया

**कार्यालय ग्राम पंचायत वसी सहसोली, ब्लॉक गजरौला(अमरोहा)**

पत्रांक- मी.मो./2022-23 दिनांक- 21.04.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग व मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायतों में कायाकल्प कराये जाने वाले निर्माण कार्यों जैसे पंचायत भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक शौचालय, इंटरलॉकिंग टाइल्स, सी.सी. रोड, नाली-खड़ंजे, पशु सेड, शोकपीठ, एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट आदि निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री हेतु किये जाने वाले कार्यों के लिए वाणिज्य करध् आयकर में पंजीकृत फर्मों द्वारा कार्य स्थल पर निम्न सामग्री हेतु किये जाने वाले कार्यों के लिए वाणिज्य करध् आयकर में पंजीकृत फर्मों द्वारा कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता विज्ञापन प्रकाशित होने की दिनांक से 10 दिन के अन्दर कार्यालय कार्य दिवस में अपराहन 02:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा अगले कार्य दिवस सुबह 11: 00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा फर्म के लैटर पैड पर होगी, स्वीकृत निविदादाता द्वारा आपूर्ति अद्योमानक किये जाने अथवा नियत अवधि के भीतर पूर्ण न किये जाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त भी की जा सकेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट-एम 150 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | ईंट-एम 250 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 3. | ब्रिक ब्लास्ट-22 एमएम से 46 एमएम | प्रति घनमीटर | |
| 4. | सीमेंट बैग | प्रति बैग | |
| 5. | बजरफुट/मोरंग | प्रति घनमीटर | |
| 6. | बारीक रेता | प्रति घनमीटर | |
| 7. | स्टोन ब्लास्ट-20 एमएम से 40 एमएम | प्रति घनमीटर | |
| 8. | सरिया / टोर माईल्डस | प्रति कुन्तल | |
| 9. | चाईना टाईल्स/मकराना मार्बल्स | प्रति वर्गमीटर/वर्ग फुट | |
| 10. | सी०सी० इन्टरलॉकिंग टाईल्स | प्रति हजार | |
| 11. | हयूम पाइप/ पी०वी०सी० पाइप 25 एमएम से 600 एमएम | प्रति रनिंग मीटर | |
| 12. | सोलर लाईट/ एल०ई०डी० स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 13. | कूड़ेदान / सफाई किट / ठेली आदि सामग्री | प्रति नग | |
| 14. | विद्युत उपकरण / विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 15. | इंडिया मार्का-2 उपकरण | प्रति नग | |
| 16. | सेनेट्री उपकरण | प्रति नग | |
| 17. | रूरल पैन / पाईप्स | प्रति नग/मीटर | |
| 18. | ऐंगल / स्टील | प्रति कुन्तल | |
| 19. | लकड़ी के दरवाजे/ कामर्शिलय टिम्बर/ प्लाई | मी० वर्ग फुट | |
| 20. | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 21. | फर्स टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 22. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 23. | लोहे जाल | प्रति कुन्टल | |
| 24. | मिट्टी दूरी सहित | प्रति वर्ग मीटर | |
| 25. | लोकल रेत | प्रति घन मीटर | |
| 26. | वाल पेन्टिंग | प्रति घन मीटर | |
| 27. | दीवार पुताई/समोशन 2 कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 28. | इन्डिया मार्का हैन्ड पम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 29. | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 30. | बिजली उपकरण | प्रति किलो ग्रा० | |
| 31. | लोहे की फैनसिंग तार | प्रति किलो ग्रा० | |
| 32. | आयरन एंगिल | प्रति किलो ग्रा० | |
| 33. | फर्नीचर / बैन्च | प्रति नग | |
| 34. | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 35. | आर०सी०सी० पिलर | नग / बैग | |
| 36. | वारवेट वायर | प्रति मीटर | |

**नियम व शर्तें**- 01. ग्राम पंचायत द्वारा एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइंट सामान्य तौर पर आवश्यकतानुसार 18 वॉट/24 वाट/35 वॉट/45 वॉट की आपूर्ति कर सम्बन्धित स्थान पर स्थापित करायी जायेंगी। 02. आपूर्ति की जाने वाली एल0ई0डी0 लाईट का स्पेसिफिकेशन उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 03.01.2021 में निहित मापदण्डों के अनुसार अनुमन्य होगा। 03. एल0ई0डी0 लाइंट को सम्बन्धित खम्भों पर फिक्स किये जाने हेतु कद्वस्त्री के माध्यम से इसे वर्तमान पोल पर स्थापित करना होगा। 04. एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का क्रय/आपूर्ति शासनादेशानुसार केवल एनर्जी एफिशिएंशी सर्विसेज लिमिटेड (एएरछ) के रजिस्ट्रड वेण्डर से ही नियमानुसार किया जायेगा। 05. केवल उसी फर्म/संस्था द्वारा निविदा उपलब्ध करायी जायेगी जिनके द्वारा एनर्जी एफिशिएंशी सर्विसेज लिमिटेड (एएरछ) के रजिस्ट्रड वेण्डर से निजी संस्थानों/सरकारी विभाग स्तर पर की गयी हो। निविदा के साथ उसका साक्ष्य भी उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। 06. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित होगी। 07.आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान/सचिव के आदेश पर की जायेगी। 08. सामग्री की मात्रा घटायी या बढाई जा सकती है। 09. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्देशित स्थल पर करनी होगी। 10. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रु. के स्टाम्प पर बान्ड भरना होगा तदोपरान्त आपूर्ति करनी होगी। 11. आपूर्तिकर्ता का विक्रय कर विभाग में जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। तथा आयकरदाता हो इस आशय की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। 12. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. की स्वीकृत दरों से अधिक न हो। 13. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 14. सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरुप न होने की दशा में नियमानुसार भुगतान धनराशि में कटौती कर ली जायेगी। 15. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा। 16. आपूर्तिकर्ता को कुल कीमत का 5 प्रतिशत धनराशि सिक्योरिटी के रुप में जमा करनी होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत वसीसहसोली

सचिव
ग्राम पंचायत वसी सहसोली

## संक्षिप्त खबर

### लोगों की मदद से गांव सरमथला से ट्रेक्टर से बैट्री चोरी करते हुए पुलिस ने चोर को पकड़ा

सोहना। सोहना सदर थाना अंतर्गत लगते गांव सरमथला से पुलिस ने लोगों की मदद से बैटरी चोर को गिरफ्तार किया। जिससे ट्रैक्टर से चोरी की गई बैटरी को भी बरामद कर लिया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया की सूचना मिली कि नानक सैनी निवासी सरमथला जो बल्लभगढ़ रोड पर गांव में रहता है। उसके स्वराज ट्रैक्टर से शाम 6:00 बजे बाइक पर सवार आए एक युवक ने बैटरी खोल ली। आवाज आने पर जहां उसने शोर मचाकर लोगों की सहायता से युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।युवक की पहचान हामिद पुत्र शमसुद्दीन निवासी मेवली थाना नूह के रूप में हुई है जो ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करते हुए पकड़ा गया है आरोपी से पूछताछ जारी है।

### केंटर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

पलवल। चांदहट थाना अंतर्गत के नजदीक कैंटर की टक्कर से एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अलीगढ़ से भिवाड़ी ड्यूटी के लिए जा रहा था। चांदहट थाना पुलिस ने मामले में वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी रतिराम के मुताबिक मामले में अलीगढ़ के लालसपुर कला निवासी कालीचरण में शिकायत दर्ज करवाई है कि उनका 25 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार राजस्थान के भिवाड़ी में नौकरी करता है। बीती 20 अप्रैल को उनका पुत्र जितेंद्र कुमार अपनी बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए भिवाड़ी जा रहा था। सुबह साढ़े तीन बजे रास्ते में चांदहट थाने के नजदीक उनके पुत्र की बाइक को पलवल की तरफ से आए एक कैंटर ने टक्कर मार दी। घायलावस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने टक्कर मारने वाले कैंटर का नंबर भी पुलिस को दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए नंबर के आधार पर वाहन चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### घर से लाखों के जेवरात व 30 हजार की नगदी चोरी

पलवल। शहर थाना अंतर्गत देवनगर निवासी एक परिवार शादी समारोह में गया तो उनके घर से लाखों के जेवरात और 30 हजार की नकदी चोरी कर ली। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। जांच अधिकारी संजीत कुमार के अनुसार मामले में देव नगर निवासी धर्मेंद्र ने शिकायत दर्ज करवाई है कि बीती 19 अप्रैल को वह और उसके बच्चे बल्लभगढ़ में एक शादी समारोह में गए थे। बीती 20 अप्रैल को जब वह शादी से वापस घर लौटे तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो घर का पूरा सामान बिखरा हुआ था और जेवरात व नकदी गायब थी। शिकायत में बताया गया है कि मकान से एक जोड़ी सोने के कुंडल, एक नथ, चार चूड़ी और 30 हजार रुपए की नकदी गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रकाश उत्सव में गुरुग्राम से रहेगी संगत की बड़ी भागीदारी : एडीसी

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



● डीसी ने जिला की संगत से की पानीपत पहुंचने की गुजारिश

आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला में श्री गुरू तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश उत्सव पर पानीपत में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को लेकर गुरूग्राम जिला में तैयारी जोरो पर चल रही है। जिला से बड़ी संख्या में संगत राज्य स्तरीय समारोह में पानीपत पहुंचेगी। एडीसी विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**संगत की सुविधा के लिए प्रशासन ने किए पुख्ता प्रबंध:** एडीसी ने बताया कि उपायुक्त निशांत कुमार यादव के निदेर्शानुसार गुरूग्राम जिला से पानीपत जाने वाली संगत की सुविधा के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। संगत को गुरूग्राम से पानीपत तक पहुंचाना व वापस गुरूग्राम पहुंचने तक संबंधित एसडीएम अपने-अपने एरिया में प्रबंध संभालेंगे। संगत की बसों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी। उन्होंने प्रकाश उत्सव को लेकर विभागवार अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए श्री गुरू तेग बहादुर के प्रकाश उत्सव को लेकर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करें।

**गुरु का चलेगा अटूट लंगर:** इसके साथ ही पानीपत के सेक्टर-13, 17 में आयोजित प्रकाश पर्व के कार्यक्रम के लिए 60 एकड़ से अधिक जगह में मंच व श्रद्धालुओं के लिए बैठने की जगह तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान गुरु का अटूट लंगर चलेगा। लंगर की सेवा संत-महापुरुष एवं क्षेत्रीय संगत करेगी। पानीपत में आयोजित होने वाले प्रकाश उत्सव को लेकर जिला के सभी गुरुद्वारों व मंदिरों में अनाउंसमेंट करते हुए प्रकाश उत्सव का प्रचार किया जा रहा है। इसके अलावा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय की ओर से मेन स्ट्रीम व सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार के साथ-साथ जिला के प्रमुख स्थानों पर मुनादी भी करवाई जा रही है। विभाग की टीम द्वारा प्रचार के अलग-अलग माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए जनमानस को पानीपत में आयोजित होने वाले श्री गुरू तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश उत्सव का निमंत्रण दिया गया।

# बिजली की तारों पर गिरा पेड़ बिजली आपूर्ति ठप्प

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



देर रात आए आंधी तूफान से सोहना के बालूदा रोड पर सूखा पेड़ बिजली की तारों पर जा गिरा जिसके चलते पूरी रात बिजली ठप्प हो गई।बिजली ठप्प होने से बलूदा रोड पर रहने कॉलोनी वासियों ने पूरी रात मच्छरों में काटी।लोगों के इन्वर्टर आदि सब फेल हो गए।वहीं विभाग को भी हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।इससे एक दिन पूर्व भी रात में बालूदा रोड पर केबल फटने से रात भर बिजली सप्लाई बंद हो गई थी।वहीं कॉलोनी वासियों में बार बार सिटी टू की बिजली बंद करने को लेकर आक्रोश व्याप्त है।बिजली आपूर्ति बंद को लेकर विभाग के। एस डी ओ राहुल यादव का कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों को बोलकर पेड़ को कटवा दिया गया है और स्प्लाई चालू करने के लिए कर्मचारियों को भेज रखा है । दोपहर तक सप्लाई शुरू हो जाएगी। लेकिन बिजली सप्लाई 2 बजे शुरू की जा सकी।

# अध्यापकों ने अपनी मांगों को लेकर शिक्षा अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



नूंह, प्रात : किरण संवाददाता

बृहस्पतिवार को जिला सचिवालय में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के बैनर तले जिले के अध्यापकों ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अब्दुल रहमान खान व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान फूल कुमार यादव , राज्य कार्यकाारिणी सदस्य शौकत हुसैन, जिला उप प्रधान हसमत अली, जिला सदस्य नरेश चौहान, नूंह प्रधान शमसेर लौरा, सचिव देवी सिंह के अलावा प्राथमिक शिक्षा संघ के प्रधान राजेश शर्मा के अलावा नूंह खंड प्रधान गजराज भी मौजूद रहे। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर रोष प्रकट कर सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान फूल कुमार यादव ने बताया कि हाल में प्रदेश सरकार ने मॉडल संस्कृति स्कूलों से हिंदी को गायब कर दिया है। इन स्कूलों में अभी अंग्रेजी माध्यम से दाखिले हो रहे हैं। इसलिए हिंदी माध्यम से भी दाखिले का बच्चों को लाभ दिया जाए। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत किसी भी बच्चों से कोई शुल्क नहीं लिया जाए। सभी खाली पदों को शीघ्र नियमित भर्ती से भरा जाए। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अब्दुल रहमान खान ने व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ईद पर्व के बाद जिले के सभी खंडों में बैठक में अध्यापकों की समस्याओं समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी फरलो करने वाले अध्यापक अपनी आदतों से बाज आए उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# ट्रक चालक को बंधक बना बदमाशो ने सरिए पत्ती से भरे ट्रक को लूटा

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना सदर थाना अंतर्गत लगते गांव लाला खेड़ी में ट्रक चालक से लोहे की रॉड वा पत्ती से भरे ट्रक के आगे बोलेरो लगाकर लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर सदर थाना पुलिस ने चालक के बयान पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूटपाट का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दिया । घटना बीते 20 अप्रैल देर रात 11 बजकर 30 मिनट के बाद की है ।दर्ज कराए गए मामले में चालक निजाम पुत्र सब्बीर निवासी पावसर थाना बहिन जिला पलवल का कहना है की मैंने एक एलपी गाड़ी बनाई हुई है ।जो गुरुजी रोड लाइंस ट्रांसपोर्ट में अटैच है ।जहां बीते 20 अप्रैल को बालाजी कंपनी रिलैक्सो चौक से 20 टन लोहे की रॉड वा पत्ति भरकर सेक्टर 24 फरीदाबाद के लिए जा रहा था कि फरीदाबाद रोड पर गांव लाला खेड़ी से पहले ट्रक के आगे सफेद रंग की बोलेरो आगे लगाकर तीन चार युवकों ने एक्सीडेंट का बहाना बनाकर मुझे ट्रक से नीचे उतार लिया ।और बोलेरो में बैठा लिया। जहां बोलेरो में पांच युवक बैठे थे और मेरी आंखों पर साफी बांध दी। तथा सभी मेवाती भाषा बोल रहे थे जो मुझे रात को नीम के पेड़ के साथ बांध कर चले गए ।लगभग 2 घंटे के बाद मैं जैसे तैसे सड़क पर पहुंचा। जहां पुलिस का नाका लगा हुआ था । जहां पुलिस को सूचना दी और बताया कि ।बदमाश मेरे से मोबाइल व 11000 नगद भी छीन कर फरार हो गए ।परिजनों को भी सूचना दे दी है ।मामले को लेकर सदर थाना प्रभारी स्पेक्टर देवेंद्र सिंह का कहना है कि चालक के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है ट्रक को माल सहित नूह से बरामद कर लिया है बदमाशों की तलाश जारी है।

# सोहना सब्जी मंडी में सी एम फ्लाइंग की पनीर की दुकान पर छापेमारी

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



● खुशी पनीर की दुकान से रसगुल्ले और पनीर के लिए सेंपल, दस दिन का दिया दुकानदार को नोटिस

सोहना सब्जी मंडी में सीएम फ्लाइंग की टीम ने पनीर की दुकान पर जैसे ही छापेमारी की मंडी में हड़कंप मच गया। पनीर की दुकान से रसगुल्ले व पनीर के सेंपल भर अपने साथ ले गए ।सीएम फ्लाइंग में मौजूद एफ एस एस आई के डॉक्टर श्याम लाल का कहना है कि सूचना मिली थी कि सोहना सब्जी मंडी में खुशी पनीर भंडार पर बरकत अली नाम का व्यक्ति केमिकल युक्त पनीर बेचने का कार्य करता है जिसके पास लाइसेंस भी नहीं है। दुकानदार से लाइसेंस संबंधी दस्तावेज मांगे। जहां वह दस्तावेज नहीं दिखा सका। जो कि अवैध रूप से पनीर रसगुल्ले अन्य सामान बेच रहा था ।अवैध रूप से खाद्य संबंधित पदार्थ बेचने पर 6 महीने की सजा का प्रावधान भी है। सैंपल ले लिए गए हैं और लैब में भेज दिए हैं। दुकानदार को 10 दिन का नोटिस देकर जवाब देने के लिए कहा गया है ।सीएम फ्लाइंग में व उनकी टीम में सब इंस्पेक्टर सतवीर, सब इंस्पेक्टर मदनलाल, एएसआई अशोक वा उनकी टीम के सराय शामिल थे। आपको बता दें कि सोहना में नकली वा केमिकल युक्त पनीर बेचने का धंधा जोरों पर है जिस पर गुप्त चर विभाग की पैनी नजर थी। जहां आज सी फ्लाइंग ने छापेमारी कर सेंपल एकत्रित किए।

**सी एम फ्लाइंग की सर्विस स्टेशन पर छापेमारी**

सी एम फ्लाइंग ने आज दूसरी छापेमारी सोहना के दमदमा रोड पर चल रहे सर्विस स्टेशन पर की ।जहां पीने के पानी से अवैध रूप से गाड़ियों की धुलाई के साथ बिजली चोरी भी की जा रही थी। सीएम फ्लाइंग में साथ में पहुंचे विभाग के एसडीओ राहुल यादव का कहना है की लीलू निवासी अभयपुर नाम का व्यक्ति जो सर्विस स्टेशन चलाने का कार्य करता है।

बिजली चोरी में लिप्त पाया गया। जहां 4 किलो वाट बिजली की चोरी पकड़ी गई। जिस पर 1लाख 60 हजार का जुमार्ना डाला गया है। समय-समय पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी की जाती है जिससे बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जा सके।

# शहर में बढ़ रही चोरियों को लेकर व्यापारी ए सी पी से मिले

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



सोहना में बढ़ रही चोरियों की वारदात पर अंकुश लगाने के लिए सोहना व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी के नेतृत्व में शहर के व्यापारी एसीपी सोहना से मिल शहर में बीते दिनों हुई चोरी की वारदातों को जल्द सुलझाने की मांग की। जिसको लेकर एसीपी प्रवीण मलिक ने शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार व अपराध शाखा की टीम के कर्मचारियों को निर्देश देते हुए तुरंत चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए कहा और बीते दिनों हुई चोरियों को लेकर अज्ञात चोरों की तलाश करने के निर्देश दिए। व बीते महीने सीसीटीवी में चोरी की वारदात को लेकर कैद हुए अज्ञात चोरों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा। वहीं उन्होंने व्यापार मंडल संघ से दरखास्त, अपील भी की कि सभी अपने अपने प्रतिष्ठानों के आगे कैमरों के साथ-साथ चौकीदार भी रखें। जिससे चोरियों पर अंकुश तो लगेगा ही वही पुलिस को भी सहायता मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सीसीटीवी में कैद हुए सभी आरोपी जल्द ही गिरफ्तार होंगे और चोरियों की वारदातों का भी खुलासा होगा। आपको बता दें कि लगातार शहर में बढ़ रहे चोरी की वारदातों को लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त था। जिसको लेकर सभी व्यापारी स्थानीय एसीपी प्रवीण मलिक से मिले ।इस मौके पर व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी, सुभाष बंसल डेरी वाले, टेक चंद बंसल, रवि सिंगला, पप्पू पठान ,प्रदीप गर्ग, रोहित गर्ग, सतीश कुमार राघव,सरदार अवतार सिंह,सोनू सरदार,ओम प्रकाश सैनी,सहित अन्य व्यापारी गण मोजूद थे।

# बिहार और पंजाब से लापता हुए एक किशोर व किशोरी को सकुशल परिवार से मिलाया

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता




पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा की दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच के टीम ने बिहार लापता हुए घर से नाराज होकर फरीदाबाद आए एक किशोर और किशोरी को सही सलामत वापस होने के परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है 17 अप्रैल को बिहार पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जिला मुंगेर से एक 17 वर्षीय बच्चा घर से नाराज होकर फरीदाबाद आ गया है जिसकी अपहरण की शिकायत थाना टटिया संग्रामपुर मुंगेर में दर्ज है। उपरोक्त सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से रविंदर व क्राइम ब्रांच कैट ने बच्चे की तलाश की जिसको दिनांक 18 अप्रैल को गांव सीही से सेक्टर 08 पुलिस चौकी की मदद से रेस्क्यू किया। उसके बाद बच्चे का मेडिकल कराकर बाल आश्रय में छोड़ा जिसको दिनांक 21 अप्रैल को बिहार पुलिस व बच्चे के परिजनों को सुपुर्द कर दिया । उसके बाद टीम ने पंजाब पुलिस की मदद से बच्ची के परिजन का पता लगया और बच्ची का मेडिकल कराकर वन स्टॉप सेंटर में छोड़ा। उसके बाद दिनाक 21 अप्रैल को बच्ची के परिजन फरीदाबाद आए और बाल कल्याण समिति के आदेश से बच्ची को उनके परिजन के सुपुर्द कर दिया।

# भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा है विधायक नीरज शर्मा का परिवार : नगेंद्र भड़ाना

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



एनआईटी क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने कांग्रेसी विधायक नीरज शर्मा को नौटंकीबाज करार देते हुए कहा कि पिछले ढाई साल में उन्होंने क्षेत्र में विकास के नाम पर एक ईट भी नहीं लगवाई और उनकी पहल पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल आशीर्वाद से क्षेत्र में जो विकास कार्य हो रहे है, उनका झूठा श्रेय लूटने का प्रयास करने में जुट गए है लेकिन जनता विधायक महोदय की कथनी और करनी को भली भांति समझ चुकी है और अब वह उनके झूठे बहकावे में नहीं आने वाली। यहां जारी प्रेस बयान में पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि 27 मार्च को तिगांव में आयोजित भाजपा की जिलास्तरीय रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को उन्होंने एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की 35 मांगों का एक मांगपत्र सौंपा था और अब मुख्यमंत्री से हेड ऑफ डिपार्टमेंट से इन मांगों को अमलीजामा पहचाने के लिए चंडीगढ़ से यह मांगें पास होकर फरीदाबाद विभागों के पास आ रही है तो विधायक नीरज शर्मा इनका झूठा श्रेय लूटने का प्रयास कर रहे है, लेकिन जनता जनार्दन ऐसे दलबदलूओं को भली भांति जानती है और अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को दिए मांगपत्र में क्षेत्र के स्कूलों अपग्रेड करने व जर्जर हालत इमारतों को दुरूस्त करवाने की मांग रखी थी, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी के पास अब पत्र आ गया है, जिसके तहत डबुआ कालोनी, कोट गांव व सलाखरी गांव में स्थित प्राइमरी स्कूल को अपग्रेड कर मिडिल तक कराया जाएगा।

# रेडक्रॉस महासचिव के जन्मदिवस पर किया पौधारोपण



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा के महासचिव डीआर शर्मा के जन्मदिवस पर शुक्रवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की शाखाओं में रक्त शिविरों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए सोसायटी के सदस्यों ने उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने महासचिव डीआर शर्मा को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रयासों से रेडक्रॉस सोसायटी के जनसेवा के क्षेत्र में काफी मजबूत हुई है। रेडक्रॉस सोसायटी से सहसचिव सुभाष शर्मा, आकांक्षा, अतुल पराशर, कुणाल मंगला, श्यामा राजपूत, रजनी कटारिया, कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार के साथ फर्स्ट एड के स्टूडेंट ने महासचिव डीआर शर्मा के जन्मदिवस पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर भेजे गए संदेश में डीआर शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए कोरोना महामारी से खुद भी बचने और दूसरों को भी बचाने का संदेश दिया।

# तिगांव पुलिस ने गांजे के सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा नशे में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना तिगांव प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध गांजा तस्करी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में श्याम सुंदर, धर्मेंद्र उर्फ पिंटू तथा ललित का नाम शामिल है। तीनों आरोपी यूपी के कोसी एरिया के रहने वाले हैं। थाना पुलिस की टीम कल थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी कि गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी कोसी से एक गाड़ी में अवैध गांजा लेकर फरीदाबाद की ओर आ रहे हैं। यदि चेकिंग की जाए तो आरोपियों को अवैध गांजे सहित काबू किया जा सकता है चेक करने पर उसके कब्जे से 4.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपियों से गांजे का लाइसेंस मांगा गया कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके जिसके पश्चात आरोपियों को काबू कर थाने लाया गया ।

# बैंकों के केसीसी खातों से ब्याज की रकम काटने की जांच करेंगे एडीसी

चरखी दादरी, प्रात : किरण संवाददाता




● कष्ट निवारण समिति की बैठक में कृषि मंत्री जेपी दलाल ने दिए आदेश

चरखी दादरी कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करने प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल शुक्रवार को चरखी दादरी पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न परिवादों की सुनवाई करते हुए उनका शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। वहीं इस दौरान बैठक में दादरी डीआरओ के मौजूद नहीं होने पर उन्होंने उनके खिलाफ एक्शन लेने की बात कही।

कष्ट निवारण समिति की बैठक में कृषि मंत्री के समक्ष कुल नौ परिवाद रखे गए थे जिनमें से सात का मौके पर ही निवारण कर दिया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि इस प्रकार की व्यवस्था की जाए की प्रशासन अपने स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का निपटारा कर दे ताकि कष्ट निवारण समिति में लोगों को आने की आवश्यकता ही ना पड़े। वहीं शहर की सीवर संबंधी समस्या को लेकर कहा की इसके समाधान के लिए जल्द ही दादरी को सुपर शकर मशीन दिलवाई जाएगी ताकि सीवर समस्या से निजात मिल सके। एसवाईएल के मुद्दे पर कृषि मंत्री ने कहा कि एसवाईएल प्रदेश की जीवन रेखा है और इसके अलावा सरकार के अलावा विपक्ष के विधायक भी एकजुट व गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर कानूनी कार्रवाई कर एसवाईल का पानी लाने के लिए पूरा प्रयास करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को उसकी फसलों का अच्छा भाव मिल रहा है। एमएसपी की बजाय मार्केट में किसान की फसलें अधिक भाव पर बिक रही हैं जिसकी उन्हें खुशी है। उन्होंने कहा कि लोगों बिजली आपूर्ति

## हरियाणा सरकार का बड़ा फैसला

# अब खिलाड़ी स्टेडियमों में नि:शुल्क कर सकेंगे खेलों की तैयारी :संदीप

चंडीगढ़, प्रात : किरण संवाददाता



खेलों का हब बन चुके हरियाणा में खेलों की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों के हित में राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। अब खिलाड़ी खेल स्टेडियमों या खेल परिसरों में निःशुल्क खेलों की तैयारी कर सकेंगे ।खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने आज यह घोषणा करते हुए कहा कि अब खिलाड़ियों को स्टेडियम या खेल परिसरों में जाने के लिए किसी प्रकार की फीस का भुगतान नहीं करना होगा। राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के विकास के लिए लिया गया है ।इसके अलावा, अब हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के तहत आने वाली खेल एसोसिएशन या फेडरेशन को भी खेल टूनामेंट जैसे स्टेट चैंपियनशिप या नेशनल चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए किसी प्रकार की फीस का भुगतान नहीं करना होगा ।उन्होंने कहा कि हालांकि निजी संस्थाओं को खेल स्टेडियम का उपयोग करने के लिए विभाग द्वारा निर्धारित फीस अवश्य देनी होगी ।खेल राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नए-नए कदम उठा रही है। एक ओर जहां देश व दुनिया में हरियाणा का नाम खिलाड़ियों को सर्वाधिक पुरस्कार राशि देने के लिए जाना जाता है, तो वहीं खिलाड़ियों को खेलों की तैयारी के लिए 5 लाख रुपये की राशि एडवांस में देने की पहल से भी हरियाणा की पहचान खेलों व खिलाड़ियों के हब के रूप में बनी है।

## संक्षिप्त खबरें



### मेरियट इंटरनेशनल ने रंजू एलेक्स को दक्षिण एशिया के लिए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया

मुंबई। वैश्विक आतिथ्य कंपनी मेरियट इंटरनेशनल ने रंजू एलेक्स को दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। मेरियट इंटरनेशनल ने एक बयान में यह जानकारी दी। एलेक्स इससे पहले पश्चिम भारत के लिए बाजार उपाध्यक्ष के पद पर थे। वह नीरज गोविल का स्थान लेंगे। गोविल को पिछले वर्ष एशिया प्रशांत के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष (परिचालन) नियुक्त किया गया था और वह सिंगापुर में पदस्थ हैं। बयान में कहा गया कि एलेक्स मुंबई से काम करेंगे और भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल तथा भूटान में कंपनी के परिचालन का काम देखेंगे। मेरियट ने अरुण कुमार को उत्तर भारत, नेपाल और भूटान के लिए बाजार उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### साह पॉलीमर्स ने आईपीओ के लिए सेबी के पास मसौदा दस्तावेज जमा करवाए

नई दिल्ली। साह पॉलीमर्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए बाजार नियामक प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास मसौदा दस्तावेज जमा करवाए हैं। मसौदा दस्तावेजों के मुताबिक आईपीओ के तहत 1,02,00,000 नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं होगी। आईपीओ से मिलने कोष का इस्तेमाल नए फ्लेक्सिबल इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर्स (एफआईबीसी) संयंत्र के विनिर्माण और उत्पादन क्षमता का विस्तार करने में किया जाएगा। इसके अलावा नई परियोजना के लिए कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं तथा कर्ज चुकाने में भी इसका उपयोग किया जाएगा। उदयपुर की कंपनी साह पॉलीमर्स पॉलीप्रोपलीन (पीपी)/उच्च घनत्व वाले पॉलीथिलीन एफआईबीसी बैग, बुने बोरे, बुना कपड़ा और पॉलीमर के बुने हुए उत्पादों का विनिर्माण और बिक्री करती है।

### रेनबो चिल्ड्रेंस मेडिकेयर ने आईपीओ का मूल्य दायरा 516-542 रुपये प्रति शेयर तय किया

नई दिल्ली। बच्चों के अस्पतालों की श्रृंखला रेनबो चिल्ड्रेंस मेडिकेयर लिमिटेड ने अपने 1,581 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 516-542 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि तीन दिन का आईपीओ 27 अप्रैल को खुलेगा और 29 अप्रैल को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोलियां 26 अप्रैल को खुलेंगी। रेनबो चिल्ड्रेंस मेडिकेयर आईपीओ के तहत 280 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी करेगी और 2.4 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी। ओएफएस में रमेश कंचारला, दिनेश कुमार चिरला और आदर्श कंचारला, प्रवर्तक समूह की इकाई पद्मा कंचारला और निवेशक ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट पीएलसी (जिसे पहले सीडीसी ग्रुप पीएलसी के नाम से जाना जाता था) और सीडीसी इंडिया शेयरों की पेशकश करेंगे। कंपनी के पात्र कर्मचारियों के लिए तीन लाख तक शेयर आरक्षित रखे गए हैं। रेनबो 20 दिसंबर, 2021 तक भारत के छह शहरों में 14 अस्पतालों और तीन क्लीनिकों का संचालन कर रही थी।

# आरबीआई ने कारोबारी धारणा का पता लगाने के लिए तिमाही सर्वेक्षण शुरू किया

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौजूदा और अगली तिमाही के लिए कारोबारी धारणा का आकलन करने के लिए तिमाही औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण (आईओएस) का अगला दौर शुरू किया है। आरबीआई के अनुसार इस सर्वेक्षण में मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार और कीमत से संबंधित संकेतकों को लेकर प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर व्यावसायिक भावना और अपेक्षाओं का आकलन किया जाएगा। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह सर्वेक्षण विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन को लेकर धारणा प्रदान करता है।

कोविड-19 महामारी के कारण जारी अनिश्चितता के मद्देनजर वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी और चौथी तिमाही के लिए प्रमुख मापदंडों पर दृष्टिकोण का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण के इस दौर में एक अतिरिक्त 'ब्लॉक' को शामिल किया गया है। एक अन्य बयान में आरबीआई ने कहा कि उसने त्रैमासिक सेवाओं और अवसंरचना परिदृश्य सर्वेक्षण (एसआईओएस) के 33 वें दौर की शुरूआत की है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य सेवाओं और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में चयनित कंपनियों से चालू तिमाही के लिए व्यापार की स्थिति और आगामी तिमाही के लिए उनकी उम्मीदें का पता लगाना है।



**आकलन**

- आरबीआई के अनुसार इस सर्वेक्षण में मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार और कीमत से संबंधित संकेतकों को लेकर प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर व्यावसायिक भावना और अपेक्षाओं का आकलन किया जाएगा।

### महंगाई से किस्त की चूक में इजाफा

**नई दिल्ली।** दैनिक जीवन के बाद महंगाई का असर अब कर्ज के भुगतान पर भी पड़ने लगा है। राष्ट्रीय स्वचालित क्लियरिंग हाउस (एनएसीएच) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च में कर्ज के भुगतान की किस्त चूक में बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में संख्या के लिहाज से किस्त चूक की दर 29.6 प्रतिशत रही है। फरवरी के मुकाबले इसमें 40 आधार अंकों या 0.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह से मूल्य के आधार पर पिछले महीने किस्त चूक की दर 22.8 प्रतिशत रही है। फरवरी के मुकाबले इसमें 36 आधार अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है। विश्लेषकों के अनुसार, नवंबर 2021 में किस्त चूक की दर में तेज सुधार था और यह महामारी के पूर्व स्तर पर पहुंच गया था। आर्थिक गतिविधियों में तेजी के साथ कर्ज लेने वालों की भुगतान क्षमता में सुधार हुआ था। लेकिन मार्च में खाद्य वस्तुओं और तेल की बढ़ती कीमतों से कर्ज लेने वालों की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है। इस कारण मार्च में किस्त चूक की दर में इजाफा हुआ है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की ओर से जारी डाटा के मुताबिक, मार्च में किस्त के भुगतान के लिए एनएसीएच मंच पर 9.79 करोड़ आवेदन आए। इसमें से 2.89 करोड़ आवेदन पैसों की कमी के कारण भुगतान में डिफॉल्ट रहे। इसी तरह मूल्य के लिहाज से कुल 97,801 करोड़ रुपये के कर्ज भुगतान के आवेदनों में से 22,302 करोड़ रुपये के आवेदन डिफॉल्ट हो गए। हालांकि, एनएसीएच मंच पर किए गए सभी भुगतान आवेदन कर्ज की मासिक किस्त के लिए नहीं होते हैं। इसमें कुछ आवेदन बीमा प्रीमियम और सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) की मासिक किस्त भुगतान के भी होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि किस्त चूक की दर में मामूली इजाफा हुआ है। यह संभवतः कर्ज लेने वालों पर बढ़े महंगाई के बोझ का असर हो सकता है। करीब चार महीने तक स्थिरता के बाद घरेलू स्तर पर 22 मार्च से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू हुई थी। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव रहा था।

### अडाणी पोर्ट्स ओशन स्पार्कल का अधिग्रहण करेगी

**नई दिल्ली।** अडाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन्स (एपीएसईजेड) लिमिटेड की अनुषंगी अडाणी हार्बर सर्विसेस ने तृतीय पक्ष समुद्री सेवा प्रदाता कंपनी ओशन स्पार्कल लिमिटेड (ओएसएल) के अधिग्रहण के लिए करार किया है।

एपीएसईजेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक करण अडाणी ने कहा कि ओएसएल और अडाणी हार्बर सर्विसेज लिमिटेड (टीएएचएसएल) के तालमेल को देखते हुए, समेकित व्यवसाय बेहतर मुनाफे के साथ पांच वर्षों में दोगुना होने की संभावना है, जिसका लाभ अडाणी पोर्ट्स के शेयरधारकों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस अधिग्रहण से कंपनी की भारत के समुद्री सेवा बाजार में हिस्सेदारी बढ़ेगी और अन्य देशों में मौजूदगी दर्ज करवाने के लिए एक मंच भी मिलेगा।

एक बयान में कहा गया, ''स्वयं के 94 पोतों और तृतीय पक्ष स्वामित्व वाले 13 पोतों के साथ ओएसएल बाजार में अगुवा है।' बयान के मुताबिक ओएसएल का उद्यम मूल्य 1,700 करोड़ रुपये है।

# एनसीडीईएक्स पर 2021-22 में औसत दैनिक कारोबार 47% बढ़कर हुआ 1,858 करोड़ रुपये

मुंबई, एजेंसी

भारत के अग्रणी ऑनलाइन कृषि जिंस एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीडीईएक्स) में 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2021-22 में औसत दैनिक व्यापार 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,857 करोड़ रुपये रहा। यह औसत वित्त वर्ष 2020-21 में 1,261 करोड़ रुपये और कोरोना महामारी से पहले वर्ष 2019-20 में 1,794 करोड़ रुपये था।

एनसीडीईएक्स ने गुरुवार को बताया कि सोया, सरसों और चना जैसी जिंसों के वायदा कारोबार पर सरकार द्वारा लगायी गयी रोक के बावजूद उसके मंच पर दैनिक लेनदेन में उछाल आया है। एनसीडीईएक्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण रास्ते ने गुरुवार को यहां यूनीवार्ता से कहा, अभूतपूर्व भू-राजनीतिक उथलपुथल के कारण कठिन दौर से गुजर रहे जिंस बाजार में वित्त वर्ष 2021-22 में हमारा प्रदर्शन दिखाता है कि बाजार में काम करने वाले विशेषकर कृषि जिंसों के अनुबंधों के सौदों में भाग लिया। यह उतार-चढ़ाव के दौर में जोखिम प्रबंधन के प्रति यह उनकी सतर्कता को भी दशार्ता है।' उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में वायदा और विकल्प के अनुबंधों के सौदों में तीव्र वृद्धि दर्ज की गयी। वर्ष के दौरान मासिक ओपन इंटरेस्ट (निपटान के लिए बकाया सौदे) औसतन 3,554 करोड़ रुपये तक रहे, यह इससे पिछले साल के 2,695 करोड़ रुपये के मासिक ओपन इंटरेस्ट की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। ओपन इंटरेस्ट का ऊंचा होना बाजार प्रतिभागियों की अच्छी गुणवत्ता और गंभीरता का पैमाना माना जाता है।' एनसीडीईएक्स ने एक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2021-22 कृषि डेरिवेटिव्स प्रणाली के लिए चुनौती भरा वर्ष रहा क्योंकि इसमें कुछ प्रमुख जिंस डेरिवेटिव्स अनुबंधों पर रोक लगा दी गई। लेकिन हकीकत यह है कि अनिश्चितता और तेज उतार-चढ़ाव के बीच मूल्य श्रृंखला के भागीदारों को जोखिम से बचने के लिए डेरिवेटिव्स बाजार की और अधिक जरूरत रही है, जो कमोडिटी में भागीदारी बढ़ने से साबित भी हुआ। श्री अरुण ने कहा, 'एनसीडीईएक्स ने लाखों किसानों के जीवन को प्रभावित करने के अपने प्रयास में 400 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के जरिये 10 लाख से ज्यादा किसानों को एक्सचेंज प्लेटफॉर्म से जोड़कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।'

# पेट्रोल-डीजल के दाम रहे स्थिर कच्चा तेल 107 डॉलर के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन संकट के बीच घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 16वें दिन स्थिर रहे। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 107 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बना हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने दोनों ईंधनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल का दाम 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 104.77 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 115.12 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का दाम 99.83 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 110.85 रुपये प्रति लीटर और



डीजल 100.94 रुपये प्रति लीटर के दर पर मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पेट्रोल का भाव 100 रुपये प्रति लीटर से ऊपर है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी है। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 107.64 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 103.14 डॉलर प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा है।

# अमेजन ने भारतीय सोशल कॉमर्स स्टार्टअप ग्लोरोड का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली, एजेंसी

ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेजन ने शुक्रवार को कहा कि उसने घरेलू महिला केंद्रित सोशल कॉमर्स स्टार्टअप ग्लोरोड का अधिग्रहण कर लिया है। एक बयान में, कंपनी ने कहा कि अधिग्रहण से उसे 2025 तक 10 मिलियन स्थानीय भारतीय व्यवसायों को डिजिटाइज करने में मदद मिलेगी।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया, अमेजन भारत को डिजिटाइज करने और ग्राहकों, सूक्ष्म उद्यमियों और विक्रेताओं को खुश करने के नए तरीके तलाश रहा है और ग्लोरोड इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिग्रहण ऐसे समय में हुआ है जब भारत में सोशल कॉमर्स उद्योग जैसे फ्लिपकार्ट के सोशल कॉमर्स प्लेटफॉर्म आर्म शॉपसी और मीशो जैसी कंपनियों के साथ फलफूल रहा है। अमेजन ने कहा कि ग्लोरोड के साथ, यह देश भर के लाखों क्रिएटर्स, होममेकर्स, छात्रों और छोटे विक्रेताओं के बीच उद्यमिता को गति देने में मदद करेगा। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, यह अधिग्रहण ग्लोरोड की पहले से पसंद की जाने वाली सेवा को अमेजन की तकनीक, बुनियादी




ढांचे और डिजिटल भुगतान क्षमताओं के साथ पूरक करेगा, जिससे सभी के लिए अधिक दक्षता और लागत बचत होगी। ग्लोरोड ने हाल ही में लगभग 32 मिलियन डॉलर जुटाए हैं और इसमें एक्सेल, वर्टेक्स वेंचर्स और सीएचडी इन्वेस्टमेंट्स जैसे निवेशक हैं। मंच के छह मिलियन से अधिक पुनर्विक्रेता हैं और यह 2,000 से अधिक शहरों में मौजूद हैं। एक्सेंचर की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 तक वैश्विक सामाजिक वाणिज्य बाजार 1.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है। भारत अंतरिक्ष में सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का सामाजिक वाणिज्य बाजार 59 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 2025 तक सकल व्यापारिक मूल्य में 17 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

### गूगल ने यूरोप, यूके में कुकीज को ट्रैक करने के लिए रिजेक्ट ऑल बटन किए पेश

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

यूरोपीय उपभोक्ता और बाजार नियामकों के जुमार्ने का सामना करने के बाद, गूगल ने अपने प्लेटफॉर्म पर कुकीज को ट्रैक करने के लिए रिजेक्ट ऑल और एक्सेप्ट ऑल बटन पेश किए हैं। साइन आउट या गुप्त मोड में यूरोप में खोज और यूट्यूब पर जाने वाले किसी भी व्यक्ति को एक नया कुकी सहमति विकल्प दिखाई देगा।

प्राइवेसी, सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के प्रोडक्ट मैनेजर, सम्मित आध्या ने गुरुवार देर रात एक बयान में कहा, यह अपडेट, जो इस महीने की शुरूआत में यूट्यूब पर शुरू हुआ था, आपको आपकी पसंदीदा भाषा में पहली स्क्रीन पर समान रिजेक्ट ऑल और एक्सेप्ट ऑल बटन प्रदान करेगा।

उपयोगकर्ता अभी भी अधिक विकल्प के साथ अपनी पसंद को अधिक विस्तार से अनुकूलित करना चुन सकते हैं। नया कुकी बटन फ्रांस में लॉन्च किया गया है और इसे पूरे यूरोप, यूके और स्विटजरलैंड में रोल आउट किया जाएगा।

आध्या ने कहा, बहुत पहले, इस क्षेत्र के यूजर्स के पास एक नया कुकी विकल्प होगा- जिसे एक क्लिक के साथ स्वीकार या अस्वीकार किया जा सकता है। इस साल की शुरूआत में, फ्रांस की डेटा सुरक्षा एजेंसी सीएनआईएल ने कुकी ट्रैकिंग नीतियों को भ्रमित करने के लिए गूगल पर 170 मिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया था।

गूगल ने कहा, न केवल खोज और यूट्यूब पर, बल्कि उन साइटों और कंटेंट निमार्ताओं को भी प्रभावित करेगा जो उनका उपयोग अपने व्यवसाय को बढ़ाने और जीवनयापन करने में मदद करने के लिए करते हैं। कंपनी ने कहा, हमारा मानना है कि यह अपडेट अपडेटेड रेगुलेटरी गाइडेंस का जवाब देता है और वेब के लिए अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने में मदद करने के हमारे व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है।

### विदेशी निवेशकों ने 2.6 अरब डॉलर के शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की ओर से लगातार सातवें महीने भी बिकवाली जारी है। अप्रैल में अब तक एफपीआई भारतीय बाजारों से 2.6 अरब डॉलर के शेयरों की बिक्री कर चुके हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जिंसों की कीमतों में आई तेजी, ब्याज दरों में बढ़ोतरी और भारतीय बाजारों के ज्यादा मूल्यांकन के कारण विदेशी निवेशकों में बिकवाली का माहौल बना है। आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2021 से अब तक विदेशी निवेशक घरेलू बाजारों से 20.6 अरब डॉलर की निकासी कर चुके हैं। इसमें से 15 अरब डॉलर की राशि 2022 के पहले तीन महीनों में निकाली गई है। अमेरिका की वित्तीय सेवा कंपनी जेफ्रीज के ताजा नोट के अनुसार, 10 साल के औसत में एनएसई इस समय 16 प्रतिशत प्रीमियम पर कारोबार कर रहा है। वहीं, उभरते बाजारों के बेंचमार्क में करीब 70 प्रतिशत प्रीमियम पर कारोबार चल रहा है।

# सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने कंटेंट प्रोडक्शन के लिए संवहनीयता दिशानिर्देश जारी किये

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) ने कंटेंट प्रोडक्शन के लिए संवहनीयता दिशानिर्देशों (सस्टेनेबिलिटी गाइडलाइंस) को लॉन्च किया है। उद्योग में अपने तरह की इस पहली पहल का उद्देश्य पर्यावरण-हितैषी कार्यपद्धतियों को अपनाकर उद्योग के लिए पथ-प्रदर्शक बनना है। ये दिशानिर्देश एसपीएनआई द्वारा वर्ष 2050 तक शून्य पर्यावरणीय उपस्थिति प्राप्त करने की दिशा में लक्षित हैं। सबसे पहले, एसपीएनआई अपने कुछ शोज में इन दिशानिर्देशों को लागू करेगा और इसके बाद इसे चल रहे सभी उत्पादों पर लागू किया जाएगा।

इन दिशानिर्देशों में एक क्रियाविधि की रूपरेखा तय की गई है जिनका अनुसरण करना एसपीएनआई से

- इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य वर्ष 2050 तक शून्य पर्यावरणीय उपस्थिति तक पहुँचना है।

सम्बद्ध सभी प्रोडक्शन संस्थानों और साझेदारों के लिए अनिवार्य होगा। उन्हें फिक्शन, नॉन-फिक्शन और डिजिटल जैसे विभिन्न विषयवस्तु ढाँचे में किये गए व्यापक उद्योगगत शोध के आधार पर सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। इनमें सन्निहित उपायों का दायरा परिचालन के व्यापक क्षेत्र तक विस्तृत है जिसमें सेट की अभिकल्पना के लिए एकल प्रयोग वाली प्लास्टिक एवं थर्मोकॉल तथा प्रिंटिंग के लिए फ्लेक्स के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध जैसी व्यवहार्य पहलकदमियाँ सम्मिलित हैं। इसमें लो-वीओसी पेंट्स, एफएससी प्रमाणित लकड़ी, नैतिक और इको-फ्रेंडली कॉस्मेटिक का प्रयोग करना तथा अपशिष्टों के अनिवार्य पृथक्करण और पुनर्चक्रण नीति को लागू करना भी शामिल हैं। इसके अलावा, इसमें प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण संबंधी पहल की अनुशंसा भी की गई है, जिसका उद्देश्य हरित अवस्थांतर से जुड़ी वर्तमान प्रक्रियाओं के प्रति संवेदनशील कार्यबल और अवसंरचना विकसित करना है। संवहनीयता दिशानिर्देशों में जिन पहलों पर जोर दिया गया है वे सभी शोज के लिए कार्बन अकाउंटिंग और कार्बन फुटप्रिंट के मानचित्रण की दिशा में एक कदम है जो परिचालनों के अन्य फॉर्मेट्स पर भी लागू होंगे। इन दिशानिर्देशों के पूर्ण हरित कार्य पद्धति में अवस्थांतरण की गति तेज होगी। हरित पद्धतियों को लागू करने का एक आवश्यक पहलू निरीक्षण प्रक्रिया है, जिससे प्रगति का पता लगाते हुए संगठन को फायदा होगा।

### गूगल मैसेज का नया बग तेजी से करता है बैटरी ड्रेन

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल मैसेज का एक नया बग आपके मोबाइल के कैमरे को ऑन कर देता है, जिससे बैटरी बहुत जल्दी खत्म हो जाती है और डिवाइस गर्म हो जाता है। 9टू5 गूगल के मुताबिक गूगल मैसेज ऐप के जरिये एक तस्वीर को तुरंत खींचकर और उसे तुरंत मैसेज में संलग्न करके भेजा जा सकता है। गूगल मैसेज ऐप के हालिया अपडेट में, ऐप में एक बग कभी-कभी कैमरा को ऑन करके छोड़ देता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस समय समस्या को रोकने का सबसे आसान तरीका है कि ऐप को रिसेंट व्यू से हटा दिया जाये। यदि आप गूगल मैसेज व्यूफाइंडर का उपयोग नहीं करते हैं, तो इस समस्या को पूरी तरह से रोकने का सबसे आसान तरीका है कि आप अपने फोन के कैमरे का उपयोग करने के लिये ऐप को अनुमति न दें। पिक्सल फोन पर ऐसा करने के लिये अपने लॉन्चर में मैसेज ऐप के आइकॉन को दबाकर रखें और इंफो आइकॉन पर टैप करें।

# एंजेल वन ने चौथी तिमाही के परिणाम घोषित किए

मुंबई, प्रात: किरण संवाददाता

एंजेल वन लिमिटेड ने 31 मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए अपने समग्र नतीजे घोषित किए। 2022 की तीसरी तिमाही के 1.3 मिलियन ग्राहकों के मुकाबले चौथी तिमाही में ग्राहकों का सकल आधार बढ़कर 1.5 मिलियन हुआ है। कंपनी की कुल आय 2022 की तीसरी तिमाही के 6071 मिलियन रुपये के मुकाबले 2022 की चौथी तिमाही में तिमाही आधार पर 12.9ः की वृद्धि के साथ 6,853 मिलियन रुपये हो गयी है। वित्त वर्ष 21 में 12,900 मिलियन रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 2022 में सालाना आधार पर 77०5 वृद्धि के साथ 23,051 मिलियन हो गयी है।

कंपनी की ईबीडीएटी 2022 की तीसरी तिमाही के 2,256 मिलियन रुपये के मुकाबले 2022 की चौथी तिमाही में 2,795 मिलियन रुपये हो गयी है। इसमें तिमाही आधार पर 23.9ः का इजाफा हुआ है। कंपनी की ईबीडीएटी मार्जिन ;कुल आय काःद्ध वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही में बढकर 54.9ः हो गयी है। इस में सालाना आधार पर 99.1ः की वृद्धि हुई हैए वित्त वर्ष 21 में 4,295 मिलियन रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 22 में 8,554 मिलियन रुपये हो गयी है।

कंपनी का जारी परिचालन से कर पश्चात समेकित लाभ तिमाही आधार पर 24.4ः के उछाल के साथ 2022 की तीसरी तिमाही में 1,646 मिलियन रुपये के मुकाबले 2022 की चौथी तिमाही में 2,048 मिलियन रुपये हो गया है। सालाना आधार पर 109.3ः की बढ़ोतरी के साथ वित्त वर्ष 21 के 2,981 मिलियन रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 22 में 6,251 मिलियन रुपए हो गया है। निदेशक मंडल ने प्रत्येक 10 रुपये के इक्विटी शेयर के लिए 9.25 /- रुपये के लाभांश की घोषणा की हैए जो अंतरिम और अंतिम लाभांश के संयोजन है और यह तिमाही के लिए कर बाद समेकित लाभ के 37ः से अधिक के बराबर है। एंजेल वन के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक श्री दिनेश ठक्कर ने कहा, वित्त वर्ष 2022 शानदार वर्ष रहा हैए जहां भारत ने पूंजी बाजार के कई उपलब्धियां को हासिल किया है। इसमें उल्लेखनीय रूप से एक साल में सबसे अधिक सकल ग्राहक वृद्धि और खुदरा भागीदारी में हुए इजाफे की वजह से उच्च दैनिक राजस्व की स्थिति हासिल होना है। यह बचत के बढ़ते वित्तीयकरण को दशार्ता है और एंजेल वन यहां एक अहम भूमिका निभा रहा है। एंजेल वन के सीईओ श्री नारायण गंगाधर ने कहा, मैं आपको यह बताते हुए रोमांचित हूं कि एंजेल वन ने हमारे परिचालन और वित्तीय मानकों में 22 की चौथी तिमाही में अपनी अब तक की सबसे अच्छी तिमाही का अनुभव किया। हमारे पास उच्चतम सकल ग्राहक जुड़ावए सर्वश्रेष्ठ तिमाही ऑर्डरए रिकॉर्ड उच्च तिमाही राजस्व और मुनाफे की स्थिति थीए क्योंकि हमने 9 मिलियन ग्राहक अंक को पार कर लिया था। हमारा ग्राहक.केंद्रित दृष्टिकोण हमारे उत्पाद की पेशकशों पर हावी है जो बेहतर यात्रा प्रदान करते हैं।

# शेयर बाजार पर बिकवाली का दबाव, शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 666 अंक तक लुढ़का

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर ग्लोबल संकेत और मुनाफावसूली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज गिरावट का रुख बना हुआ है। पिछले 2 दिन तक लगातार मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आज शेयर बाजार ने कमजोरी के साथ कारोबार की शुरूआत की और ये कमजोरी अभी भी लगातार बनी हुई है शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स एक बार 665 अंक से भी अधिक का गोता लगा चुका है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स में आज 379.73 अंक की कमजोरी के साथ 57,531.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही शुरू हुई तेज बिकवाली के कारण 3 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स 666.85 अंक का गोता लगाकर 57,244.83 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इस तेज गिरावट के तुरंत बाद बाजार को संभालने की कोशिश शुरू हो गई।

घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार को सपोर्ट करने के लिए इस मौके पर तेज खरीदारी शुरू कर दी, जिसके कारण 10 बजे के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स उछल कर 57,485.48 अंक के स्तर पर आ गया। लेकिन इस स्तर पर पहुंचने




के बाद एक बार फिर शुरू हुई मुनाफावसूली ने सेंसेक्स को दोबारा गोता लगाने के लिए मजबूर कर दिया। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 533.94 अंक की गिरावट के साथ 57,377.74 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 149.85 अंक की गिरावट के साथ 17,242.75 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में हुई बिकवाली के कारण निफ्टी भी तेजी से नीचे आया और सिर्फ 3 मिनट के कारोबार में ही 196.55 अंक लुढ़क कर 17,196.05 अंक के स्तर पर आ गया।

हालांकि इसके बाद घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी से बाजार के माहौल में कुछ सुधार हुआ, जिसका असर निफ्टी की चाल पर भी पड़ा। खरीदारी के इस सपोर्ट से सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले निफ्टी सुधर कर 17,259.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद शुरू हुई बिकवाली ने एक बार फिर निफ्टी को गोता लगाने के लिए मजबूर कर दिया। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद निफ्टी सुबह 10:15 बजे 171.30 अंक की गिरावट के साथ 17,221.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार ने आज कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच प्री ओपनिंग सेशन में भी कमजोर कारोबार की शुरूआत की थी। बीएसई का सेंसेक्स 227.79 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 57,683.89 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 134.30 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,258.30 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को सेंसेक्स 874.18 अंक यानी 1.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57,911.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 256.05 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की छलांग लगाकर 17,392.60 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

### पेड न्यूज स्ट्रीमिंग सेवा सीएनएन प्लस एक महीने के भीतर हो जाएगी बंद

**सैन फ्रांसिस्को।** पेड न्यूज स्ट्रीमिंग सेवा सीएनएन प्लस एक महीने के भीतर बंद हो रही है, क्योंकि इसने समाचार उपभोग करने वाली दुनिया में पर्याप्त मांग पैदा नहीं की। समाचार स्ट्रीमिंग सेवा 30 अप्रैल को पूरी तरह से बंद हो जाएगी। मीडिया आउटलेट ने गुरुवार देर रात कहा, सीएनएन प्लस, स्ट्रीमिंग सेवा जिसे सीएनएन के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम में से एक के रूप में प्रचारित किया गया था, 30 अप्रैल को बंद हो जाएगी। सीएनएन प्लस ग्राहकों को सदस्यता शुल्क का रिफंड प्राप्त होगा। सीएनएन के नए सीईओ क्रिस लिच्ट ने कहा कि निर्णय सीएनएन प्लस में प्रतिभा और सामग्री की गुणवत्ता का प्रतिबिंब नहीं है, जिनमें से कुछ सीएनएन की प्रोग्रामिंग या कंपनी के कुछ अन्य नेटवर्क में माइग्रेट हो जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों से कहा, एक जटिल स्ट्रीमिंग बाजार में, उपभोक्ता सादगी और एक संपूर्ण सेवा चाहते हैं, जो एक बेहतर अनुभव और स्टैंड-अलोन ऑफर की तुलना में अधिक मूल्य प्रदान करता है।

# भारत में मैंग्रोव, स्थानीय आजीविका की रक्षा के लिए आगे आया एप्पल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में मैंग्रोव और स्थानीय आजीविका की रक्षा के लिए, एप्पल ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक नई पहल की घोषणा की। टेक दिग्गज ने एप्लाइड एनवायरनमेंटल रिसर्च फाउंडेशन (एईआरएफ) को क्षेत्र में 2,400 हेक्टेयर मैंग्रोव वन की रक्षा के लिए स्थानीय समुदाय के साथ काम करने के लिए अनुदान दिया, जो जलवायु परिवर्तन के सबसे खतरनाक प्रभावों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण बफर प्रदान करता है।

कंपनी ने कहा कि साझेदारी के माध्यम से, एईआरएफ स्थानीय समुदाय के सदस्यों के साथ संरक्षण समझौता करेगा, जो उनकी भूमि पर मैंग्रोव के संरक्षण की पेशकश करेगा। एप्पल की पर्यावरण, नीति और सामाजिक पहल की उपाध्यक्ष लीसा जैक्सन ने कहा, भारत में हमारी नई साझेदारी इस गति को जारी रखे हुए है, जिससे एक समुदाय को मैंग्रोव जंगलों की बहाली से आर्थिक रूप से लाभान्वित होने में मदद मिलती



- साझेदारी का लक्ष्य स्थानीय अर्थव्यवस्था को एक ऐसी अर्थव्यवस्था में बदलने में मदद करना है जो मैंग्रोव को बरकरार और स्वस्थ रखने पर निर्भर करती है।

है जो जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से बचाते हैं। साझेदारी का लक्ष्य स्थानीय अर्थव्यवस्था को एक ऐसी अर्थव्यवस्था में बदलने में मदद करना है जो मैंग्रोव को बरकरार और स्वस्थ रखने पर निर्भर करती है। एईआरएफ मैंग्रोव के जलवायु लाभों को सत्यापित करने के लिए कंजर्वेशन इंटरनेशनल को भी शामिल करेगा, जो पेड़ों और मिट्टी दोनों में कार्बन के लिए लेखांकन है। तटीय समुदायों को अप्रत्याशित मानसून और बढ़ते ज्वार जैसे जलवायु प्रभावों से बचाने के अलावा, जो रायगढ़ जिले के लिए खतरा हैं, मैंग्रोव कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं जो वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और इसे अपनी मिट्टी और पौधों में संग्रहित करते हैं।

एईआरएफ की निदेशक डॉ अर्चना गोडबोले ने कहा, हालांकि मैंग्रोव संरक्षण के मुद्दे हर जगह विविध और अलग हैं, यहां हमारे परियोजना क्षेत्र में अवसर भी बहुत हैं। गोडबोले ने कहा, हमारी युवा उत्साही टीम के साथ-साथ स्थानीय समुदायों को ब्लू कार्बन के लिए प्रशिक्षित करने से निश्चित रूप से हमें अरब सागर के साथ इस जीवंत तटीय क्षेत्र में मैंग्रोव संरक्षण प्राप्त करने के लिए एक लंबा सफर तय करने में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सिटसिपास बार्सिलोना ओपन के अगले दौर में

बार्सिलोना। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास ने बारिश से प्रभावित मैच में इलिया इवाश्का को 6-1, 4-6, 6-2 से हराकर बार्सिलोना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। बारिश के कारण बुधवार को यह मैच को स्थगित कर दिया गया था। तब सिटसिपास 5-1 से आगे चल रहे थे। गुरुवार को भी बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ, लेकिन विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज यूनानी खिलाड़ी ने आखिर में अपने 44वें रैंकिंग के प्रतिद्वंद्वी को तीन सेट में हरा दिया। पिछले सप्ताह मोंटेकार्लो में खिताब जीतने वाले सिटसिपास तीसरे दौर में ग्रिगोर दिमित्रोव से भिड़ेंगे जिन्होंने एक अन्य मैच फेडेरिको कोरिया को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। बारिश के कारण गुरुवार को टूर्नामेंट में केवल दो एकल मैच ही पूरे हो पाये।

### बार्सिलोना जीता, रीयाल मैड्रिड का खिताब का इंतजार बढ़ा

मैड्रिड। बार्सिलोना की रीयाल सोसिडाड पर 1-0 की जीत से रीयाल मैड्रिड का स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने का इंतजार कम से कम एक सप्ताह के लिये बढ़ गया। बार्सिलोना की इस जीत से रीयाल मैड्रिड और उसके बीच 15 अंक का अंतर रह गया है। यदि बार्सिलोना रविवार को रायो वालकानो को हरा देता है तो यह अंतर 12 अंक का रह जाएगा। रीयाल मैड्रिड के अभी 33 मैचों में 78 और बार्सिलोना के 32 मैचों में 63 अंक है। पियरे एमरिक ओबामेयांग ने 11वें मिनट में बार्सिलोना के लिये गोल किया जो उसकी ला लिगा में कैडिज और यूरोपा लीग में इंट्राचैट फ्रैंकफर्ट से हार के बाद पहली जीत है।

### जोकोविच सर्बिया ओपन के सेमीफाइनल में

बेलग्रेड। विश्व में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके सर्बिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी। जोकोविच ने मियोमीर केकमानोविच को 4-6, 6-3, 6-3 से हराया। यह उनकी हमवतन सर्बियाई खिलाड़ी के खिलाफ लगातार 10वीं जीत है। सेमीफाइनल में जोकोविच तीसरी वरीयता प्राप्त कारेन खाचनोव से भिड़ेंगे, जिन्होंने ब्राजील के क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो को 7-5, 6-4 से पराजित किया। जोकोविच को इससे पहले भी हमवतन लासलो जेरे पर 2-6, 7-6 (6), 7-6 (4) से जीत के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ा था। इससे पहले गुरुवार को दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने जिरी लाचेका को 4-6, 7-6 (1), 6-2 से और फैबियो फोगनिनी ने अलयाज बेडेने को 6-2, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### साव की वजह से दौड़कर ज्यादा रन नहीं बनाने पड़ते हैं : वार्नर

मुंबई। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिये मशहूर ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी डेविड वार्नर ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मौजूदा सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के उनके सलामी जोड़ीदार पृथ्वी साव की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के कारण उन्हें तेजी से दौड़कर ज्यादा रन बनाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। वार्नर और साव की विस्फोटक सलामी जोड़ी ने बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ पावरप्ले के छह ओवर में 81 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलायी थी। वार्नर ने अपने नये जोड़ीदार के बारे में स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे यह बेहद पसंद (साव के साथ पारी का आगाज करना) आ रहा है। उनका हाथ काफी तेजी से चलता है और आंखों के साथ शानदार सामंजस्य है। उन्होंने कहा, वह लगातार चौके झ्र छक्के लगाते रहता है जिससे तेजी से दौड़कर दो रन लेने की मेरी जरूरत कम हो गयी है।

### बटलर ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई

# दिल्ली को जीत के लिए 223 रनों का टारगेट, बटलर का तूफानी शतक

मुंबई, एजेंसी

आईपीएल 2022 के 34वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के सामने जीत के लिए 223 का टारगेट रखा है। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए राजस्थान ने 2 विकेट के नुकसान पर 222 का स्कोर बनाया। जोस बटलर ने सबसे ज्यादा 116 रन की पारी खेली। इस सीजन ये उनका तीसरा शतक रहा। दिल्ली की ओर से खलील अहमद और मुस्तफिजुर रहमान ने 1-1 विकेट लिया।

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे जोस बटलर इस मैच में भी अपने पूरे रंग में नजर आए। उन्होंने 57 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का चौथा और इस सीजन तीसरा शतक पूरा किया। बटलर ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई और मैदान के हर कोने में रन बटोरे। वह 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर 116 रन बनाकर मुस्तफिजुर रहमान की गेंद पर आउट हुए। उनका कैच लॉन्ग ऑन पर वार्नर ने पकड़ा। इस सीजन जोस बटलर का ये लगातार दूसरा शतक रहा। आईपीएल में बटलर का ये चौथा और टी-20 क्रिकेट में 5वां शतक है। दिल्ली के खिलाफ जोस ने पहली बार 100+ का स्कोर बनाया। बटलर फ्र के लिए 4 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने। इस



सीजन जोस 5 बार 50+ का स्कोर बना चुके हैं। जोस बटलर इस सीजन 8 पारियों में 491 रन बना चुके हैं। जोस और पडिक्कल की जोड़ी पहले विकेट के लिए जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल ने 155 रन जोड़े। इस घातक साझेदारी को खलील अहमद ने पडिक्कल (54) को आउट कर तोड़ा। हालांकि इस जोड़ी को तोड़ने के लिए दिल्ली को लंबा इंतजार करना पड़ा। फ्र के लिए आईपीएल में ये सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। पिछला रिकॉर्ड- बेन स्टोक्स और संजू सैमसन (2020) बटलर और पडिक्कल की ये पहली शतकीय साझेदारी रही। इस सीजन ये दूसरे सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। पहलीः रॉबिन उथप्पा और शिवम दुबे 165 रन। देवदत्त पडिक्कल ने बढ़िया बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों पर अपने आईपीएल करियर का 7वां अर्धशतक पूरा किया। इस सीजन पडिक्कल ने 6 पारियों के बाद पहली फिफ्टी लगाई। हालांकि वह अपनी पारी को ज्यादा आगे नहीं बढ़ा सके और 54 रन बनाकर खलील अहमद की गेंद पर LBW आउट हुए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए राजस्थान की धीमी शुरूआत देखने को मिली। पहले 5 ओवर में टीम का स्कोर 29/0 था। हालांकि पावर प्ले के आखिरी ओवर में जोस बटलर ने 15 रन बनाकर टीम को पटरी पर ला खड़ा किया। शुरूआती 6 ओवरों में टीम ने बिना विकेट गंवाए 44 रन बनाए। इस दौरान टीम की ओर से 5 चौके और 2 छक्के देखने के मिले।

**स्कोरकार्ड**

राजस्थान 222/2 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| जोस बटलर<br>कॉट डेविड वॉर्नर बोल्ड मुस्तफिजुर रहमान | 116 | 65 | 9 | 9 |
| देवदत्त पडिकल<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड खलील अहमद | 54 | 35 | 7 | 2 |
| संजू सैमसन<br>नाबाद | 46 | 19 | 5 | 3 |
| शिमरन हेटमायर<br>नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 5 Runs (B: 0, LB: 1, WD: 4, NB: 0 | | | |
| कुल | 222/2 (20.0/) (RR: 11.1) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| खलील अहमद | 4 | 0 | 47 | 1 | 11.75 |
| शार्दूल ठाकुर | 3 | 1 | 29 | 0 | 9.66 |
| ललित यादव | 4 | 0 | 41 | 0 | 10.25 |
| मुस्तफिजुर रहमान | 4 | 0 | 43 | 1 | 10.75 |
| कुलदीप यादव | 3 | 0 | 40 | 0 | 13.33 |
| अक्षर पटेल | 2 | 0 | 21 | 0 | 10.50 |

## धोनी और प्रिटोरियस ने मैच छीन लिया : रोहित शर्मा

नवी मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से मिली तीन विकेट की हार के बाद कहा कि अंत में महेंद्र सिंह धोनी और (ड्वेन) प्रिटोरियस ने मैच छीन लिया।

रोहित ने मैच के बाद कहा, हम शुरूआती विकेट गंवाने के बावजूद अच्छा स्कोर बनाने में सफल रहे थे। हमने अच्छी चुनौती पेश की और गेंदबाजों ने हमें मैच में बनाये रखा। लेकिन हम सभी जानते हैं कि शांतचित्त एमएस धोनी क्या कर सकते हैं। अंत में धोनी और (ड्वेन) प्रिटोरियस ने मैच हमसे छीन लिया। हमने अंत में उन पर दबाव बनाये रखा था। धोनी (नाबाद 28 रन) ने फिनिशर की अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाते हुए सीएसके को अंतिम गेंद में जीत दिलायी जिससे मुंबई इंडियंस को लगातार सातवीं हार का सामना करना पड़ा। रोहित ने हालांकि कहा, शीर्ष क्रम पर ऊंगली उठाना मुश्किल है। अगर आप दो या तीन विकेट जल्दी गंवा देते हो तो मुश्किल होगी ही। मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा की नाबाद 51 रन की अर्धशतकीय पारी से खराब



शुरूआत से उबरते हुए सात विकेट पर 155 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया था। सीएसके के कप्तान रविंद्र जडेजा ने कहा, जिस तरह से मैच जा रहा था, हम काफी तनाव में थे।

लेकिन हम जानते थे कि खेल का महान फिनिशर खेल रहा है और अगर वह अंतिम गेंद खेला तो वह मैच खत्म करेगा ही। उन्होंने कहा, धोनी ने दुनिया को दिखा दिया कि वह अब भी मैच का फिनिशर है। मुंबई इंडियस के 150 रन से ज्यादा के स्कोर में सीएसके के खराब क्षेत्ररक्षण का भी योगदान रहा जिसने कई बार विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को जीवनदान दिये और कप्तान जडेजा ही दो बार कैच लपकने में विफल रहे।

### राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप रविवार से मेरठ में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप (इवेंटिंग) 24 अप्रैल से मेरठ के आरवीसी सेंटर एवं कॉलेज में आयोजित की जाएगी। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह चैंपियनशिप एक मई तक चलेगी और यह एशियाई खेलों के लिये अभ्यास प्रतियोगिता भी होगी। इवेंटिंग घुड़सवारी की ऐसी स्पर्धा है जहां एक घोड़ा और उसका सवार ड्रेसेज, क्रॉस कंट्री और शो जंपिंग में अन्य प्रतियोगियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हैं। प्रतियोगियों को प्रत्येक चरण में पेनल्टी अंक मिलते हैं और आखिर में घोड़े और सवार की जिस जोड़ी को सबसे कम अंक मिलते हैं उसे विजेता घोषित कर दिया जाता है। ईएफआई की यहां जारी विज्ञप्ति में महासंघ के संयुक्त सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल एमएम रहमान ने कहा, राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप एक ऐसा आयोजन है जहां नवोदित खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलता है। यह चीन के हांगजो में होने वाले एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले घुड़सवारों के लिये भी महत्वपूर्ण है।

## दिल का दौरा पड़ने से अभी भी रायन कैंपबेल की हालत गंभीर

लंदन, एजेंसी

नीदरलैंड्स के कोच रायन कैंपबेल की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें यूके के रॉयल स्टॉक अस्पताल में रखा गया है। कैंपबेल को पिछले सप्ताह दिल का दौरा पड़ा था। कैंपबेल के परिवार ने शुक्रवार की सुबह एक बयान जारी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर की ताजा हालत के बारे में अपडेट दिया।

परिवार ने लिखा, पिछले सप्ताह रायन को कई कार्डिक अरेस्ट पड़े थे और यूके के रॉयल स्टॉक अस्पताल में उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है, जहां 24 घंटे उनका ध्यान रखा जा रहा है। वह अभी भी बेहोश हैं, जिसके सप्ताह के अंत तक बने रहने की उम्मीद है। अस्पताल में वास्तव में अविश्वसनीय कर्मचारियों के प्रति हमारा धन्यवाद करना कम ही होगा, जिनके कौशल और देखभाल की



कोई सीमा नहीं है। हमारा परिवार सभी दोस्तों और पूरी दुनिया में समर्थन और प्यार देने वाले तमाम समर्थकों को धन्यवाद देना चाहता है। आप सभी जानते हैं कि सभी मैसेज का जवाब दे पाना असंभव है, लेकिन हम वास्तव में आपकी सराहना करते हैं कि आप उन्हें अपने विचारों और प्रार्थनाओं में रखते हैं।' परिवार ने कहा, 'हम आगे और भी जानकारी देंगे जब हमारे पास कोई नई खबर होगी, लेकिन अभी हम आपके शुक्रगुजार होंगे अगर आप

**धन्यवाद**

- अस्पताल में वास्तव में अविश्वसनीय कर्मचारियों के प्रति हमारा धन्यवाद करना कम ही होगा

हमारे परिवार को थोड़ी निजता प्रदान करेंगे। कैंपबेल कई दिनों तक कोमा में रहे थे लेकिन उनके भाई मार्क कैंपबेल ने बुधवार को बताया था कि वह कोमा से बाहर आ गए हैं और उन्होंने सांस लेने की सफलतापूर्वक कोशिश भी की है। हालांकि डॉक्टर अभी भी उनको लेकर चिंतित हैं।

कैंपबेल 2017 से नीदरलैंड्स टीम के कोच हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2002 में दो वनडे खेले थे और उन्होंने घरेलू क्रिकेट वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेला है। वह 2016 टी20 विश्व कप में 44 वर्ष की उम्र में हॉन्ग कॉन्ग के लिए भी खेले थे।

## खेलो इंडिया विवि खेलों में आकर्षण का केंद्र होंगे दुती चंद, श्रीहरि नटराज

बेंगलुरू, एजेंसी

एशियाई खेलों की पदक विजेता फर्राटा धाविका दुती चंद, तैराक श्रीहरि नटराज तथा निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर जैसे भारत के कुछ शीर्ष खिलाड़ी शनिवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में आकर्षण का केंद्र होंगे।

खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों का आयोजन कोविड-19 महामारी के कारण एक साल की देरी से हो रहा है। इसमें 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के 4,000 से अधिक खिलाड़ी 20 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, निशानेबाजी, तैराकी, टेनिस, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती और कराटे जैसे खेलों में कुल 257 स्वर्ण पदक दांव पर लगे होंगे। इस बार खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों से स्वदेशी खेल मल्लखंब और योगासन को भी जोड़ा गया है। खेलों का आयोजन बेंगलुरू के पांच स्थानों झ्र जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी कैंपस (11 खेल), जैन स्पोर्ट्स स्कूल (बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल और टेबल टेनिस), कांतीरवा स्टेडियम कॉम्प्लेक्स (बास्केटबॉल और एथलेटिक्स), फील्ड मार्शल करियप्पा हॉकी स्टेडियम और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (निशानेबाजी) में किया जाएगा। नटराज मेजबान जैन विश्वविद्यालय का जबकि दुती केआईआईटी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैडमिंटन स्टार साई प्रतीक भी मेजबान विश्वविद्यालय की तरफ से खेलेंगे। लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के विकास वर्ग में शामिल जेसविन एल्ड्रिन (लंबी कूद), यशवीर (भाला फेंक), सैंड्रा बाबू (लंबी कूद), एंसी सोजन (लंबी कूद), अमन (कुश्ती), मधु वेदवान (रिकर्व तीरंदाजी), उन्नति (जूडो), विंका और सचिन सिवाच (मुक्केबाजी), मैसनम मीराबा और शिखा गौतम (बैडमिंटन) और ओइनम जुबराज (तलवारबाजी) भी इन खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

### खराब फॉर्म में चल रहे रोहित और इशान के बचाव में उतरे जयवर्धने

**नवी मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने रन बनाने के लिये जूझ रहे सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और इशान किशन का बचाव करते हुए कहा कि इन दोनों की फॉर्म को लेकर वह तभी चिंतित होंगे जब वे गेंद को अच्छी तरह से हिट नहीं कर पा रहे हों। रोहित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अभी तक लय में नहीं दिखे। वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुरुवार को खाता भी नहीं खोल पाये। उन्होंने अब तक सात मैचों में केवल 114 रन बनाये हैं। जयवर्धने ने चेन्नई के हाथों तीन विकेट से हार के बाद कहा, उतार-चढ़ाव चलता रहता है। इशान ने पहले दो मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की और इसके बाद उनके प्रदर्शन में गिरावट आयी। रोहित वास्तव में गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहा है। वह अच्छी शुरूआत कर रहा है। रोहित की तरह इशान भी रन बनाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं जिन्हें मुंबई ने 15.25 करोड़ रुपये की मोटी कीमत पर खरीदा था। बायें हाथ का यह बल्लेबाज अभी तक सात मैचों में 191 रन ही बना पाया है।

## संघर्ष कर रहे केकेआर के सामने मजबूत गुजरात टाइटंस की मुश्किल चुनौती

नवी मुंबई, एजेंसी

पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम आज यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच से अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की पूरी कोशिश करेगी।

लगातार तीन हार का सामना करने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गई है और अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन कर रही गुजरात की टीम के खिलाफ उनका काम और मुश्किल होगा। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में दमदार प्रदर्शन कर रही है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में चोटिल हार्दिक की गैरमौजूदगी में भी गुजरात ने जीत दर्ज की। इस मुकाबले में डेविड मिलर (51 गेंद में नाबाद 94) और कार्यवाहक कप्तान राशिद



खान (21 गेंद में 40 रन) ने टीम के लिए दमदार बल्लेबाजी की। राशिद ने मैच के बाद कहा था कि हार्दिक की चोट गंभीर नहीं है। हरफनमौला पंड्या बल्ले से शानदार लय में है। उन्होंने इस दौरान पांच पारियों में 76 के औसत से 228 रन बनाये है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में केकेआर की गेंदबाजी के खिलाफ खूब रन बने थे। उमेश यादव, पैट कमिंस और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (दो ओवर में 30 रन) ने खूब रन लुटाये थे। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम में टिम साउदी की वापसी होगी क्योंकि केकेआर के गेंदबाज शुरूआती ओवरों में विकेट लेने में जूझ रहे है। टीम के सबसे पुराने खिलाड़ियों में से एक सुनील नारायण एक बार फिर अपना प्रभाव छोड़ रहे है।

उन्होंने सात मैचों में 5.03 की औसत से रन खर्च किये है लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिल पा रहा है। इस मैच में केकेआर के पूर्व खिलाड़ी शुभमन गिल और नारायण की

**प्रदर्शन**

- हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में दमदार प्रदर्शन कर रही है

अच्छी भिड़ंत देखने को मिल सकती है। गिल ने इस सत्र में दो बड़ी पारियां (दिल्ली के खिलाफ 84 और पंजाब के खिलाफ 96 रन) खेली है लेकिन दोनो बार शतक से चूक गये। केकेआर के लिए अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (पांच मैचों में 80 रन) की लय चिंता का सबब है। वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर विफल रहे है ऐसे में टीम को उनके विकल्प के बारे में सोचना पड़ सकता है। गुजरात टाइटंस की गेंदबाजी मजबूत है जिसमें न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन, भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के अलावा अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान के पास विकेट लेने के साथ रन गति रोकने की क्षमता है।

## टॉप्स ने बैडमिंटन युगल कोच माथियास बो को फिर से नियुक्त करने के लिए वित्तीय मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों को मजबूत करने के लिए लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) ने भारत के युगल बैडमिंटन कोच के रूप में माथियास बो को फिर से नियुक्त करने के लिए प्रति माह सात लाख रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है।

वह विशेष रूप से सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पर ध्यान देंगे। इसके अलावा वह युगल टीम के अन्य सदस्यों का भी मार्गदर्शन करेंगे। बो की नियुक्ति एशियाई खेलों 2022 तक की गई है। मिशन ओलंपिक सेल की बैठक में 26 अप्रैल से फिलीपींस में शुरू होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में बैडमिंटन खिलाड़ियों की भागीदारी में सहायता करने के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के प्रस्तावों को भी गुरुवार को मंजूर कर लिया गया। महिला एकल खिलाड़ी आकर्षी कश्यप के अलावा अश्विनी भट तथा



शिखा गौतम की महिला युगल जोड़ी, तनीषा क्रास्टो एवं ईशान भटनागर की मिश्रित युगल जोड़ी, विष्णुवर्धन गौड़ पी एवं कृष्णा प्रसाद की पुरूष युगल जोड़ी के साथ-साथ अर्जुन एम आर एवं ध्रुव कपिला की पुरूष युगल जोड़ी को समर्थन देने का बैठक में फैसला किया गया।

विश्व में 52वें स्थान पर काबिज आकर्षी को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों की टीम में शामिल किया गया है। टॉप्स ने इस बीच ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू के मौजूदा कोच पार्क ताए सांग के स्थान पर विधि चौधरी को सहायता प्रदान करने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया, जो फिलीपींस में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान इस खिलाड़ी के साथ होगी। कोरियाई कोच फिलहाल मई तक वार्षिक अवकाश पर हैं। चौधरी एनआईएस क्वालिफाइड कोच हैं, जो सिंधू को सुचित्रा अकादमी हैदराबाद में प्रशिक्षण दे रही हैं।

## अंशु एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के फाइनल में, मनीषा कांस्य पदक मुकाबले में उतरेगी

मंगोलिया, एजेंसी

अंशु मलिक ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में शुक्रवार को यहां अपने तीनों मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता के दम पर जीतकर 57 किग्रा वर्ग के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जबकि मनीषा 62 किग्रा कांस्य पदक के लिए रिंग में उतरेंगी। हरियाणा के निदानी गांव की 20 साल की गत चैंपियन अंशु ने यहां हर मुकाबले में अपना दबदबा कायम करते हुए एशियाई चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक पक्का किया। अंशु ने 2020 में भारत में कांस्य पदक जीतने के बाद और पिछले साल अल्माटी में 57 किग्रा का खिताब अपने नाम किया था। पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं अंशु ने उज्बेकिस्तान की शोखिदा अखमेदोवा पर जीत के साथ शुरूआत की। उन्होंने इसके बाद सिंगापुर की डेनिएल सू चिंग लिम को पटखनी दी। चिंग के पास अंशु के दबदबे का कोई जवाब नहीं था। अंशु ने अपने शानदार खेल से प्रतिद्वंद्वियों को सोचने या रणनीति बनाने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने सेमीफाइनल में मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखुउ की चुनौती को दो मिनट 12 सेकंड में खत्म कर दिया। अंशू ने डबल लेग अटैक की मदद से चार अंक बनाने के बाद आसानी से टेक-डाउन (पटखनी) और पुश-आउट (खेल क्षेत्र से बाहर निकालना) अंक जुटाये। पिछले कुछ समय से घरेलू स्पधाओं में 62 किग्रा वर्ग में अच्छा प्रदर्शन कर रही मनीषा को सेमीफाइनल में जापान की नोनोका ओजाकी से महज 40 सेकेंड में हार का सामना करना पड़ा।

## सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के मैच में उमरान और कार्तिक के प्रदर्शन पर होगी नजर

मुंबई, एजेंसी

खराब शुरूआत के बाद लगातार चार मैच में जीतने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में शनिवार को यहां जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का सामना करने के लिए मैदान में उतरेगी तो शानदार लय में चल रहे उसके युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक के सामने दिनेश कार्तिक और फाफ डुप्लेसी जैसे दिग्गजों को रोकने की चुनौती होगी।

उमरान ने इस सत्र में अपनी तूफानी गेंदों से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। उनकी तेज गति ने श्रेयस अय्यर जैसे स्थापित बल्लेबाजों को भी



परेशान किया है। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार के साथ इस 22 साल के गेंदबाज ने शानदार जोड़ी बनायी और दोनों ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में सात विकेट झटक कर मैच का रुख मोड़ दिया था। इस दोनों के अलावा तेज गेंदबाजी विभाग में सनराइजर्स के पास यॉर्कर-विशेषज्ञ टी नटराजन और दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन जैसे प्रभावी गेंदबाज भी है। यानसेन भी अपने कोण और विविधताओं से बल्लेबाजों को परेशान करने में सफल रहे हैं। इन गेंदबाजों के सामने शानदार लय में चल रहे अनुभवी डुप्लेसी और कार्तिक को रोकने की चुनौती होगी। कप्तान डुप्लेसी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने के बीच एक बार फिर दमदार पारी खेली। वह चार रन से शतक से चूक गये लेकिन उनकी पारी से टीम ने 18 रन की शानदार जीत दर्ज की।

दूसरी ओर कार्तिक लीग में अपने सर्वश्रेष्ठ सत्र का लुत्फ उठा रहे है। अंक तालिका में आसीबी अगर शीर्ष चार में है तो वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज की दमदार बल्लेबाजी के कारण है। उन्होंने सात पारियों में 32, 14, 44, सात, 34, 66 और 13 रन बनाये है और इस दौरान केवल एक बार आउट हुए हैं।

## एशियाई चैंपियन्स लीग मैच में पहली बार सभी महिला रेफरी

थाईलैंड, एजेंसी

एशियाई चैंपियन्स लीग (एसीएल) में पहली बार महिला रेफरी ने किसी मैच को संचालित किया। इस मैच में मेलबर्न सिटी ने दक्षिण कोरिया के जेओनाम ड्रैगन्स को 2-1 से हराया। जापान की योशिमी यामाशिता ने मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका निभायी जबकि उन्हीं की देश की मकोतो बोजोनो और नाओमी तेशिरोगी सहायक रेफरी थी। एशियाई चैंपियन्स लीग में यह पहला अवसर था जबकि सभी रेफरी महिलाएं थी। इन रेफरी को एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने नियुक्त किया था। परिसंघ ने कहा कि यह उसकी महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की योजना का



हिस्सा है। एएफसी ने बयान में कहा, उनका चयन महिलाओं को खेल के हर स्तर पर बढाव्रा देने की एएफसी की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि विश्व फुटबॉल में शीर्ष स्तर पर सफल होने के लिये एएफसी की महिला मैच अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कमला हैरिस, जुकरबर्ग सहित 29 अमेरिकी नागरिकों पर रूस ने लगाया प्रतिबंध

मॉस्को। रूस ने गुरुवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग और कई लेखकों के पर व्यक्तिगत प्रतिबंध लगा दिया। यूक्रेन में जारी रूसी सैन्य अभियान के मद्देनजर रूस ने नवीनतम प्रतिबंध सूची में कुल 29 अमेरिकी नागरिकों को शामिल किया है। फोर्ब्स ने रूसी विदेश मंत्रालय के बयान का हवाला देते हुए कहा, रूस ने गुरुवार को कुल 29 अमेरिकियों पर प्रतिबंध लगाने की मंजूरी दी।

### पुतिन की रैली में शामिल होने पर रूसी तैराक रयलोव पर प्रतिबंध

लुसाने। रूस के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता तैराक एवगेनी रयलोव को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के समर्थन में आयोजित एक रैली में शामिल होने पर अंतरराष्ट्रीय तैराकी महासंघ ने नौ महीने के लिये प्रतिबंधित कर दिया है। रयलोव पिछले महीने आयोजित की गयी रैली में ओलंपिक खेलों के अन्य पदक विजेताओं के साथ मंच पर खड़े थे और उन्होंने जो जैकेट पहनी थी उस पर अंग्रेजी का अक्षर जेड अंकित था। यह अक्षर रूसी सैनिकों के समर्थन का प्रतीक है। तैराकी की अंतरराष्ट्रीय संस्था फिना ने संक्षिप्त बयान में कहा कि उसने रयलोव पर प्रतिबंध लगाने के अनुशासनात्मक पैनल की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। रयलोव ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में दो स्वर्ण पदक जीते थे।

### स्वीडन, फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के पक्ष में कनाडा : ट्रूडो

टोरंटो। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने गुरुवार को कहा कि ओटावा स्वीडन और फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के पक्ष में है। ट्रूडो ने गुरुवार को ओटावा में संवाददाताओं से कहा, स्वीडन और फिनलैंड के नाटो में शामिल होने की बातचीत चल रही है, और कनाडा निश्चित रूप से इसका बहुत समर्थन करता है। पिछले हफ्ते, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि फिनलैंड ने स्वीडन को नाटो में सदस्यता के लिए संयुक्त रूप से आवेदन दाखिल करने के लिए आमंत्रित किया था। एक सांसद ने गुरुवार को कहा कि हेलसिंकी आने वाले हफ्तों में सदस्यता के लिए आवेदन दाखिल करेगा। बुधवार को रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि रूस ने स्वीडन और फि नलैंड को नाटो में शामिल होने के परिणामों के बारे में चेतावनी दी थी।

### सैटेलाइट तस्वीरों से मारियुपोल के पास संभावित सामूहिक कब्रों का पता चला

कीव। सैटेलाइट तस्वीरों में युद्धग्रस्त यूक्रेन के मारियुपोल शहर के पास सामूहिक कब्रें दिखाई दे रही हैं। यह तस्वीरें बृहस्पतिवार को जारी की गयी थीं। मारियुपोल के स्थानीय अधिकारियों ने रूस पर शहर की घेराबंदी के दौरान आम लोगों की हो रही हत्याओं को छिपाने के प्रयास के तहत करीब नौ हजार यूक्रेनी नागरिकों को सामूहिक तौर पर दफनाने का आरोप लगाया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा मारियुपोल की लड़ाई में जीत का दावा करने के कुछ घंटे बाद ही सैटेलाइट की यह तस्वीरें जारी की गयी हैं। हालांकि, मारियुपोल के एक विशाल स्टील संयंत्र में यूक्रेन के करीब दो हजार सैनिक अभी भी छिपे हुए हैं। सैटेलाइट तस्वीरें उपलब्ध कराने वाली कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीज ने यह तस्वीरें जारी की हैं। कंपनी के मुताबिक इन तस्वीरों में 200 से अधिक सामूहिक कब्रें दिखाई दे रही हैं।

# इमरान खान ने सत्ता से बेदखल करने वालों को भूल सुधारने की चेतावनी दी

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान को परोक्ष रूप से चेतावनी दी है। इमरान खान ने उन लोगों को चुनाव कराकर भूल सुधारने की चेतावनी दी है, जो उन्हें सत्ता से बेदखल करने में शामिल रहे।

इमरान ने कहा कि यदि चुनाव नहीं कराया गया तो उनके समर्थक राजधानी पहुंचकर आयातित सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। वह लाहौर में बृहस्पतिवार रात को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान इमरान ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली नयी गठबंधन सरकार और नयी सरकार को सत्ता में लाने वालों पर निशाना साधा। इमरान सरकार को 10 अप्रैल को नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पास करके बेदखल कर दिया गया था।

सैन्य प्रतिष्ठान का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खान ने कहा, जिन लोगों ने मेरी सरकार को बेदखल करने की भूल की है, उन्हें बिना देर किये नये सिरे से चुनाव कराकर अपनी भूल सुधारनी चाहिये। उन्होंने पाकिस्तान के लोगों से कहा कि वे राजधानी पहुंचने से पहले उनकी अपील का इंतजार करें।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए इमरान खान ने बुधवार को आरोप लगाया



● सैन्य प्रतिष्ठान का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खान ने कहा, जिन लोगों ने मेरी सरकार को बेदखल करने की भूल की है, उन्हें बिना देर किये नये सिरे से चुनाव कराकर अपनी भूल सुधारनी चाहिये।

था कि ताकतवर प्रतिष्ठान के बुरे काम में लिप्त कुछ तत्व उन्हें सत्ता से बेदखल करने के लिए जिम्मेदार हैं।

अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए खान ने कहा कि जो लोग अगले चुनाव में इन देशद्रोहियों को वोट देंगे, वे भी देशद्रोही होंगे। इमरान ने पाकिस्तान के विपरीत भारत की स्वतंत्र विदेश नीति की सराहना की।, भारत की विदेश नीति अपने लोगों के लिए है। हमारी विदेश नीति दूसरों के लिए कैसे हो सकती है। उन्होंने इससे पहले भी अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए कई मौकों पर भारत की प्रशंसा की है।

सत्ता से बेदखल करने के लिए मौजूदा सरकार को फटकार लगाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि उन्होंने सांसदों की अंतरात्मा को खरीदा और विदेशी शक्तियों के जूते पॉलिश किए।

इमरान ने कहा कि जिस दिन वह सत्ता में आए, उनका लक्ष्य पाकिस्तान को एक स्वतंत्र विदेश नीति देना था। उन्होंने अपनी आजादी वापस लेने का ऐलान करते हुए कहा कि विदेशी शक्तियों को दंडित करके उन्हें पीछे धकेल दिया जाएगा।

इमरान ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि वह रूस से 30 प्रतिशत रियायती दरों पर तेल और गेहूं आयात करने की योजना बना रहे थे, लेकिन उनकी सरकार को एक सुनियोजित साजिश के माध्यम से नीचे लाया गया जिसमें अमेरिका और स्थानीय पात्र शामिल थे।

पूर्व प्रधानमंत्री ने यह भी मांग की कि शीर्ष अदालत पत्र मामले (लेटर गेट) की जांच करे, जिससे पता चलता है कि अमेरिका द्वारा उनकी सरकार को हटाने के लिए एक बड़ी साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि वह पत्र की जांच के लिए एक आयोग गठित करने के शहबाज शरीफ के प्रस्ताव को खारिज करते हैं।

### इल्हान उमर की पाकिस्तान यात्रा अमेरिका सरकार द्वारा प्रायोजित नहीं है : अमेरिकी विदेश मंत्रालय

**वाशिंगटन/इस्लामाबाद।** अमेरिकी कांग्रेस की महिला सदस्य इल्हान उमर की पाकिस्तान यात्रा अमेरिकी सरकार द्वारा प्रायोजित नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की उमर की यात्रा की भारत द्वारा निंदा किये जाने के कुछ घंटे बाद यह बात कही। भारत ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा था कि उनकी यात्रा क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है और यह उनकी संकीर्ण मानसिकता वाली राजनीति को प्रदर्शित करती है। इस्लामाबाद में आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि अमेरिका के मिनिसोटा से सांसद सोमालिया मूल की उमर चकोठी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पहुंची, जहां उन्हें 2003 के संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने के लिए पाकिस्तान और भारत की सेनाओं के बीच नये समझौते के पूर्व और बाद की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बृहस्पतिवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, जहां तक मैं समझता हूं सांसद उमर की पाकिस्तान यात्रा अमेरिका सरकार द्वारा प्रायोजित नहीं है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के चार छात्र ट्रूमैन छात्रवृत्ति के लिए चयनित

**ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी**

अमेरिका में 53 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से सार्वजनिक सेवा क्षेत्र में नेतृत्व करने के इच्छुक जिन 58 लोगों को ट्रूमैन स्कोलर्स 2022 के तौर पर चुना गया है, उनमें चार भारतीय हैं। भारतीय-अमेरिकी ट्रूमैन स्कॉलर्स में अमिशा के कम्बाथ, इशिका कौल, अवी गुप्ता और भाव जैन शामिल हैं।

छात्रवृत्ति प्रदाता वेबसाइट के अनुसार इन शोधार्थियों को परास्नातक पढ़ाई के लिए 30,000 डॉलर की राशि दी जाएगी और इसके साथ ही नेतृत्व प्रशिक्षण, करियर काउंसिलिंग तथा संघीय सरकार में विशेष रोजगार अवसर दिए जाएंगे।

ट्रूमैन स्कोलरशिप अमेरिका में सार्वजनिक सेवा के इच्छुक नेताओं के लिए प्रमुख स्नातक छात्रवृत्ति है, जो कॉलेज के उन छात्रों को दी जाती है जिनमें असाधारण नेतृत्व क्षमता है और जो सरकार, गैरलाभकारी या पैरोकारी क्षेत्रों, शिक्षा या जन सेवा के अन्य क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस छात्रवृत्ति को पूर्व राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन की याद में दिया जाता है।

कैलिफोर्निया की अमिशा हार्वर्ड विश्वविद्यालय में सामाजिक अध्ययन और अर्थशास्त्र की पढ़ाई कर रही है जबकि न्यू जर्सी की इशिका वेलेस्ले कॉलेज में अर्थशास्त्र और शांति एवं न्याय की पढ़ाई कर रही हैं। ओरेगन की अवी अमेरिकी राजनीति और कृत्रिम मेधा (एआई) में विशेषज्ञता के साथ ही राजनीतिक विज्ञान और कम्प्यूटर विज्ञान की पढ़ाई कर रही है। पेन्सिलवेनिया के भाव वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली और नैदानिक देखभाल में बदलाव लाने में दिलचस्पी रखते हैं।



● ट्रूमैन स्कोलरशिप अमेरिका में सार्वजनिक सेवा के इच्छुक नेताओं के लिए प्रमुख स्नातक छात्रवृत्ति है

# हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने शुक्रवार को राजस्थान में 300 साल पुराने शिव मंदिर को गिराने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना कांग्रेस पार्टी की धर्मनिरपेक्षता है। भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि करौली और जहांगीरपुरी पर आंसू बहाना और हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता है। मालवीय ने ट्वीट किया, विकास के नाम पर राजस्थान के अलवर में 300 साल पुराने शिव मंदिर को तोड़ा गया। करौली और जहांगीरपुरी पर आंसू बहाना और हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता है।

मालवीय ने कहा कि 18 अप्रैल को प्रशासन ने बिना नोटिस दिए 85 हिंदुओं की संपत्ति पर बुलडोजर चला दिया। मालवीय ने कहा, 18 अप्रैल को राजस्थान के राजगढ़ शहर में प्रशासन ने बिना किसी सूचना के 85 हिंदुओं के पक्के घरों और दुकानों पर बुलडोजर चलाए। जहांगीरपुरी की तुलना में क्या वे चुनिंदा आंसू बहा रहे हैं और अभियान को अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, यह स्वीकार कर रहे हैं कि अतिक्रमणकारी और दंगाई दोनों मुसलमान हैं।



● मालवीय ने ट्वीट किया, विकास के नाम पर राजस्थान के अलवर में 300 साल पुराने शिव मंदिर को तोड़ा गया।

● करौली और जहांगीरपुरी पर आंसू बहाना और हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता है।

पिछले हफ्ते हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान सांप्रदायिक झड़प के बाद उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली के जहांगीरपुरी में अवैध निर्माण और अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाए जाने के बाद दोनों पक्षों में आपस में झगड़ा हो गया। कांग्रेस ने केंद्र पर संवैधानिक अधिकारियों को कमजोर करने का आरोप लगाया क्योंकि वह विध्वंस अभियान पर सुप्रीम कोर्ट के यथास्थिति के आदेश का तुरंत पालन करने में विफल रहा।

इसे संवैधानिक मूल्यों का विध्वंस करार देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रस्तावना की तस्वीर साझा की, और कहा कि इसे बुलडोजर से खतरा है। इससे पहले कांग्रेस नेताओं ने इसे अवमानना और नागरिक एजेंसी और दिल्ली पुलिस द्वारा अवज्ञा की एक बहुत ही खतरनाक मिसाल करार दिया था।

### बाइडेन ने 22 अप्रैल को घोषित किया पृथ्वी दिवस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक उद्घोषणा जारी करते हुए 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस घोषित किया और अमेरिकियों को उन कार्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जो जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करेंगे। पहली बार 1970 में आयोजित किया गया पृथ्वी दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का समर्थन करना है। अर्थ डे डॉट ऑर्ग के अनुसार, शुक्रवार को पृथ्वी दिवस कार्यक्रम 190 से अधिक देशों में आयोजित होने की उम्मीद है, जिसमें 100 करोड़ लोग शामिल होंगे। राष्ट्रपति बाइडेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आक्रामक तरीके से काम नहीं करने के हानिकारक प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने 2020 में बाढ़, बवंडर, जंगल की आग और सूखे जैसे चरम मौसम के साथ-साथ जलवायु आपदाओं के कारण हुए नुकसान को दशार्ने वाले आँकड़ों का हवाला दिया जिसमें अमेरिकी समुदायों का लगभग 145 अरब डॉलर का नुकसान हुआ और सैकड़ों अमेरिकियों की जानें भी गयीं। बाइडेन ने कहा, पर्यावरणीय अन्याय अश्वेत समुदायों, कम आय वाले समुदायों और आदिवासी व स्वदेशी समुदायों को नुकसान पहुंचा रहा है।

# श्रीलंका के रामबुकाना में प्रदर्शनकारी की मौत को लेकर तीन शीर्ष अधिकारियों के तबादले

**रामबुकाना (कोलंबो), एजेंसी**

श्रीलंका पुलिस ने अपने शीर्ष अधिकारियों का उनके कथित कदाचार के लिए तबादला कर दिया जिसके चलते दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र रामबुकाना में हुई हिंसा में प्रदर्शनकारी की मौत हो गई थी। रामबुकाना में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने गोलीबारी कर दी थी। गत मंगलवार को हुई इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए थे।

इसके बाद इस घटना की जांच करके तीन दिन में रिपोर्ट देने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस के प्रवक्ता एसएसपी निहाल थालदुआ ने कहा कि पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विक्रमरत्ने ने जांच का जिम्मा अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि सीआईडी निष्पक्ष जांच करेगी। हिंसा में जान गंवाने वाले 41 वर्षीय चामिंडा लक्षण का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जायेगा। घटना के बाद सरकार ने बृहस्पतिवार को कर्फ्यू हटाने के बाद एहतियात बरतते हुए इलाके में जवानों को तैनात कर दिया है। मारे गये शख्स के अंतिम संस्कार के मद्देनजर ये जवान 23 अप्रैल तक यहां रहेंगे। सवालों से घिरे अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने राजनेताओं के आदेश पर कार्रवाई की, जो प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहते थे। स्वतंत्र मानवाधिकार आयोग ने शुक्रवार को घटनी की जांच के लिए पुलिस प्रमुख चंदाना विक्रमरत्ने को तलब किया। इसके पहले बृहस्पतिवार को स्थानीय मजिस्ट्रेट ने पुलिस पर आरोप लगाया था कि वह प्रदर्शनकारी की मौत से जुड़ी रिपोर्ट के साथ छेड़छाड़ कर रही है। न्यूयॉर्क स्थित मानवाधिकार निगरानी संगठन (एचआरडब्ल्यू) ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की निंदा की है। एचआरडब्ल्यू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून पुलिस या कानून का पालन कराने से जुड़े अन्य अधिकारियों के घातक हथियार का इस्तेमाल करने पर पाबंदी लगाता है, जब तक कि उनकी जान को खतरा ना उत्पन्न हुआ हो।

### गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के कई नागरिक भारत पहुंचे

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के 18 और नागरिक शुक्रवार को भारत पहुंचे। जिले के धनुषकोडी में तड़के पहुंचने वाले इन असहाय परिवारों को मंडपम शरणार्थी शिविर में ठहराया गया है। भारत पहुंचे श्रीलंका के नागरिक देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने वाले गंभीर संकट को लेकर निराश दिखे और उन्होंने बताया कि वह वहां मिल्क पाउडर भी वहन नहीं कर पा रहे थे। साथ ही उन्होंने सरकार पर नागरिकों को लेकर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इन 18 लोगों में बच्चे भी शामिल थे। यह लोग दो जत्थों में दो नावों के जरिए भारत आए। इसके बाद इन लोगों को अरिचलमुनैई ले जाया गया। देश छोड़ने वाले श्रीलंकाई लोगों के नवीनतम जत्थे में शामिल दो महिलाओं ने कहा कि उन्होंने भारत आने के दौरान रास्ते में बारिश का भी सामना किया।

# पथराव के बाद यरुशलम में धर्म स्थल के परिसर में घुसी इजराइली पुलिस

**यरुशलम, एजेंसी**

इजराइल के पुलिसकर्मियों ने फलस्तीनी युवकों द्वारा पथराव किये जाने के बाद यरुशलम स्थित संवेदनशील धर्म स्थल के परिसर में प्रवेश किया। प्रवेशद्वार पर तैनात इजराइली पुलिसकर्मियों पर पथराव किया गया। इस स्थल पर फिर से हिंसा ऐसे समय हुई है, जब इजराइल ने यहूदियों के आगमन पर अस्थायी रोक लगा दी है। फलस्तीनी उनकी यात्रा को उकसावे के रूप में देखते हैं। यह स्थान यहूदियों और मुसलमानों, दोनों के लिए एक पवित्र धर्म स्थल है।

चिकित्सा अधिकारियों ने कहा कि कुछ घंटे तक चली इस झड़प में 24 से अधिक फलस्तीनी घायल हो गए। इस स्थल पर पिछले सप्ताह फलस्तीनियों और इजराइली पुलिस के बीच कई बार झड़प हुई थी। इससे पहले, इजराइल के भीतर हमले हुए थे और वेस्ट बैंक में गिरफ्तारियां की गई थी। विद्रोही समूह हमास के नियंत्रण वाले गाजा पट्टी से इजराइल में तीन रॉकेट दागे गए हैं। दो फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि फलस्तीनी युवकों ने परिसर में जाने वाले एक प्रवेशद्वार पर पुलिस पर पथराव किया। इसके बाद पुलिसकर्मी परिसर में घुस गये, रबर की गोलियां और स्टन ग्रेनेड दागे। इजराइली पुलिस ने कहा कि हमास के झंडे लिए कुछ फलस्तीनियों ने सूर्योदय से पहले पत्थर जमा करने शुरू कर दिये थे। पुलिस ने कहा कि पथराव शुरू होने के बाद, उन्होंने परिसर में प्रवेश करने से पहले सुबह की नमाज समाप्त होने तक इंतजार किया। कुछ वरिष्ठ फलस्तीनी नागरिकों ने युवाओं से पथराव बंद करने का आग्रह किया, लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया गया और दर्जनों नकाबपोश युवकों ने पुलिस पर पथराव किया।

पुलिस ने बताया कि झड़प वाले स्थान पर प्रवेशद्वार के पास एक पेड़ में आग लग गई। पुलिस ने कहा कि फलस्तीनियों द्वारा फेंके गए पटाखों से यह आग लगी। दर्जनों फलस्तीनियों के एक अन्य समूह ने कहा कि वे दोपहर में होने वाली मुख्य साप्ताहिक नमाज से पहले क्षेत्र को खाली कराना चाहते हैं, जिसके बाद हिंसा थम गई। इसके बाद पुलिस द्वार पर वापस चली गई और पथराव बंद हो गया। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट चिकित्सा सेवा ने कहा कि कम से कम 31 फलस्तीनी घायल हो गए, जिनमें 14 को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि एक पुलिसकर्मी के चेहरे पर पत्थर लगा और उसे इलाज के लिए ले जाया गया। यरूशलम के पुराने शहर में अल-अक्सा मस्जिद इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल है।

# चीन के साथ हुए समझौते को लेकर चिंताओं पर चर्चा करने को अधिकारी सोलोमन द्वीप समूह पहुंचे

**वेलिंग्टन, एजेंसी**

अमेरिका का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अपनी यह चिंता व्यक्त करने के लिए सोलोमन द्वीप समूह पहुंचा कि चीन दक्षिण प्रशांत स्थित इस देश में सैन्य बल भेज सकता है और क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है। यह यात्रा चीन और सोलोमन द्वीप समूह द्वारा इसकी पुष्टि किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है कि उन्होंने एक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस घटनाक्रम ने पड़ोसी देशों और पश्चिमी देशों को चिंतित कर दिया है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर्ट कैंपबेल कर रहे हैं जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद हिंद-प्रशांत समन्वयक और पूर्वी एशियाई एवं प्रशांत मामलों के सहायक विदेश मंत्री डैनियल क्रिटेनब्रिंक कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान, अमेरिका राजधानी होनियारा में एक दूतावास को फिर से खोलने की योजना पर भी चर्चा करेगा, क्योंकि वह चीन के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश में है। दूतावास 1993 से बंद है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा समझौते की व्यापक प्रकृति चीन के लिए सैन्य बलों को भेजने का दरवाजा खोलती है।

पुन्हाना नगरपालिका से चैयरमैन पद के भावी प्रत्याशी जुबेर खान पार्षद की ओर से
रमजान माह की
हार्दिक शुभकामनाएं
जुबेर खान
संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा, नूंह
सम्पर्क: 9812195786

Saraswati International School
Sec -74, B.P.Khatola Gurugram
Affiliated to C.B.S.E
(Aff. No. 530935)
Admission open for Nursery to XII Session 2022-23
Welcome back to School
Contact: 7065005743/0124-2971377
Web: www.saraswatiinternational.co.in
Email: saraswatiinternational12@gmail.com

LIC health insurance car insurance
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Sumit Malhotra
Ph. 92158 52222
99966 39991
Shop Number 9 Deep Plaza Near District Court Gurgaon

M2M DIESEL SERVICE
Authorised Service Dealer DTVS-FIE
Delphi-TVS LIS
KULDEEP MEHRA
PROPRIETOR
+91- 9899755499
m2m.dieselservice@gmail.com
Ground Floor, Near Sisothya Automobiles Tata Motors, NH-8, V-Khaliawas, Rewari, Haryana-123106

SAPNA MOTORS
BUY | SALE | EXCHANGE PRE OWNED CARS
PURUSHOTAM SAINI
+91 9810545350
Purushotam5350@gmail.com
SECTOR 31, SHOP NO. 106-P HUDA MARKET, GURUGRAM (HR)

M. 9899415499
MEHRA DIESEL & SERVICES
AUTHORISED DEALER
Lucas TVS DRIVEN | HOLSET TURBOCHARGERS | Honeywell Garrett
H.Off. 36 Mile Stone, NH-8, Near Subway,Near IOL Petrol Pump, Opp. Naharpur, Delhi Jaipur Road, Gurgaon (Haryana) India
Mobile: 9399415499 | Email.: mehra.diesel99@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129